24 वर्षों से देश के लिये समर्पित.....

हिन्दी दैनिक

यूथ इंडिया

सच्चाई की दहकती आग...

Youth India News Group

लखनऊ से प्रकाशित

रविवार | 25 अक्टूबर 2026

मूल्य 5.00 रुपये

वर्ष: 10 | अंक: 157 | पृष्ठ: 12

आरएनआई नं.: UPHIN/2016/68199

3 सख्त संदेश : कानून व्यवस्था.....

6 'चिड़ियों का लोकतंत्र': सत्ता, समाज.....

11 आवास विकास में पूर्व विधायक.....



तापमान मीटर

नई दिल्ली	20°	32°
कोलकाता	26°	33°
चेन्नई	27°	35°
मुंबई	28°	38°
लखनऊ	18°	32°

शेयर बाजार

सेंसेक्स 73123.83

निफ्टी 22600.00

सर्राफा बाजार

सोना 1,45,080.00 रुपए प्रति दस ग्राम

चांदी 2,30,000.00 रुपए प्रति किलो

एक नजर

फ्रांस में हिंसा की आशंका, 70 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात

पेरिस। फ्रांस में विरोध प्रदर्शनों के बीच हिंसा रोकने के लिए सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। देशभर में करीब 70,000 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। अधिकारियों को आशंका है कि प्रदर्शन के दौरान फिर से आगजनी, तोड़फोड़ और लूटपाट की घटनाएं हो सकती हैं।

निकाय चुनावों से पहले सियासी घमासान तेज

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में नवंबर में प्रस्तावित कोलकाता नगर निगम और हावड़ा नगर निगम चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस से जुड़े अलग-अलग धड़ों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ने का दावा किया जा रहा है।

इकबाल कासकर के जब्त फ्लैट पर कब्जे की कोशिश

ठाणे। अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर से जुड़े एक फ्लैट पर कुछ लोगों ने कथित तौर पर कब्जा कर लिया। प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि मामले में संबंधित लोगों के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

वर्मा और नीतीश की तूफानी पारियों ने लगाया जीत का तिलक

यूथ इंडिया, क्राइस्टचर्च

भारतीय क्रिकेट टीम ने ऐसा रोमांचक मुकाबला जीता, जिसमें एक समय जीत की उम्मीद लगभग खत्म होती दिखाई दे रही थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 14.5 ओवर में 112 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे।

टीम को जीत के लिए 31 गेंदों में 69 रन की जरूरत थी और मैदान पर मौजूद दर्शकों से लेकर टीवी पर मैच देख रहे प्रशंसकों तक को लगने लगा था कि अब मुकाबला हाथ से निकल सकता है। लेकिन तिलक वर्मा और नीतीश रेड्डी ने हार मानने के बजाय आक्रामक बल्लेबाजी का रास्ता चुना। दोनों ने दबाव के बीच



रन बनाने की रफ्तार बढ़ाई और आखिरी ओवर की एक गेंद शेष रहते भारत को जीत दिला दी। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली।

भारत की पारी को संभालने की जिम्मेदारी तिलक और नीतीश ने उस समय उठाई, जब टीम मुश्किल स्थिति में थी। दोनों ने क्रीज पर टिककर खेलने के साथ खराब गेंदों को बाउंड्री के पार पहुंचाने की रणनीति अपनाई।

तिलक वर्मा ने 26 गेंदों पर नाबाद 51 रन की पारी खेली, जबकि नीतीश रेड्डी ने 13 गेंदों में 26 रन बनाकर उनका शानदार साथ दिया। दोनों की साझेदारी ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। जिस लक्ष्य तक पहुंचना एक समय बेहद मुश्किल लग रहा था, उसके लिए भारतीय बल्लेबाजों ने अंतिम ओवरों में तेजी से रन जुटाए। करीब 40 मिनट तक चली इस साझेदारी में तिलक और नीतीश ने गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा और न्यूजीलैंड को वापसी का मौका नहीं दिया।

मैच का निर्णायक मोड़ 19वें ओवर में आया, जब न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नाथन गेंदबाजी करने पहुंचे। 18 ओवर पूरे होने के बाद भारत का स्कोर 152 रन था और छह विकेट गिर चुके थे। तिलक ने ओवर की पहली गेंद पर चौका लगाया। दूसरी गेंद पर भी उन्हें चार रन मिले, जबकि तीसरी गेंद पर वह चूक गए।

इसके बाद चौथी गेंद पर फिर चौका जड़कर उन्होंने रन गति बनाए रखी। पांचवीं गेंद पर गेंदबाज ने उन्हें चकमा दिया, लेकिन आखिरी गेंद पर तिलक ने छक्का लगाकर भारतीय खेमे में उत्साह भर दिया।

दिवाली सीजन में 10 हजार करोड़ के नुकसान की आशंका

यूथ इंडिया, नई दिल्ली

चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को प्रस्तावित इंडिया ब्लॉक की रैली को टालने की अपील की है। व्यापारिक संगठन ने शनिवार को राहुल गांधी को पत्र लिखकर रैली की तारीख 10 नवंबर के बाद रखने का आग्रह किया। ष्टज्ञढ्ढ का कहना है कि रैली दिवाली के प्रमुख कारोबारी सीजन के दौरान आयोजित होने से दिल्ली के व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

संगठन ने आशंका जताई है कि रैली के कारण बाजारों में आवागमन प्रभावित होने, ग्राहकों की आवाजाही घटने और कारोबार में बाधा आने से करीब 10 हजार करोड़ रुपये तक का व्यापारिक नुकसान हो सकता है। इसी आधार पर संगठन ने राजनीतिक कार्यक्रम की तारीख बदलने की मांग की है, ताकि त्योहार के दौरान व्यापारिक गतिविधियां सामान्य रूप से चलती रहें।

दरअसल, इंडिया ब्लॉक ने 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में विशेष गहन पुनरीक्षण और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरोध में रैली आयोजित करने की योजना बनाई है। इस कार्यक्रम में विपक्षी दलों के नेताओं और समर्थकों के जुटने की संभावना है।

सीटीआई ने अपने पत्र में कहा है कि दिवाली का समय दिल्ली के कारोबारियों के लिए साल के सबसे महत्वपूर्ण व्यावसायिक दौर में शामिल है। इस दौरान बाजारों में खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में ग्राहक पहुंचते हैं और दुकानदारों की बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होती है।

टेक्नोलॉजी से न्याय व्यवस्था को मिलेगा नया विस्तार

- **लखनऊ में लेक्सक्यू सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ**

यूथ इंडिया, लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टेकसंगम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होकर क्वांटम फॉरेंसिक्स और विधिक अनुपालन पर आधारित लेक्सक्यू सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ किया। इस पहल को तकनीक के माध्यम से न्याय व्यवस्था को अधिक आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



कार्यक्रम में एआई इन कंस्ट्रक्शन पुस्तक का विमोचन किया गया। साथ ही विभिन्न संस्थानों के बीच शिक्षक आदान-प्रदान, संयुक्त प्रमाणन, शोध और अंतरराष्ट्रीय अनुभव के अवसर बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टेकसंगम और लेक्सक्यू जैसी पहलें विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को नई दिशा देंगी। उन्होंने कहा कि प्रयोगशालाओं को कानून से जोड़ने, सहमति प्रबंधन ढांचे और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से विज्ञान, शिक्षा और न्याय व्यवस्था में नवाचार के नए अवसर पैदा होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शोध, नवाचार, उद्योगों के साथ सहयोग और विश्वस्तरीय शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। तकनीक और कानून का समन्वय भविष्य में न्यायिक प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, वैज्ञानिक और प्रभावी बनाने में सहायक होगा।

दो महीने में गगनयान की पहली मानवरहित उड़ान

यूथ इंडिया, नई दिल्ली

भारत के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन 'गगनयान' की पहली मानवरहित परीक्षण उड़ान अगले दो महीनों के भीतर आयोजित किए जाने की योजना है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। श्री रामचंद्र उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र के दीक्षांत समारोह के बाद उन्होंने बताया कि गगनयान-1 मिशन को एचएलवीएम-3 रॉकेट की मदद से श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया जाएगा।

इस उड़ान का उद्देश्य अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने से पहले मिशन की विभिन्न प्रणालियों की सुरक्षा और विश्वसनीयता का परीक्षण करना है।



यह भारत के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम की दिशा में एक महत्वपूर्ण चरण होगा।

गगनयान-1 एक मानवरहित परीक्षण मिशन होगा, जिसमें 'व्योममित्र' नाम के अर्ध-मानव रोबोट को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजा जाएगा। इस मिशन में मानव उड़ान के लिए तैयार किए गए एचएलवीएम-3 रॉकेट और स्वदेशी क्रू मॉड्यूल का इस्तेमाल किया जाएगा।

इसरो अब तक मिशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण परीक्षण कर चुका है। इनमें पैराशूट प्रणाली की मदद से क्रू मॉड्यूल को सुरक्षित उतारने से जुड़े परीक्षण, क्रू मॉड्यूल और सर्विस मॉड्यूल को अलग करने की प्रक्रिया, एपेक्स कवर का पृथक्करण और क्रू मॉड्यूल को सही स्थिति में लाने वाली प्रणाली का परीक्षण शामिल है।

पीयूष गोयल ने अभिजीत दीपके पर कसा तंज

यूथ इंडिया, नई दिल्ली

बोले- ऐसे लोग हमारे लिए सिरदर्द बन जाएंगे

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने जर्मनी की राजधानी बर्लिन में भारतीय प्रतिभाओं को देश वापस लाने की रणनीति पर चर्चा करते हुए कॉकरोच जनता पार्टी के नेता अभिजीत दीपके पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि भारत को विदेशों में काम कर रहे शीर्ष वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और आईटी विशेषज्ञों को वापस लाने के लिए प्रभावी पहल करनी चाहिए, लेकिन ऐसी योजनाओं का दुरुपयोग रोकने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्यान में रखने की भी जरूरत है।



गोयल ने चीन की एक सरकारी पहल का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां विदेशों में काम कर रहे विशेषज्ञों को वापस बुलाने के प्रयास किए जाते हैं। हालांकि, उन्होंने चीन और भारत की व्यवस्थाओं के बीच अंतर का जिक्र करते हुए कहा कि भारत में ऐसी योजनाएं बनाते समय लोकतांत्रिक मूल्यों का ध्यान रखना होगा।

गोयल ने कहा कि दुनिया के कई देशों में भारतीय प्रतिभाएं काम कर रही हैं, लेकिन उन्हें वापस लाने के साथ यह भी सुनिश्चित करना होगा कि सरकारी योजनाओं का गलत इस्तेमाल न हो। चीन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां लोग ऐसी पहलों के दुरुपयोग को लेकर आशंकित रहते हैं।

जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत भी चीन की तरह कोई कार्यक्रम शुरू करेगा, तो उन्होंने इसे अच्छी पहल बताया, लेकिन कहा कि लोकतंत्र और तानाशाही के बीच अंतर को समझना जरूरी है।

हाई कोर्ट से हार कर थाने पहुंचीं नेहा बोरा

- **50-60 लोगों से धमकी मिलने का दावा**

यूथ इंडिया, नई दिल्ली

ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष नेहा बोरा शनिवार, 24 अक्टूबर को हाई कोर्ट में उनकी याचिका खारिज होने के बाद स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट के सामने पेश होने के लिए दिल्ली के मंदिर मार्ग थाने पहुंचीं। सुनवाई के बाद नेहा बोरा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा किया। इसमें उन्होंने दावा किया कि जब वह थाने के बाहर पहुंचीं, तो वहां करीब 50 से 60 लोग मौजूद थे, जिन्होंने उन्हें धमकी दी। नेहा के मुताबिक, भीड़ में शामिल लोग लाउडस्पीकर पर उनके खिलाफ नारे लगा रहे थे और उन्हें थाने आने पर देख लेने की चेतावनी दे रहे थे।

वीडियो में अपनी आपबीती बताते हुए नेहा बोरा ने कहा कि उन्हें 24 अक्टूबर को स्श्वरू कोर्ट में सुनवाई के लिए मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन पहुंचना था। उनके अनुसार, थाने से करीब 100 मीटर पहले ही उन्हें बाहर लोगों की भीड़ दिखाई देने



लगी थी। नेहा ने आरोप लगाया कि वहां मौजूद लोग लाउडस्पीकर पर ऐलान कर रहे थे कि अगर वह उस दिन वहां पहुंचीं, तो उन्हें कौन बचाएगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि भीड़ की ओर से उनके खिलाफ 'नेहा बोरा मुर्दाबाद' के नारे लगाए जा रहे थे। हालांकि, ये आरोप नेहा बोरा की ओर से साझा किए गए वीडियो में किए गए दावों पर आधारित हैं।

नेहा बोरा ने अपने वीडियो में पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पुलिस स्टेशन के बाहर इतनी बड़ी संख्या में लोगों के जमा होने के बावजूद उन्हें हटाने के लिए कार्रवाई नहीं की गई। नेहा ने सवाल किया कि शांति भंग करने का मतलब आखिर क्या है और क्या पुलिस थाने के बाहर किसी को धमकी देना कानून-व्यवस्था से जुड़ा मामला नहीं है।

वोटर लिस्ट में गड़बड़ी पर चुनाव आयोग का एक्शन

- **कंप्यूटर ऑपरेटर और 5 बीएलओ हटाए गए**
- **अखिलेश की शिकायत पर ईसी ने लिया ऐक्शन**

यूथ इंडिया, आजमगढ़

जिले में मतदाता सूची में विकास यादव नाम की कई प्रविष्टियां मिलने के मामले में निर्वाचन आयोग ने कार्रवाई की है। जांच के बाद एक कंप्यूटर ऑपरेटर और पांच बूथ लेवल अधिकारियों को मतदाता सूची से जुड़े काम से हटा दिया गया है। इन कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

इसके अलावा, मामले में तत्कालीन दो निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और एक सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की भूमिका भी जांच के दायरे में आई है। जिला निर्वाचन अधिकारी को पूरे जिले की मतदाता सूचियों की जांच कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

यह मामला तब सामने आया जब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों का मुद्दा उठाया। पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में विकास यादव नाम के एक युवक को पेश करते हुए आरोप लगाया था कि एक ही विधानसभा क्षेत्र में उसके नाम पर कई जगह वोट दर्ज हैं। इसके बाद



निर्वाचन आयोग ने मामले का संज्ञान लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी से जांच रिपोर्ट मांगी।

जांच में विकास यादव नाम से कई प्रविष्टियां सामने आईं। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, एक प्रविष्टि में संबंधित व्यक्ति का वास्तविक नाम विकास यादव पाया गया, जबकि अन्य 10 लोगों के नाम और विवरण में त्रुटियां मिलीं। इन विवरणों को ठीक कराने के लिए फॉर्म-8 भरवाया गया है।

जांच के दौरान कंप्यूटर ऑपरेटर और पांच बीएलओ की लापरवाही सामने आने के बाद उन्हें मतदाता सूची से संबंधित कार्यों से हटाने का फैसला लिया गया। संबंधित कर्मचारियों को नोटिस जारी करने और सेवा संबंधी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 32 के तहत कार्रवाई और एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया भी की जाएगी। निर्वाचन विभाग का उद्देश्य यह पता लगाना है कि मतदाता सूची में गलत प्रविष्टियां किस स्तर पर हुई और इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

जामिया के 5 छात्रों की भूख हड़ताल 13वें दिन भी जारी

यूथ इंडिया, नई दिल्ली

जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में छात्र संघ बहाल करने और चीफ प्रॉक्टर को हटाने की मांग को लेकर पांच छात्रों की भूख हड़ताल शनिवार को 13वें दिन भी जारी रही। प्रदर्शनकारी छात्र जामिया मिलिया इस्लामिया स्टूडेंट्स यूनियन को दोबारा बहाल करने की मांग कर रहे हैं। यूनिवर्सिटी की छात्र यूनियन को मार्च 2006 में भंग कर दिया गया था।

इस बीच, विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी कोर्स की कक्षाएं तत्काल



प्रभाव से अगले आदेश तक ऑनलाइन संचालित करने का फैसला किया है। इस संबंध में जारी नोटिस में डीन, विभागाध्यक्षों, निदेशकों, शिक्षकों और नियमित छात्रों को ऑनलाइन कक्षाओं के निर्धारित शेड्यूल का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

यूनिवर्सिटी के नोटिस में शिक्षकों से ऑनलाइन कक्षाओं की व्यवस्था करने और विद्यार्थियों को जरूरी सहायता उपलब्ध कराने को कहा गया है। वहीं, गेट नंबर 7 के बाहर लगाए गए एक नोटिस में विश्वविद्यालय के सभी गेट, कैंटीन और लाइब्रेरी अगले आदेश तक बंद रखने की जानकारी दी गई है।

दूसरी ओर, प्रदर्शन स्थल को खाली कराए जाने को लेकर भी रिपोर्ट्स सामने आई हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि प्रशासन ने प्रदर्शन खत्म कराने के लिए छात्रों को वहां से हटाया।

पाकिस्तान में एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़े, 12 किलो का सिलेंडर 7 हजार रुपए तक पहुंचा

यूथ इंडिया, इस्लामाबाद

पाकिस्तान में एलपीजीकी किल्लत के बीच घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है। 12 किलो के सिलेंडर का दाम कुछ ही दिनों में 4,500 पाकिस्तानी रुपए से बढ़कर करीब 7,000 रुपए हो गया है। गैस की कीमतों में इस उछाल से आम लोगों के घरेलू बजट पर दबाव बढ़ गया है। इसकी प्रमुख वजह ईरान से पाकिस्तान को होने वाली एलपीजी की सप्लाई का रुकना बताया जा रहा है। दोनों देशों के बीच दो अहम सीमा चौकियां 17 अक्टूबर से बंद हैं, जिससे गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है।

रॉयटर्स के मुताबिक, सीमा चौकियां बंद करने को लेकर पाकिस्तान और



ईरान ने अलग-अलग कारण बताए हैं। पाकिस्तान ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं और तस्करी रोकने के लिए सीमा बंद करने की बात कही है, जबकि ईरान ने इसके पीछे तकनीकी कारण बताए हैं। पाकिस्तान अपनी कुल एलपीजी जरूरत का करीब 50 फीसद हिस्सा ईरान से आयात करता है। ऐसे में सीमा पर आवाजाही रुकने और सप्लाई बाधित होने से बाजार में गैस की उपलब्धता प्रभावित हुई है। इसका असर सीधे तौर पर उपभोक्ताओं को चुकानी पड़ रही कीमतों में दिखाई दे रहा है।

पाकिस्तान अपनी कुल एलपीजी जरूरत का करीब 70 फीसद हिस्सा विदेशों से आयात करता है। ईरान के अलावा इराक और ओमान से भी देश को गैस की आपूर्ति होती है। पाकिस्तान के पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक के मुताबिक, देश में रोजाना करीब 6,500 से 7,000 टन एलपीजी की जरूरत होती है। इसमें से लगभग 2,000 से 2,500 टन गैस घरेलू स्तर पर तैयार होती है, जबकि शेष मांग आयात से पूरी की जाती है। होर्मुज स्ट्रेट में ईरान से जुड़े युद्ध के कारण पैदा हुई बाधाओं से इराक और ओमान से होने वाला आयात भी प्रभावित हुआ है, जिससे आपूर्ति पर अतिरिक्त दबाव पड़ा है।

छह साल के लिए जेडीयू से निष्कासित केये गये अनंत सिंह

- **पत्नी नीलम देवी भी पार्टी से बाहर, विधायकी खत्म करने की सिफारिश**

यूथ इंडिया, नई दिल्ली

बिहार की राजनीति में मोकामा विधायक अनंत सिंह को लेकर बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। बिहार विधान परिषद चुनाव में पार्टी लाइन के खिलाफ जाने के आरोप में जनता दल यूनाइटेड ने अनंत सिंह को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने शनिवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। पार्टी ने अनंत सिंह की पत्नी और पूर्व विधायक नीलम देवी को भी निष्कासित कर दिया है। इसके साथ ही अनंत सिंह की विधानसभा सदस्यता



समाप्त करने की अनुशंसा करते हुए विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार को पत्र लिखा गया है। अनंत सिंह पटना जिले की मोकामा विधानसभा सीट से छह बार विधायक रह चुके हैं।

जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, अनंत सिंह पिछले कुछ दिनों से लगातार पार्टी के निर्देशों की अवहेलना कर रहे थे। उन पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ अमर्यादित और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप भी लगाया गया है।

ट्रेनिंग के दौरान हवा में टकराए वायुसेना के दो विमान

यूथ इंडिया, मनीला

फिलीपींस में शुक्रवार को वायुसेना के प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान बड़ा विमान हादसा हो गया। ट्रेनिंग के लिए उड़ान भर रहे वायुसेना के दो एसएफ-260 विमान हवा में आपस में टकरा गए। इस दर्दनाक हादसे में दोनों विमानों में सवार चारों पायलटों की मौत हो गई। हादसा दोपहर करीब 3:51 बजे मनीला के दक्षिण में लीपा शहर स्थित फर्नांडो एयर बेस के पास हुआ।

दुर्घटना के बाद दोनों विमान एयर बेस के अंदर जा गिरे। हादसे की गंभीरता को देखते हुए फिलीपीन वायुसेना ने तत्काल मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना ने सैन्य प्रशिक्षण के दौरान विमान सुरक्षा और उड़ान संचालन से जुड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों



स्स्र-260 विमान प्रशिक्षण के दौरान कम ऊंचाई पर उड़ान भर रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच टक्कर हो गई और वे दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हादसे के बाद विमानों का मलबा एयर बेस परिसर में फैल गया।

एक विमान के टुकड़े सैन्यकर्मियों के बैरक के पास भी गिरे। घटना के बाद सैन्य अधिकारियों ने दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू की। फिलहाल, टक्कर के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। अधिकारियों की जांच में उड़ान के दौरान परिस्थितियों और संभावित तकनीकी कारणों की पड़ताल की जाएगी।

हादसे के बाद फिलीपीन वायुसेना ने स्स्र-260 विमानों की उड़ानों पर अस्थायी रोक लगा दी है। अधिकारियों के मुताबिक, जांच पूरी होने और सुरक्षा संबंधी आवश्यक आकलन किए जाने तक इन विमानों को उड़ान भरने की अनुमति नहीं होगी। स्स्र-260 इटली में निर्मित प्रशिक्षण विमान हैं, जिनका इस्तेमाल सैन्य पायलटों को उड़ान का अभ्यास कराने के लिए किया जाता है।

फिलीपींस ने वर्ष 2010-11 के दौरान इटली की एक कंपनी से ऐसे 18 विमान खरीदे थे। इन विमानों के जरिए वायुसेना के पायलटों को प्रशिक्षण दिया जाता है। हादसे के बाद इन विमानों की तकनीकी स्थिति और सुरक्षा प्रक्रियाओं की समीक्षा किए जाने की संभावना है।

जॉर्डन में चर्च पर हमला: भारत ने की कड़ी निंदा

विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, भारत 23 अक्तूबर को जॉर्डन के कराक में एक चर्च पर हुए नृशंस हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करता है

नई दिल्ली। भारत ने शुक्रवार को जॉर्डन के कराक में एक चर्च पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। इस हमले में सात लोगों की मौत हो गई। वहीं, 34 अन्य लोग घायल हो गए। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक आधिकारिक बयान जारी किया। इसमें नई दिल्ली ने हमले को नृशंस और कायरतापूर्ण बताया। मंत्रालय ने मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताई। साथ ही, घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। भारत ने पश्चिम एशिया के इस देश के प्रति एकजुटता भी जताई। बयान में कहा गया कि भारत जॉर्डन की सरकार और वहां के लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है। इसके अलावा, भारत ने दुनियाभर में आतंकवाद से लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

> जॉर्डन के कराक में एक चर्च पर हुए नृशंस हमले से बेहद दुखी हूं। इसमें कई निर्दोषों की दुखद मौत हुई और कई अन्य घायल हो गए। हम मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताते हैं।
>
> *एस जयशंकर, विदेश मंत्री*



विदेश मंत्रालय ने हमले पर क्या कहा?

विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, भारत 23 अक्तूबर को जॉर्डन के कराक में एक चर्च पर हुए नृशंस हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करता है। इस हमले में कई निर्दोष लोगों की दुखद मौत हुई और कई अन्य घायल हुए। हम मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताते हैं। साथ ही, इस कायरतापूर्ण हमले में घायल हुए लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। बयान में आगे कहा गया, इस मुश्किल घड़ी में भारत जॉर्डन की सरकार और वहां के मित्रवत लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है। हम आतंकवाद के सभी रूपों और तरीकों के खिलाफ लड़ाई के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता भी दोहराते हैं।

एस जयशंकर ने क्या कहा?

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी इस घटना पर दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, कल जॉर्डन के कराक में एक चर्च पर हुए नृशंस हमले से मैं बेहद दुखी हूं। इस हमले में कई निर्दोष लोगों की दुखद मौत हुई और कई अन्य घायल हो गए। हम मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताते हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उन्होंने आगे लिखा, इस मुश्किल घड़ी में भारत जॉर्डन की सरकार और वहां के मित्रवत लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है। हम आतंकवाद के सभी रूपों और तरीकों के खिलाफ लड़ाई के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता भी दोहराते हैं।

चर्च में कैसे हुआ हमला?

अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, जॉर्डन के कराक में हुए हमले में सात लोगों की मौत हुई और 34 लोग घायल हुए। बंदूकधारियों ने एक चर्च में अंतिम संस्कार की रस्म के दौरान गोलीबारी की। यह हमला हमूद गांव में स्थित ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च पर हुआ।

जॉर्डन के राजा ने क्या कहा?

जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला बिन हुसैन द्वितीय ने इस घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि कराक में हुए हमले का सबसे कड़ा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा, जो लोग यह भ्रम पाल रहे हैं कि वे अपनी गोलियों से जॉर्डन के लोगों को बांट सकते हैं, उन्हें हमारी एकता के सामने कोई सफलता नहीं मिलेगी। उत्तर से दक्षिण तक सभी जॉर्डनवासी इस जमीन और अपने भविष्य के साझेदार हैं। उनके बीच कोई चीज दीवार नहीं बन सकती।

आतंकवाद के आरोपी को इतनी छूट क्यों दी गई: अमेरिकी नागरिक की रिहाई पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को अमेरिकी नागरिक मैथ्यू वैनडाइक की रिहाई पर सवाल उठाए। वैनडाइक म्यांमार में हथियारों का प्रशिक्षण देने के मामले में आरोपी है। कांग्रेस ने पूछा कि आतंकवाद के आरोपी किसी विदेशी नागरिक को इतनी छूट क्यों दी जा रही है? कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने इस मामले पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसा तब कर रही है, जब वह वोट चोरी के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले युवाओं को गिरफ्तार कर रही है।



रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा, भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार अमेरिकी नागरिक मैथ्यू वैनडाइक को कल रिहा कर दिया गया। उसे चार महीने के लिए अपने देश लौटने की अनुमति दी गई। आतंकवाद के आरोपी किसी विदेशी नागरिक को इतनी छूट क्यों दी गई? रमेश ने आगे कहा, यह सब ऐसे समय में हो रहा है, जब सरकार ने पिछले महीने वोट चोरी के खिलाफ हुए प्रदर्शनों के दौरान युवा कार्यकर्ताओं और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेने और गिरफ्तार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। कांग्रेस नेता ने बताया कि मई में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की पिछली भारत यात्रा के दौरान यह मुद्दा उठाया गया था। रुबियो इसी सप्ताह फिर भारत आए थे। वैनडाइक की रिहाई के बाद रमेश ने पिछले महीने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा था। उन्होंने प्रधानमंत्री को समझौता कर चुके प्रधानमंत्री बताया था। रमेश ने दावा किया था कि अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने मई में भारत का दौरा किया था। उस दौरान भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने विदेश सचिव विक्रम मिस्री के सामने यह मुद्दा उठाया था। रमेश के मुताबिक, आठ सितंबर को वैनडाइक के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम यानी यूएपीए के तहत लगे आरोप हटा दिए गए थे।

हिमाचल को केंद्र सरकार की बड़ी सौगात, 320 नई पीजी मेडिकल सीटों को मंजूरी



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राज्य के छह सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 320 नई स्नातकोत्तर (पीजी) मेडिकल सीटों को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार करीब 415 करोड़ का अनुदान देगी। शनिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इससे प्रदेश के युवाओं को विशेषज्ञ चिकित्सा शिक्षा के अधिक अवसर मिलेंगे और राज्य में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ेगी। जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में चिकित्सा शिक्षा के विस्तार और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में 320 नई पीजी सीटों की मंजूरी इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे सर्जरी, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग और कैंसर सहित विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार से इस संबंध में प्रस्ताव 23 जून 2026 को प्राप्त हुआ था। इसके बाद छह अक्टूबर को एम्स बिलासपुर के दीक्षांत समारोह के दौरान मुख्यमंत्री के साथ इस विषय पर चर्चा हुई। अब केंद्र सरकार ने प्रस्तावित सभी 320 सीटों को मंजूरी दे दी है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रस्ताव पर तेजी से कार्रवाई की है। अब राज्य सरकार को भी स्वीकृत सीटों को शुरू करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं समयबद्ध तरीके से पूरी करनी चाहिए, ताकि विद्यार्थियों और प्रदेश की जनता को जल्द लाभ मिल सके। मंजूर की गई 320 पीजी मेडिकल सीटों में शिमला के हिस्से में 91 सीटें आई हैं। टांडा और हमीरपुर के मेडिकल कॉलेजों में 57-57 सीटें, मंडी में 55, नाहन में 32 और चंबा में 28 सीटें बढ़ाई जाएंगी।



भारत ने दूसरे टी20 में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया, 5 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाई।

चीनी घुसपैठ के दावे पर बरसे असदुद्दीन ओवैसी

मोदी सरकार से मांगा जवाब, कर दी संसद के विशेष सत्र को बुलाने की मांग

नई दिल्ली : ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन सीमा की स्थिति को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सीमा पर चीनी सैनिकों की गतिविधियों और भारतीय जवानों व आम नागरिकों को रोके जाने की खबरों पर सरकार देश को पूरी जानकारी नहीं दे रही है। ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार से पूछा है कि अरुणाचल प्रदेश में आखिर क्या हो रहा है और अब तक इस मामले में क्या कदम उठाए गए हैं। उन्होंने सीमा की स्थिति पर संसद में चर्चा कराने और पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट सामने रखने की मांग भी की है। ओवैसी ने कहा कि भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की ओर से अरुणाचल प्रदेश में चीनी सेना के साथ लगातार टकराव की बात सामने आना गंभीर चिंता का विषय है। उनका कहना है कि जब सीमा पर इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, तो सरकार को देश के सामने पूरी तस्वीर रखनी चाहिए। ओवैसी ने यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने पहले भी इस मुद्दे पर सवाल पूछे थे, लेकिन उन्हें अब तक संतोषजनक जवाब नहीं मिला। एआईएमआईएम प्रमुख ने सरकार से उन इलाकों के नाम बताने को कहा है, जहां चीनी सैनिकों के घुसने की खबरें सामने आई हैं।



> अरुणाचल प्रदेश में आखिर क्या हो रहा है और अब तक इस मामले में क्या कदम उठाए गए हैं? सीमा की स्थिति पर संसद में चर्चा कराई जाए और पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट सामने रखी जाए।
>
> *असदुद्दीन ओवैसी, एआईएमआईएम प्रमुख*

उन्होंने पूछा कि क्या भारतीय गश्ती दलों और स्थानीय नागरिकों को इन इलाकों में जाने से रोका गया है और क्या चीनी सैनिक वहां से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। ओवैसी यह भी जानना चाहते हैं कि ऐसी स्थिति कब से बनी हुई है और चीन के साथ बातचीत के दौरान भारत सरकार ने इस मुद्दे को किस तरह उठाया है।

डंपर में डीजल भरते समय लगी आग, पांच मजदूरों की गई जान

पिनाकोटा : आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में सड़क निर्माण स्थल पर आग लगने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। यह घटना संभवतः एक डंपर ट्रक में ईंधन भरते समय हुई। यह जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को दी। पुलिस अधीक्षक अमित बरदार ने बताया कि यह घटना अनंतगिरी मंडल के पिनाकोटा गांव में हुई। चूंकि यह जगह मुख्य इलाके से लगभग 100 किलोमीटर दूर है, इसलिए यहां काम करने वाले मजदूर अक्सर वाहनों में ईंधन भरने के लिए ड्रमों में डीजल लाते हैं। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि ट्रक की टंकी में ईंधन भरते समय मजदूरों ने पूरी सावधानी न बरती हो, और किसी चिंगारी की वजह से आग लग गई हो।

'भारत को सिर्फ बाजार नहीं मानतीं जर्मन कंपनियां'

गोयल बोले- रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग में साथ बढ़ने की तैयारी

नई दिल्ली : केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जर्मनी के बर्लिन में भारतीय छात्रों और शोधकताओं से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत अब जर्मन कंपनियों के लिए सिर्फ सामान बेचने का बाजार नहीं रह गया है। जर्मनी भारत को मैन्युफैक्चरिंग, रिसर्च और नई तकनीक विकसित करने के बड़े केंद्र के रूप में देख रहा है। जर्मनी की तकनीकी विशेषज्ञता और भारत की प्रतिभा मिलकर दोनों देशों के लिए नए अवसर पैदा कर सकती हैं। पीयूष गोयल ने विदेशों में काम कर रहे भारतीय वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और शोधकताओं को देश लौटने के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार उद्योग जगत, विश्वविद्यालयों और प्रमुख शोध संस्थानों के साथ मिलकर काम करेगी। कोशिश होगी कि भारत में ऐसा माहौल तैयार किया जाए, जहां प्रतिभाशाली लोगों को अपने काम को आगे बढ़ाने के बेहतर अवसर मिलें। मंत्री ने बताया कि भारतीय शोधकताओं से यह समझने की कोशिश की जा रही है कि वे देश लौटने के लिए किन सुविधाओं की उम्मीद करते हैं। उनके मुताबिक, प्रतिभाशाली लोगों को आकर्षित करने के लिए केवल अच्छा वेतन देना काफी नहीं है। बेहतर प्रयोगशालाएं, आधुनिक उपकरण, शोध के लिए जरूरी संसाधन और उद्योगों से जुड़कर काम करने के मौके भी उतने ही जरूरी हैं। गोयल ने कहा कि भारत की युवा आबादी, कुशल पेशेवर और वैज्ञानिक प्रतिभा देश को कई तकनीकी क्षेत्रों में आगे ले जा सकती है।



> भारत अब जर्मन कंपनियों के लिए सिर्फ सामान बेचने का बाजार नहीं रह गया है। वे भारत को मैन्युफैक्चरिंग, रिसर्च और नई तकनीक विकसित करने के बड़े केंद्र के रूप में देख रही हैं।
>
> *पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री*

न्याय और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य से जोड़ना सबसे बड़ी आवश्यकता : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तकनीक की नई संभावनाओं को जनहित, न्याय और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य से जोड़ना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसके लिए साइबर सुरक्षा और फॉरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक अनुसंधान व प्रशिक्षित मानव संसाधन को बढ़ावा देना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि आज उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ में आयोजित टेकसंगम 2026 में प्रतिभाग करूंगा। एआई, साइबर फॉरेंसिक, क्वांटम तकनीक और डेटा प्रोटेक्शन जैसे उभरते क्षेत्रों पर केंद्रित यह आयोजन तकनीकी नवाचार को नागरिक सुरक्षा, प्रभावी न्याय व्यवस्था व डिजिटल ट्रस्ट से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर है। मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश की बदलती कार्य-संस्कृति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले देश की सबसे बड़ी आबादी वाले प्रदेश में केवल दो साइबर थाने और दो फॉरेंसिक लैब थीं। विज्ञान और तकनीक की संभावनाओं का पर्याप्त उपयोग न होने और वैज्ञानिक साक्ष्यों के अभाव में अपराधियों को कानून से बच निकलने का अवसर मिलता था।



रैपिडो राइडर बनकर आतंकियों के लिए करता था काम, एटीएस ने संदिग्ध को दबोचा; मोबाइल से मिले अहम सबूत

मुंबई : महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने मुंबई के माहिम इलाके से 33 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उस पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने का संदेह है। आरोपी की पहचान मोहम्मद हसन अबू सरमद अख्तर के रूप में हुई है। उसे महाराष्ट्र एटीएस की कालाचौकी यूनिट ने एक गुप्त सूचना के आधार पर माहिम मेट्रो स्टेशन के पास से पकड़ा। जांच एजेंसी के अनुसार, आरोपी रैपिडो राइडर और इत्र विक्रेता के तौर पर काम करने की आड़ में कट्टरपंथी विचारधारा का प्रचार कर रहा था। एटीएस का आरोप है कि वह विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए सांप्रदायिक नफरत और देश-विरोधी भावनाएं फैलाने की कोशिश कर रहा था। जांचकताओं को उसके मोबाइल फोन से ऐसी गतिविधियों से जुड़ी सामग्री भी मिली है। एजेंसी के मुताबिक, आरोपी एक टेलीग्राम ग्रुप चलाता था। आरोप है कि एक जून को उसने इस ग्रुप पर जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर के भड़काऊ ऑडियो भाषण अपलोड किए थे, जिनमें बाबरी मस्जिद और अन्य मुद्दों का जिक्र था। एटीएस ने यह भी दावा किया कि वह 'इब्न-ए-कासिम' नाम के एक पाकिस्तान-समर्थित कट्टरपंथी टेलीग्राम चैनल का सक्रिय सदस्य था। यह गिरफ्तारी उस घटना के कुछ महीनों बाद हुई है, जब जुलाई में गुजरात एटीएस ने जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल की जांच के दौरान पांच लोगों को हिरासत में लिया था। इन पांच आरोपियों की पहचान बिलाल आबिदभाई शेरा, मोहम्मद अयूब कदीवाला, मोहम्मद पालनपुरी उर्फ खाली अयूब सुनसारा, शफिया रईस मुखी और मोहम्मद हसन करदिया के रूप में हुई थी।



नलबाड़ी में छह करोड़ की चोरी की दवाएं बरामद

नलबाड़ी (असम)। असम के नलबाड़ी जिले में करीब छह करोड़ रुपये की चोरी की दवाएं बरामद की गई हैं। ये दवाएं गुवाहाटी के सरुसजाई स्थित एक गोदाम से चोरी हुई थीं। पुलिस ने नलबाड़ी जिले के बालिकरिया इलाके में निवारण बर्मन नामक व्यक्ति के घर से दवाओं को जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 19 अक्टूबर को गुवाहाटी के सरुसजाई स्थित एक गोदाम से दवाओं की चोरी हुई थी। इस घटना के बाद संबंधित दवा कंपनी के एक अधिकारी ने वशिष्ठ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान चोरी की दवाओं का पता नलबाड़ी जिले के बालिकरिया स्थित निवारण बर्मन के आवास पर चला, जहां से उन्हें बरामद किया गया।

ईरान की अमेरिका को चेतावनी : फारस की खाड़ी में लौटने का सपना ही देख सकता है वॉशिंगटन

तेहरान। ईरान और अमेरिका के बीच सैन्य तनाव एक बार फिर बढ़ता नजर आ रहा है। ईरान के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ प्रमुख मेजर जनरल अली अब्दुल्लाही ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा है कि वॉशिंगटन केवल फारस की खाड़ी में दोबारा अपनी सैन्य मौजूदगी स्थापित करने का सपना देख सकता है। उन्होंने दावा किया कि ईरानी सेना अमेरिकी नौसेना को इस रणनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करने से रोकने के लिए तैयार है।

ईरान सरकार की अंतरराष्ट्रीय समाचार नेटवर्क प्रेस टीवी के मुताबिक, अब्दुल्लाही ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों पर सवाल उठाते हुए कहा कि अमेरिका की सैन्य ताकत को लेकर किए जा रहे दावे और ईरान की क्षमताओं को लेकर उसके आकलन में विरोधाभास है। हालांकि, अमेरिकी नौसेना की क्षमताओं और क्षेत्र में उसकी मौजूदगी को लेकर ईरानी कमांडर के दावों की स्वतंत्र पुष्टि आवश्यक है। ईरानी सैन्य प्रमुख ने कहा कि उनका देश किसी भी परिस्थिति में अमेरिकी सैन्य जहाजों को फारस की खाड़ी में प्रवेश करने की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी नौसेना की क्षमताओं को ईरानी सैन्य कार्रवाई से गंभीर नुकसान पहुंचा है।



अब्दुल्लाही ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति अपनी सेना और युद्धपोतों की इस क्षेत्र में वापसी की केवल कल्पना कर सकते हैं। उनके बयान से संकेत मिलता है कि तेहरान फारस की खाड़ी और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी का विरोध जारी रखना चाहता है। उन्होंने ट्रम्प के उन बयानों पर भी सवाल उठाया, जिनमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया था कि ईरान की परमाणु सुविधाओं को नष्ट कर दिया गया है।

यूपी के सभी जिलों में साइबर थाने हर मंडल में फॉरेंसिक लैब बनाने की तैयारी तैयारी : सीएम योगी

यूथ इंडिया, लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि साइबर सुरक्षा और फॉरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाकर अपराधों की जांच को अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में साइबर थाने स्थापित किए जा चुके हैं और अब प्रत्येक मंडल में फॉरेंसिक लैब स्थापित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों को सजा दिलाने के साथ युवाओं के लिए शिक्षा, अनुसंधान और रोजगार के नए अवसर तैयार करना है।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में आयोजित होने वाला 'टेकसंगम 2026' तकनीकी नवाचार को नागरिक सुरक्षा और न्याय व्यवस्था से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस आयोजन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर फॉरेंसिक, क्वांटम तकनीक और डेटा सुरक्षा जैसे उभरते विषयों पर चर्चा होगी।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तकनीक की नई संभावनाओं का उपयोग जनहित, न्याय और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए किया जाना चाहिए। इसके लिए आधुनिक तकनीकी संसाधनों के साथ वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रशिक्षित मानव संसाधन को बढ़ावा देना आवश्यक है। टेकसंगम में देश-विदेश के वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों, नीति-निर्माताओं, विधि विशेषज्ञों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के शामिल होने से साइबर सुरक्षा तथा डिजिटल साक्ष्यों की विश्वसनीयता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श होगा।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में साइबर अपराधों की जांच के लिए केवल दो साइबर थाने और चार फॉरेंसिक लैब थीं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक साक्ष्यों की कमी के कारण अपराधियों को कानून से बच निकलने का अवसर मिलता था और उस समय दोषसिद्धि दर 30 प्रतिशत से भी कम थी। वर्ष 2017 के बाद सरकार ने साइबर सुरक्षा और फॉरेंसिक जांच की व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाए। योगी ने बताया कि अब प्रदेश के सभी 75 जिलों में साइबर थाने स्थापित हैं। इसके साथ ही हर मंडल में फॉरेंसिक लैब स्थापित करने की दिशा में काम आगे बढ़ रहा है। सरकार का मानना है कि तकनीकी संसाधनों और वैज्ञानिक जांच की क्षमता बढ़ने से साइबर अपराधों जैसी नई चुनौतियों से निपटने तथा मामलों में ठोस साक्ष्य जुटाने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि फॉरेंसिक विज्ञान और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान और रोजगार की संभावनाएं बढ़ रही हैं। तकनीकी विशेषज्ञता के माध्यम से न केवल जांच और न्याय प्रक्रिया को मजबूती मिल सकती है, बल्कि युवाओं को नए क्षेत्रों में करियर बनाने के अवसर भी मिलेंगे।

उन्होंने उम्मीद जताई कि टेकसंगम 2026 अनुसंधान संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों और उद्योग जगत के बीच सहयोग को बढ़ावा देगा। साथ ही उभरती तकनीकों के जिम्मेदार इस्तेमाल, डिजिटल सुरक्षा और नागरिकों के डेटा की रक्षा को लेकर भी सार्थक चर्चा होगी। मुख्यमंत्री के अनुसार, ऐसे प्रयास भारत को नई तकनीकों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और नागरिकों के जीवन को अधिक सुरक्षित व सुगम करने में सहायक हो सकते हैं।

ब्रिटेन के बुजुर्गों से सात करोड़ की साइबर ठगी, ईडी ने आरोपियों की 3.72 करोड़ की संपत्ति जब्त की

यूथ इंडिया, लखनऊ



ब्रिटेन के बुजुर्गों को इंटरनेट की स्पीड बढ़ाने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले अंतरराष्ट्रीय साइबर गिरोह के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कार्रवाई की है। ईडी ने आरोपियों की करीब 3.72 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। इसमें कोलकाता स्थित भूखंड, फ्लैट, बैंक खातों में जमा रकम और बीमा पॉलिसियां शामिल हैं। मामले की जांच ईडी का प्रयागराज उप क्षेत्रीय कार्यालय कर रहा है।

जांच एजेंसी के मुताबिक, इस गिरोह ने ब्रिटेन के बुजुर्ग नागरिकों को निशाना बनाकर करीब सात करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। आरोपियों ने गोरखपुर और रांची में फर्जी कॉल सेंटर संचालित किए थे। इन कॉल सेंटरों के जरिए ब्रिटेन के लोगों से संपर्क किया जाता था और खुद को वहां की दूरसंचार कंपनी बीटी ओपनरीच का प्रतिनिधि बताकर इंटरनेट की गति बढ़ाने का भरोसा दिया जाता था।

ईडी ने गोरखपुर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी और आरोपपत्र के आधार पर धनशोधन के मामले की जांच शुरू की। इस प्रकरण में अनिक दत्ता, आकाश गुप्ता और आदित्य मिश्रा समेत अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं। आरोप है कि गिरोह ने ग्लोबर्ड कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड और जुबिलेट इंफो प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से फर्जी कॉल सेंटर चलाए।

जांच के अनुसार, आरोपी पीड़ितों को इंटरनेट सेवा बेहतर करने के नाम पर एनीडेस्क और क्विक असिस्ट जैसे रिमोट एक्सेस एप डाउनलोड करने के लिए कहते थे। इन एप के जरिए उन्हें पीड़ितों के कंप्यूटर या अन्य उपकरणों तक दूर से पहुंच मिल जाती थी। इसके बाद बैंकिंग संबंधी जानकारी हासिल कर खातों से रकम निकालने या दूसरे खातों में स्थानांतरित करने का आरोप है।

गिरोह के सदस्य पीड़ितों को साइबर हमले का डर भी दिखाते थे। वे खुद को ब्रिटेन की धोखाधड़ी रिपोर्टिंग सेवा 'एक्शन फ्रॉड' का अधिकारी बताकर लोगों को विश्वास में लेते और उनकी रकम अलग-अलग बैंक खातों में स्थानांतरित कराते थे। बताया गया है कि कॉल सेंटर में काम करने वाले कर्मचारियों को भी इस तरह की ठगी करने का प्रशिक्षण दिया जाता था।

ईडी के मुताबिक, धोखाधड़ी से हासिल रकम को छिपाने और दूसरे देशों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न माध्यमों का इस्तेमाल किया गया। इसमें वेस्टर्न यूनियन, मनीग्राम और हवाला के जरिए धनराशि भारत के अलावा बांग्लादेश और थाईलैंड भेजने की बात सामने आई है। जांच एजेंसी अब आरोपियों की संपत्तियों और कथित अवैध कमाई से जुड़े वित्तीय लेनदेन की पड़ताल कर रही है।

ईडी की कार्रवाई का उद्देश्य कथित अपराध से अर्जित संपत्तियों की पहचान करना और धनशोधन से जुड़े नेटवर्क का पता लगाना है। मामले में आगे की जांच जारी है।

मृतक आश्रित अभ्यर्थियों को दौड़ में मिल सकता है अतिरिक्त समय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस में मृतक आश्रित कोटे के तहत भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा में राहत मिल सकती है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने मृतक आश्रित अभ्यर्थियों को उनकी उम्र के अनुसार दौड़ पूरी करने के लिए अतिरिक्त समय देने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। गृह विभाग इस प्रस्ताव को कैबिनेट के सामने रखेगा। हालांकि, इस पर अंतिम निर्णय होने के बाद ही नियमों में बदलाव लागू हो सकेगा। प्रदेश सरकार पुलिस भर्ती प्रक्रिया में मृतक आश्रितों को होने वाली कठिनाइयों को देखते हुए नियमों में बदलाव पर विचार कर रही है।

टेक्नोलॉजी से न्याय व्यवस्था को मिलेगा नया विस्तार

- लखनऊ में टेकसंगम सम्मेलन के दूसरे दिन लेक्सक्यू सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ

यूथ इंडिया, लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ में टेकसंगम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर क्वांटम फॉरेंसिक्स और विधिक अनुपालन पर आधारित लेक्सक्यू सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में तकनीक, अनुसंधान, शिक्षा और न्याय व्यवस्था में नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान एआई इन कंस्ट्रक्शन पुस्तक का विमोचन किया गया। साथ ही विभिन्न संस्थानों के बीच संकाय आदान-प्रदान, संयुक्त प्रमाणन, अनुसंधान और अंतरराष्ट्रीय अनुभव के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टेकसंगम और लेक्सक्यू जैसी पहलें विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को नई दिशा देने में सहायक होंगी। उन्होंने कहा कि तकनीक और विधि के समन्वय से न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने, अनुसंधान को प्रोत्साहित करने तथा नई संभावनाओं को विकसित करने के अवसर मिलेंगे।

कार्यक्रम में 'लॉ विद लैब्स' की अवधारणा, सहमति प्रबंधन ढांचे और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से शिक्षा, विज्ञान तथा न्याय व्यवस्था में नवाचार को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। इन पहलों से संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाने और विद्यार्थियों व शोधकर्ताओं को वैश्विक स्तर पर नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने दोहराया कि उत्तर प्रदेश सरकार अनुसंधान, नवाचार, उद्योगों के साथ सहयोग और विश्वस्तरीय शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का उद्देश्य तकनीक के प्रभावी उपयोग से प्रदेश को शिक्षा, विज्ञान और न्यायिक क्षेत्र में नई पहचान दिलाना है।

स्कूल बस की टक्कर से घायल देवेन्द्र की दस दिन बाद मौत, एक करोड़ मुआवजे की मांग पर अंतिम संस्कार से इंकार

यूथ इंडिया, लखनऊ



तेलीबाग क्षेत्र में स्कूल बस की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए देवेंद्र कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद से ट्रामा सेंटर में भर्ती देवेंद्र ने 24 अक्टूबर की रात दम तोड़ दिया। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने स्कूल प्रबंधन से मुआवजे की मांग करते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। देवेंद्र की पत्नी क्रांति ने परिवार के भविष्य को देखते हुए एक करोड़ रुपये मुआवजा देने और तीनों बच्चों के लिए नौकरी की मांग की है।

बरौली निवासी देवेंद्र कुमार ठेकेदारी का काम करते थे। उनके तीन बच्चे वृंदावन सेक्टर-9 स्थित एनकेएम स्कूल में पढ़ते हैं। परिजनों के मुताबिक, 14 अक्टूबर को दोपहर करीब एक बजे देवेंद्र मोटरसाइकिल से बच्चों की फीस जमा करने जा रहे थे। इसी दौरान वृंदावन सेक्टर-12 चौराहे के पास सामने से आ रही स्कूल बस ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में देवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

दुर्घटना के बाद घायल देवेंद्र को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा था। परिवार को उम्मीद थी कि वह जल्द स्वस्थ होकर घर लौट आएंगे, लेकिन दस दिन बाद उनकी मौत हो गई। उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार के सामने अब बच्चों की परवरिश और भविष्य की चिंता भी खड़ी हो गई है।

देवेंद्र की पत्नी क्रांति ने स्कूल प्रबंधन से एक करोड़ रुपये मुआवजा देने और अपने तीनों बच्चों के लिए नौकरी की मांग की है। परिजनों का कहना है कि परिवार की जिम्मेदारी देवेंद्र पर थी और उनकी मौत के बाद बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। इसी मांग को लेकर परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया।

घटना के बाद परिजनों ने अपनी मांगों को लेकर हंगामा भी किया। उनका कहना है कि परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिलने के संबंध में ठोस निर्णय लिया जाना चाहिए। वहीं, मामले को लेकर पुलिस परिजनों को समझाने और बातचीत के जरिए स्थिति सामान्य करने का प्रयास कर रही है।

इंस्पेक्टर सुनील सिंह ने बताया कि परिजनों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। मामले में बातचीत जारी है।

शिक्षक और प्रधानाचार्य के 20,382 पदों पर भर्ती, टीजीटी के लिए आवेदन 24 अक्टूबर से

यूथ इंडिया, लखनऊ

उत्तर प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षक और प्रधानाचार्य बनने की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए भर्ती का अवसर आया है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने शिक्षकों और विद्यालय प्रमुखों के रिक्त पदों को भरने के लिए तीन विज्ञापन जारी किए हैं। इनके माध्यम से कुल 20,382 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें प्रशिक्षित स्नातक सहायक अध्यापक (टीजीटी), हाईस्कूल स्तर के विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और इंटरमीडिएट कॉलेजों के प्रधानाचार्य के पद शामिल हैं।

आयोग की ओर से जारी विज्ञापनों के अनुसार, टीजीटी के 17,735 पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। इसके अलावा हाईस्कूल स्तर के विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के 1,172 और इंटरमीडिएट स्तर के विद्यालयों में प्रधानाचार्य के 1,475 पद भरे जाएंगे। इन भर्तियों से माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों और शैक्षणिक नेतृत्व से जुड़े रिक्त पदों को भरने में मदद मिलने की उम्मीद है।

टीजीटी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 24 अक्तूबर 2026 से शुरू होगी। अभ्यर्थी 23 नवंबर तक आवेदन शुल्क जमा कर सकेंगे। आवेदन पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि 26 नवंबर निर्धारित की गई है। आयोग ने टीजीटी भर्ती परीक्षा के लिए 23 और 24 दिसंबर 2026 की तिथियां तय की हैं।

भर्ती की घोषणा से उन अभ्यर्थियों को अवसर मिलेगा जो माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं, प्रधानाध्यापक और प्रधानाचार्य के पदों पर चयन से विद्यालयों में शैक्षणिक और प्रशासनिक जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए नियुक्तियां की जा सकेंगी।

एलडीए की दो नई योजनाओं में दो हजार भूखंडों का पंजीकरण जल्द, शारदानगर में मिलेंगे 1300 फ्लैट

यूथ इंडिया, लखनऊ



लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) शहर में आवास का सपना देख रहे लोगों को जल्द ही भूखंड और फ्लैट खरीदने का मौका देने जा रहा है। नैमिषनगर और वरुण विहार आवासीय योजनाओं के दूसरे चरण में दो हजार भूखंडों का पंजीकरण नवंबर के अंत तक शुरू होने की संभावना है। वहीं, शारदानगर योजना में 26 अक्तूबर से वन और टू बीएचके के 1300 फ्लैटों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

एलडीए ने नैमिषनगर और वरुण विहार योजनाओं के दूसरे चरण में भूखंडों का पंजीकरण खोलने के लिए रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) में आवेदन किया है। मंजूरी मिलते ही दोनों योजनाओं में पंजीकरण शुरू कर दिया जाएगा। आगरा एक्सप्रेसवे के पास विकसित हो रही वरुण विहार योजना के कृष्ण खंड और केशव खंड में एक हजार भूखंड उपलब्ध कराए जाएंगे। इसी तरह सीतापुर रोड स्थित नैमिषनगर योजना के भार्गव खंड में भी एक हजार भूखंडों का पंजीकरण खोला जाएगा।

एलडीए की योजना है कि विधानसभा चुनाव से पहले पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर लॉटरी भी निकाल दी जाए, ताकि चुनाव आचार संहिता लागू होने पर आवेदन और आवंटन की प्रक्रिया प्रभावित न हो। दूसरे चरण में भूखंडों का आकार पहले चरण की तरह 72 से 400 वर्गमीटर तक रहेगा। नैमिषनगर में भूखंडों की दर 3800 रुपये और वरुण विहार में 2800 रुपये प्रति वर्गफुट निर्धारित है।

शारदानगर योजना में भी लोगों को किफायती आवास का अवसर मिलेगा। यहां वन बीएचके के 312 और टू बीएचके के 936 फ्लैटों के लिए पंजीकरण किया जाएगा। वन बीएचके फ्लैट की कीमत करीब नौ लाख रुपये, जबकि टू बीएचके फ्लैट की कीमत लगभग 30 लाख रुपये होगी। इच्छुक लोग एलडीए की वेबसाइट registration.ldaluckno w.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

एलडीए ने पहले चरण की लॉटरी में असफल रहे आवेदकों को भी राहत देने का निर्णय लिया है। नैमिषनगर और वरुण विहार में जिन लोगों का पहले चरण की लॉटरी में नाम नहीं आया था, वे उसी योजना के दूसरे चरण में दोबारा आवेदन करेंगे तो उनसे पंजीकरण फॉर्म का शुल्क नहीं लिया जाएगा। सामान्य तौर पर इसके लिए 1100 रुपये देने होते हैं। ऐसे आवेदकों को दूसरे चरण में दोबारा आवेदन करने का विकल्प मिलेगा। यदि वे फिर से आवेदन नहीं करना चाहते हैं, तो उनकी जमा पंजीकरण राशि वापस कर दी जाएगी। दोबारा आवेदन करने वालों की राशि आगे की प्रक्रिया के लिए जमा रहेगी।

उधर, नैमिषनगर और वरुण विहार योजनाओं के पहले चरण में भूखंड पाने के लिए आवेदन प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। एलडीए ने दोनों योजनाओं के करीब 4500 भूखंडों के लिए 24 सितंबर को पंजीकरण शुरू किया था। अब तक लगभग 26,500 लोग आवेदन कर चुके हैं। पंजीकरण की अवधि बढ़ाए जाने की संभावना कम बताई जा रही है। प्राधिकरण को कुछ बैंकों के माध्यम से पंजीकरण शुल्क जमा करने में आवेदकों को आ रही समस्याओं की जानकारी मिली है। इन खामियों को दूर करने के लिए संबंधित बैंकों को निर्देश दिए गए हैं।

होमगार्ड भर्ती : अभ्यर्थी 23 नवंबर तक देख सकेंगे फाइनल स्कोर, बोर्ड ने जारी किया लिंक

यूथ इंडिया, लखनऊ



उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती में शामिल अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण खबर है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 में शामिल अभ्यर्थियों के अंतिम अंक देखने के लिए लिंक जारी कर दिया है। अभ्यर्थी 24 अक्टूबर से 23 नवंबर 2026 तक अपना फाइनल स्कोर देख सकेंगे। इसके लिए बोर्ड की ओर से ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

अभ्यर्थियों को अपना अंतिम स्कोर देखने के लिए निर्धारित वेबसाइट पर जाकर लॉगिन करना होगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन संख्या और जन्मतिथि दर्ज करनी होगी। लॉगिन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद स्क्रीन पर दिए गए 'Click here for Final Score' विकल्प पर क्लिक करना होगा। इसके बाद अभ्यर्थियों के पंजीकृत ईमेल आईडी पर अंतिम अंक प्राप्त किए जा सकेंगे।

बोर्ड की ओर से उपलब्ध कराई गई इस सुविधा के माध्यम से अभ्यर्थी अपने प्रदर्शन की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। ऐसे में जिन अभ्यर्थियों ने होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लिया था, वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना फाइनल स्कोर देख लें। अंतिम तारीख के बाद यह सुविधा उपलब्ध रहेगी या नहीं, इसकी जानकारी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

इस लिंक से देखें फाइनल स्कोर- https://hgupe&amw® wz.com/hgrequestmail / अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि लॉगिन करते समय अपनी रजिस्ट्रेशन संख्या और जन्मतिथि सही दर्ज करें। यदि स्कोर देखने में किसी तरह की परेशानी आती है, तो भर्ती बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना और निर्देशों को देखें।

भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी और आधिकारिक अपडेट के लिए अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in/ पर जा सकते हैं। यह सूचना परीक्षा नियंत्रक, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ की ओर से जारी की गई है।

अफजाल अंसारी के पैंक्रियास में गंभीर सूजन, हल्के पीलिया की भी पुष्टि

लखनऊ। सांसद अफजाल अंसारी की तबीयत को लेकर मेदांता अस्पताल की ओर से चिकित्सा बुलेटिन जारी किए जाने की जानकारी सामने आई है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, चिकित्सकीय जांच में उनके पैंक्रियास में गंभीर सूजन का पता चला है। इसके साथ ही उन्हें हल्का पीलिया होने की भी पुष्टि हुई है।

पैंक्रियास में सूजन को चिकित्सकीय भाषा में अग्नाशयशोथ कहा जाता है। इसकी गंभीरता रोगी की स्थिति, सूजन के कारण और अन्य जांचों के परिणामों पर निर्भर करती है। ऐसे मामलों में चिकित्सक रोगी की स्थिति के अनुसार उपचार और निगरानी तय करते हैं। पीलिया में शरीर में बिलीरुबिन नामक पदार्थ का स्तर बढ़ने से त्वचा और आंखों के सफेद हिस्से में पीलापन दिखाई दे सकता है। इसके कारणों का पता लगाने के लिए चिकित्सक रक्त जांच और आवश्यकता के अनुसार अन्य परीक्षण कर सकते हैं। अफजाल अंसारी के स्वास्थ्य को लेकर फिलहाल उपलब्ध जानकारी में पैंक्रियास में गंभीर सूजन और हल्के पीलिया का उल्लेख है।

शिवा हत्याकांड: श्रद्धा दुबे, बहन रश्मि और ड्राइवर की जमानत अर्जी खारिज

यूथ इंडिया, लखनऊ

शिवा हत्याकांड की आरोपी मॉडल श्रद्धा दुबे, उसकी बहन रश्मि और ड्राइवर तनवीर अली उर्फ दानिश को फिलहाल राहत नहीं मिली है। प्रभारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) आलोक वर्मा ने शुक्रवार को तीनों की जमानत अर्जियां खारिज कर दीं। इस बीच जेल में बंद श्रद्धा के दिन का बड़ा हिस्सा परिजनों और परिचितों से मुलाकात की उम्मीद में बीता।

मामले में गिरफ्तारी के बाद श्रद्धा की जिंदगी में आए बदलाव की चर्चा हो रही है। बताया जाता है कि पहले वह महंगे गहनों और कीमती पर्स के साथ सार्वजनिक जगहों पर नजर आती थी, लेकिन अब जेल की चारदीवारी के भीतर उसकी दिनचर्या सीमित हो गई है। शुक्रवार को महिला सर्किल की मुलाहिजा बैरक में बहन रश्मि के साथ मौजूद श्रद्धा को उम्मीद थी कि उससे मिलने कोई परिचित पहुंचेगा।

जेल में मुलाकात के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत पर्ची लगने के बाद संबंधित बंदी को सूचना दी जाती है। श्रद्धा भी इसी सूचना का इंतजार करती रही। बैरक के बाहर होने वाली हर आहट पर उसकी नजर दरवाजे की ओर उठ जाती, लेकिन दिन बीतने तक उससे मिलने कोई नहीं पहुंचा।

हत्याकांड में आरोपी बनाए जाने के बाद श्रद्धा और उसके करीबियों की जमानत याचिकाएं खारिज होने से उन्हें फिलहाल जेल में ही रहना होगा। हालांकि, मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी रहेगी और आरोपों पर अंतिम निर्णय न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही होगा।

निजी अस्पताल में मृत मरीज को पांच दिन वेंटीलेटर पर रखने का आरोप, वसूले रूपये

यूथ इंडिया, लखनऊ

ठाकुरगंज स्थित एक निजी अस्पताल में डेंगू पीड़ित मरीज की मौत के बाद भी उसे पांच दिन तक वेंटिलेटर पर रखकर परिजनों से करीब पांच लाख रुपये वसूलने का आरोप लगा है। मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। निर्धारित समय में रिपोर्ट नहीं मिलने पर आयोग ने लखनऊ के जिलाधिकारी को समन जारी किया है। उन्हें मामले से संबंधित आख्या के साथ आठ दिसंबर को नई दिल्ली स्थित आयोग के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

मामला सीतापुर जिले के अटरिया दरियापुर गांव निवासी विशाल पांडेय से जुड़ा है। परिजनों के मुताबिक, डेंगू से पीड़ित विशाल को 20 अक्तूबर 2024 को ठाकुरगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। परिवार का आरोप है कि मरीज की मौत होने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने इसकी जानकारी नहीं दी और उन्हें कई दिनों तक वेंटिलेटर पर रखकर इलाज के नाम पर रकम ली जाती रही।

परिजनों का कहना है कि जब वे वार्ड में पहुंचे तो विशाल मृत अवस्था में मिले। उनके शरीर से दुर्गंध आने की बात भी शिकायत में कही गई है। इसके बाद परिवार ने अस्पताल में हंगामा किया और मामले की शिकायत की। आरोप है कि अस्पताल ने मरीज के इलाज के नाम पर परिजनों से करीब पांच लाख रुपये वसूले। इन आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

विशाल के परिचित महाराष्ट्र के ठाणे निवासी आसिफ आबिद खान ने इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से शिकायत की थी। आयोग ने शिकायत पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी। 21 जनवरी 2025 को लखनऊ के जिलाधिकारी को मामले में आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे।

इसके बाद 22 अगस्त 2025 को पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट की ओर से रिपोर्ट प्राप्त हुई। इसमें मामले में चिकित्सकीय विशेषज्ञ की राय लेने का उल्लेख था। आयोग ने 30 जनवरी 2026 को जिलाधिकारी को दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, लेकिन निर्धारित समय में जवाब नहीं मिलने पर आयोग ने नाराजगी जताई।

लखनऊ में 30 केन्द्रों पर होगी पीईटी, एक लाख से अधिक अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

यूथ इंडिया, लखनऊ

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) के लिए राजधानी में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लखनऊ में परीक्षा 25 और 30 अक्तूबर तथा एक नवंबर को आयोजित होगी। परीक्षा के लिए शहर में 30 केंद्र बनाए गए हैं, जहां एक लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को आवागमन में परेशानी न हो, इसके लिए परिवहन निगम ने अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की है। आलमबाग, कैसरबाग और अवध बस स्टेशनों से एसी जनरथ और साधारण बसें चौबीस घंटे उपलब्ध रहेंगी।

परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी। प्रशासन और परिवहन निगम ने दूसरे जिलों से आने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाएं की हैं। इस परीक्षा में कुल 1,14,912 अभ्यर्थियों के शामिल होने की जानकारी दी गई है।

परिवहन निगम ने परीक्षार्थियों की संख्या और बसों की मांग को देखते हुए अतिरिक्त सेवाएं संचालित करने का निर्णय लिया है। अवध बस डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को परिवहन सेवाओं का नोडल अधिकारी बनाया गया है। अधिकारियों के अनुसार, उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के साथ बिहार से भी बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा देने लखनऊ पहुंचेंगे। ऐसे में प्रमुख बस अड्डों से चौबीसों घंटे बसों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। परीक्षार्थी बसों में सीटों की बुकिंग ऑनलाइन भी करा सकेंगे।

परीक्षा में शामिल होने के लिए बिहार के अलावा अंबेडकरनगर, बलिया, बाराबंकी, हरदोई, रायबरेली, बस्ती, लखीमपुर खीरी और गोरखपुर समेत कई जिलों से अभ्यर्थी लखनऊ आएंगे। दूसरे जिलों से बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के पहुंचने के कारण परीक्षा के दिनों में बस अड्डों पर भीड़ रहने की संभावना है। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए पर्याप्त समय लेकर घर से निकलें और अपने प्रवेश पत्र पर दर्ज केंद्र तथा परीक्षा की पाली की जानकारी पहले ही जांच लें। बसों की ऑनलाइन बुकिंग और उपलब्ध सेवाओं की जानकारी लेकर यात्रा की योजना बनाने से अंतिम समय की परेशानी से बचा जा सकता है।

मास्टर चाबी से बाइक चोरी, फाइनेंस कंपनी की जब्त गाड़ियां बताकर बेचता था आरोपी, 10 मोटरसाइकिलें बरामद

● विभूतिखंड पुलिस और क्राइम टीम की संयुक्त कार्रवाई, आठ बाइक लखनऊ के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चोरी की निकलीं

यूथ इंडिया, लखनऊ



24 अक्टूबर। लखनऊ कमिश्नरेट की पूर्वी जोन पुलिस ने अंतरजनपदीय वाहन चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे और निशानदेही पर चोरी की 10 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बहराइच निवासी मोहम्मद तावस उर्फ चांद (25) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी मास्टर चाबी से मोटरसाइकिलों के लॉक खोलकर चोरी करता था और बाद में चोरी के वाहनों को फाइनेंस कंपनी द्वारा जब्त की गई गाड़ियां बताकर दूसरे जनपदों के लोगों को सस्ते दामों में बेच देता था। बरामद मोटरसाइकिलों में से आठ लखनऊ के विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी की गई थीं, जबकि दो अन्य वाहनों के संबंध में पुलिस जानकारी जुटा रही है।

पुलिस के मुताबिक, गोमतीनगर के विवेकखंड निवासी ऋषभ देवरा ने पांच अक्टूबर 2026 को यूपी कॉप पोर्टल के माध्यम से ई-एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनकी हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल संख्या यूपी 32 एनवी 6118 पिकअप भवन के पास से चोरी हो गई है। इस मामले में विभूतिखंड थाने में मुकदमा दर्ज कर उपनिरीक्षक हरिओम पटेल को जांच सौंपी गई थी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त पूर्वी और अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी के निर्देशन में तथा सहायक पुलिस आयुक्त के पर्यवेक्षण में विभूतिखंड पुलिस और क्राइम/सर्विलांस टीम की संयुक्त टीमें गठित की गईं। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। साथ ही वाहन चोरी की पूर्व की घटनाओं का विश्लेषण करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की।

इसी क्रम में 23 अक्टूबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दुबग्गा थाना क्षेत्र के नया पार्क से मोहम्मद तावस उर्फ चांद को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर कुल 10 मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। पुलिस के अनुसार, बरामद वाहनों के संबंध में लखनऊ के विभिन्न थानों में पहले से वाहन चोरी के मुकदमे दर्ज थे। बरामदगी के बाद विभूतिखंड के मूल मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2) और 317(4) भी बढ़ाई गई हैं।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने कथित तौर पर बताया कि वह लखनऊ के अलग-अलग इलाकों में घूमकर खासतौर पर हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिलों की रेकी करता था। मौका मिलने पर मास्टर चाबी से लॉक खोलकर बाइक चोरी कर लेता था। इसके बाद वह चोरी की मोटरसाइकिलों को दूसरे जनपदों के लोगों को फाइनेंस कंपनी द्वारा जब्त किए गए वाहन बताकर कम कीमत पर बेच देता था। इससे खरीदारों को वाहनों के चोरी के होने का संदेह नहीं होता था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी एक अन्य मोटरसाइकिल बेचने की कोशिश में था, तभी उसे पकड़ लिया गया।

परमात्मा भक्तों के प्रेम के हैं भूखेः शांतनु जी महाराज

यूथ इंडिया, जौनपुर



नगर के बीआरपी इंटर कॉलेज मैदान में भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञान प्रकाश सिंह द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीरामकथा के चौथे दिन कथाव्यास आचार्य शांतनु जी महाराज ने श्रीराम-जानकी विवाह महोत्सव सहित रामायण के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह प्रसंग का सजीव चित्रण सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथाव्यास ने धर्म, साधु-संतों के सम्मान, सदाचार और जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

आचार्य शांतनु जी महाराज ने कहा कि लंका में राक्षसों का वास था, जबकि जनकपुर सज्जन और धर्मपरायण लोगों की नगरी थी। जहां साधु-संतों का अपमान होता है, वहां विनाश निश्चित है। उन्होंने हनुमान जी के लंका पहुंचने और वहां उनका निरादर किए जाने का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि इसके परिणामस्वरूप सोने की लंका धू-धूकर जल उठी। उन्होंने कहा कि संत जीवन जीने की कला सिखाते हैं। जिसे धारण किया जाए, वही धर्म है। धर्म केवल जानने की वस्तु नहीं, बल्कि जीवन में अपनाने और उसका पालन करने की पद्धति है। धर्म का महत्व तभी है, जब उसके सिद्धांतों को व्यवहार में उतारा जाए। साधु-संतों के दर्शन और उनके सानिध्य से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है।

कथाव्यास आचार्य शांतनु जी महाराज ने वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह की सराहना करते हुए कहा कि जिस मनोयोग और श्रद्धा के साथ वह श्रीरामकथा का आयोजन कराते हैं, वैसा आयोजन पूरे देश में देखने को नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि समाज में इस तरह के धार्मिक आयोजनों की संख्या बढ़नी चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग भगवान श्रीराम के आदर्शों, उनके जीवन और मर्यादाओं से प्रेरणा ले सकें। ऐसे आयोजन लोगों को धर्म, संस्कार और नैतिक मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

श्रीराम-जानकी विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए आचार्य शांतनु जी महाराज ने बताया कि महर्षि विश्वामित्र के साथ भगवान श्रीराम और लक्ष्मण जब जनकपुर पहुंचे, तो इसकी जानकारी राजा जनक को हुई। वह दोनों राजकुमारों से मिलने पहुंचे और उनका भव्य स्वागत किया। दोनों बालकों के तेजस्वी स्वरूप को देखकर राजा जनक ने महर्षि विश्वामित्र से उनके बारे में पूछा। इस पर विश्वामित्र ने बताया कि ये दोनों अयोध्या के राजा दशरथ के पुत्र राम और लक्ष्मण हैं, जो उनके हित के लिए आए हैं। राजा जनक ने जब उनके आने का उद्देश्य पूछा, तो महर्षि ने बताया कि वे यज्ञ की रक्षा के लिए उनके साथ आए हैं।

कथाव्यास ने इस प्रसंग के माध्यम से समझाया कि किसी व्यक्ति की पहचान केवल उसके नाम से नहीं, बल्कि उसके कार्यों से होती है। व्यक्ति का वास्तविक परिचय उसके आचरण, कर्म और व्यवहार से सामने आता है। उन्होंने सांसारिक जीवन जीने वाले व्यक्ति और साधु के बीच के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि जो साधना के मार्ग पर चलता है, वह साधक है। साधु वह है, जिसके लिए झोपड़ी और महल में कोई अंतर नहीं होता। उसका जीवन त्याग, संतोष और साधना पर आधारित होता है।

आचार्य शांतनु जी महाराज ने बताया कि गुरु विश्वामित्र से आज्ञा लेकर भगवान श्रीराम और लक्ष्मण जनकपुर भ्रमण के लिए निकले। दोनों राजकुमारों के दिव्य स्वरूप और आकर्षक व्यक्तित्व को देखकर नगरवासी आनंदित हो उठे। पूरे जनकपुर में यह चर्चा फैल गई कि अयोध्या के दोनों राजकुमार नगर में आए हैं। उनके दर्शन के लिए लोगों में उत्सुकता बढ़ गई।

पांचवीं बार अपराध निरोधक थाना कमेटी के अध्यक्ष चुने गए विक्की कुमार गुप्ता

यूथ इंडिया, जौनपुर(मुंगराबादशाहपुर)



नगर के साहबगंज मोहल्ला स्थित अशोक सभागार में अपराध निरोधक थाना कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी पदाधिकारियों व सदस्यों की बैठक में सर्वसम्मति से विक्की कुमार गुप्ता को लगातार पांचवीं बार अपराध निरोधक थाना कमेटी का अध्यक्ष चुना गया।

बैठक में मौजूद सभी लोगों ने उनके पिछले कार्यकाल के उत्कृष्ट कार्यों और समाज सेवा की सराहना करते हुए उन्हें पुनः यह जिम्मेदारी सौंपी गई।बैठक के दौरान सर्वसम्मति से कमेटी के अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों को भी विभिन्न पदों की जिम्मेदारी दी गई, जिसके तहत राकेश मौर्य (एडवोकेट) को महामंत्री, त्रिपुरारी शंकर पटेल व अनु श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष,खालिद अंसारी को कोषाध्यक्ष, राजकुमार पटेल को मुख्य सलाहकार, धीरज गुप्ता को मंत्री, भैया राम पटेल को व्यवस्थापक, आलोक साहू को संचालक, मिथिलेश पासी को प्रचार मंत्री और सलमान रज़ा को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया।

इसके साथ ही समिति में मीडिया प्रभारी के रूप में नमन गुप्ता, प्रिंस दुबे, अजीत सेठ, अरुण चौबे, सुभाष सहगल और सूरज विश्वकर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं सक्रिय सदस्यों के रूप में शिवम सरोज, संजय पांडेय, अमित दुबे, सुदेश पटेल, ए अंसार अली, मोहम्मद शादाब, बबलू और मोहम्मद शाहरुख को शामिल किया गया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष विक्की कुमार गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र में जनहित के कार्यों को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। अंत में सभी उपस्थित गणमान्य लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दीं।

आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के बौद्धिक विकास की पहली सीढ़ीः सोनिया सिंह

यूथ इंडिया, जौनपुर

गोद लिए ग्राम सुल्तानपुर के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के सर्वांगीण विकास को नया आयाम देते हुए वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर द्वारा शनिवार को पुस्तकें, कहानी की किताबें तथा खिलौने प्रदान किए गए। इस अवसर पर श्रीमती सोनिया सिंह ने केंद्र की बाल विकास व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए बच्चों से आत्मीय संवाद किया और प्रारंभिक शिक्षा, पोषण एवं स्वच्छता पर बल दिया।

इस अवसर पर श्रीमती सोनिया सिंह ने कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं। उनका सर्वांगीण विकास केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें स्वच्छ वातावरण, पौष्टिक भोजन, स्वास्थ्य सेवा और गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा का समान महत्व है। आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास की पहली सीढ़ी है। विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई पुस्तकें, कहानी की किताबें और खिलौने बच्चों की रुचि, कल्पनाशीलता तथा सीखने की क्षमता को और बढ़ाएँगे। हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि हर बच्चे को सुरक्षित, स्वच्छ, खुशहाल और शिक्षाप्रद वातावरण मिले।

उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र पर उपलब्ध बाल विकास सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित सहायिका से संवाद स्थापित कर केंद्र की व्यवस्थाओं एवं बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण के दौरान श्रीमती सोनिया सिंह को बच्चों ने उत्साहपूर्वक कहानी और कविता सुनाई। उन्होंने बच्चों के पठन-पाठन का भी अवलोकन किया और उनकी सीखने की क्षमता, प्रारंभिक शिक्षा तथा बाल विकास से जुड़ी गतिविधियों को देखा। उन्होंने केंद्र में साफ-सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के समुचित विकास के लिए स्वच्छ वातावरण, गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ अत्यंत आवश्यक हैं।

कुल्हनामऊ हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, कार की टक्कर से घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

जौनपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के कुल्हनामऊ स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-731 पर शनिवार को भीषण सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक वृद्ध की मौत हो गई। वाराणसी की तरफ से सुल्तानपुर जा रही तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल वृद्ध को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, जफराबाद थाना क्षेत्र के रायपुर इमलो गांव निवासी नंदलाल यादव (पुत्र सेचन यादव) सुल्तानपुर से स्कूटी पर सवार होकर जौनपुर की तरफ जा रहे थे।

जैसे ही वह कुल्हनामऊ हाईवे-731 पर पहुंचे, तभी सामने से आ रही कार ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और सड़क की दूसरी पटरी पर पहुंच गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल वृद्ध को तत्काल अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हादसे में शामिल स्कूटी संख्या यूपी 62 बीएन 4807 और आई-10 कार संख्या यूपी 70 डीए 9403 की चाबियां कब्जे में ले ली हैं। वृद्ध की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा और पोस्टमार्टम सहित आवश्यक कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

सागर अग्रवाल के जन्मदिन पर उमड़ा व्यापारियों का हुजूम, फूल-मालाओं और उपहारों से हुआ भव्य स्वागत

● केक काटकर मनाया जन्मदिन, व्यापारियों ने माल्यार्पण कर भेंट कीं देवी-देवताओं की प्रतिमाएं

यूथ इंडिया, सिकंदरपुर (कन्नौज)



उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश मंत्री सागर अग्रवाल का जन्मदिन सिकंदरपुर क्षेत्र स्थित मामा होटल में बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। संगठन के जिला उपाध्यक्ष ऋषि यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में व्यापारियों और संगठन के पदाधिकारियों ने एकत्र होकर केक काटा और प्रदेश मंत्री सागर अग्रवाल को जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया गया और विभिन्न स्मृति स्वरूप प्रतिमाएं भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सागर अग्रवाल के स्वागत और माल्यार्पण के साथ हुई। जिला उपाध्यक्ष ऋषि यादव ने उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया और मुंह मीठा कराया। इसके बाद जन्मदिन का केक काटा गया। केक कटते ही उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर और पुष्प वर्षा कर सागर अग्रवाल को शुभकामनाएं दीं। पूरे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल दिखाई दिया।

फूल-मालाओं और प्रतिमाओं से किया सम्मानित

जन्मदिन समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष आनंद कुमार गुप्ता ने सागर अग्रवाल को फूलों की माला पहनाकर तथा मां दुर्गा की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया। वहीं, सिकंदरपुर नगर अध्यक्ष अमरदीप गुप्ता ने राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

नगर पंचायत सिकंदरपुर निवासी दीपक गुप्ता यीशु ने भी माल्यार्पण कर राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंट की। संगठन के महामंत्री संजय गुप्ता उर्फ बंटी ने भी फूल-मालाओं और प्रतिमा भेंटकर प्रदेश मंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके साथ ही क्षितिज गुप्ता, अमित गुप्ता, सौरभ गुप्ता और अमन गुप्ता ने भी सागर अग्रवाल को जन्मदिन की बधाई दी। संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष आकाश गुप्ता ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

व्यापारियों और पदाधिकारियों की रही मौजूदगी

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। सभी ने सागर अग्रवाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद जीवन और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान स्वागत, सम्मान और बधाई का सिलसिला चलता रहा। केक काटकर मनाए गए जन्मदिन समारोह में व्यापारियों की सहभागिता ने आयोजन को उत्साहपूर्ण बना दिया।इस मौके पर संगठन के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने सागर अग्रवाल को शुभकामनाएं देते हुए उनके जन्मदिन को यादगार बनाया।

जनगणना देश के सामाजिक, आर्थिक और विकासात्मक नियोजन का महत्वपूर्ण आधार है डीएम

यूथ इंडिया, जौनपुर



जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अर्न्तगत प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ।

भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अर्न्तगत प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ टी0डी0 बालिका इण्टर कालेज में प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. के द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर और फीता काटकर किया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना से संबंधित प्रक्रियाओं, दायित्वों एवं आवश्यक तैयारियों के प्रति संबंधित अधिकारियों और कार्मिकों को जागरूक करना तथा जनगणना कार्य को सुचारु, व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना है।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश के सामाजिक, आर्थिक और विकासात्मक नियोजन का महत्वपूर्ण आधार है। इससे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार होती है। ऐसे में गणना कार्य में शुद्धता, पारदर्शिता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम मे उपस्थित समस्त प्रगणक व पर्यवेक्षको को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी को गंभीरता से समझें और किसी भी प्रकार की समस्या या शंका होने पर संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर उसका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

अपर मुख्य जनगणना अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी नरेन्द्र बहादुर सिंह एवं जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी परमानन्द झा जौनपुर के मार्ग दर्शन में तहसीलं शाहगंज एवं बदलापुर में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षको के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद के समस्त 18 चार्जों में कुल मिलाकर 10500 से अधिक प्रगणक एवं पर्यवेक्षको को 220 से अधिक बैचों में आयोजित करते हुए प्रशिक्षित किये जाने का लक्ष्य दिनांक 24 अक्टूबर 2026 से 71 बैच का प्रशिक्षण प्रारम्भ होकर दीपावली से पूर्व समस्त 220 बैचो का प्रशिक्षण पूर्ण किया जाना निर्धारित है ।जिसके लिए जनपद के 4 मास्टर ट्रेनर्स एवं 156 फील्ड ट्रेनर्स की टीम प्रशिक्षित होकर उक्त कार्यक्रम के लिए तैयार किये गये है, जिसमे जनपद के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी को इनके साथ समन्वय स्थापित करते हुए समस्त तहसील के उपजिलाधिकारी को नोडल नियुक्त किया गया है।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान जनगणना की प्रक्रियाओं, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के दायित्वों, आवश्यक तैयारियों, आंकडों के संकलन तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की जा रही है। प्रशिक्षण के माध्यम से संबंधित कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए जनगणना कार्य की गुणवत्ता, शुद्धता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है।

जनगणना-2027 के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्व-गणना 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक जनसंख्या गणना का कार्य संचालित होगा। वहीं, 5 जनवरी से 9 जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण दौर आयोजित किया जाएगा। इन महत्वपूर्ण चरणों को निर्धारित समय-सारिणी के अनुरूप संपन्न कराने के लिए प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

जनगणना देश की जनसंख्या, सामाजिक संरचना और विकास संबंधी आवश्यकताओं के आंकडे उपलब्ध कराने वाला एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। इसके माध्यम से प्राप्त आंकडे भविष्य की नीतियों, कल्याणकारी कार्यक्रमों एवं विकास योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी जनगणना कार्य को अधिक प्रभावी बनाने तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी।

कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी सदर योगिता सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समीर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद धर्मराज सहित अन्य अधिकारीगण एवं संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

भरत मिलाप मेले में डीजे का वाइब्रेशन रहेगा प्रतिबंधित

● चौकियों की ऊंचाई 12 और चौड़ाई 10 फीट से अधिक नहीं होगी, ड्रोन व सीसीटीवी से होगी निगरानी

● एसडीएम शुभांशु कटियार सीओ परमानंद कुशवाहा ने किया मेला क्षेत्र कि निरिक्षण

यूथ इंडिया, जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)



ऐतिहासिक भरत मिलाप मेले के सकुशल आयोजन को लेकर शनिवार को स्थानीय थाना परिसर में प्रशासन और मेला महासमिति की बैठक हुई। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम शुभांशु कटियार और क्षेत्राधिकारी परमानंद कुशवाहा की अध्यक्षता और प्रभावी निरीक्षक गजानंद चौबे व मेला महासमिति अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता की उपस्थिति में हुई बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, चौकियों के मानक, रूट चार्ट, साफ-सफाई और विद्युत व्यवस्था पर चर्चा की गई और मेरे क्षेत्र का निरिक्षण भी किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मेला महासमिति के अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता ने मेले से पहले समस्याओं के समाधान के लिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, सीओ, नगर पालिका, विद्युत, पुलिस, अग्निशमन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शुभांशु कटियार ने निर्देश दिया कि मेले में शामिल होने वाली चौकियों और डीजे की चौड़ाई 10 फीट तथा ऊंचाई 12 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए। डीजे का वाइब्रेशन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

उन्होंने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अखिलेश तिवारी को मेला मार्ग पर साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा विद्युत विभाग को लटकते तारों और झुके खंभों को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। तारों की ऊंचाई सड़क से 14 फीट से अधिक रखने को कहा, ताकि किसी तरह की दुर्घटना न हो।क्षेत्राधिकारी परमानंद कुशवाहा ने कहा कि चौकियां महासमिति द्वारा निर्धारित रूट और क्रम के अनुसार ही निकलेंगी। प्रभारी निरीक्षक गजानंद चौबे को टीम गठित कर चौकियों और डीजे के मानकों की जांच कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक गजानंद चौबे ने मेला मार्ग की पटरियों और सड़कों पर रखी भवन निर्माण सामग्री तथा अतिक्रमण को दो दिन के भीतर हटाने की अपील की।

बैठक में चेयरमैन कपिल मुनि, एसडीओ आनंद कुमार, डॉ. शाहिद, जेई प्रमोद यादव, रंजीत गुप्ता, राजीव केसरी, सूर्यलाल जायसवाल, दीपू मोदनवाल, सुजीत मोदनवाल, रवि दुबे और राजू दुबे समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

पुरानी मुकदमेबाजी की रंजिश में महिला पर कुल्हाड़ी से हमला

जौनपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के कुल्हनामऊ गांव में शनिवार की सुबह पुरानी मुकदमेबाजी की रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। आरोप है कि एक पक्ष के नौ लोगों ने पीड़िता महिला गिरजा देवी के दरवाजे पर पहुंचकर गाली-गलौज करते हुए कुल्हाड़ी और लाठी-डंडे से हमला कर दिया। हमले में महिला सहित उसके परिवार के कई लोग घायल हो गए।

समाधान दिवस में 12 शिकायतें पहुंचीं, मौके पर एक का निस्तारण

यूथ इंडिया, बक्शा, जौनपुर



स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 9 पुलिस विभाग तथा 3 राजस्व विभाग से संबंधित थीं। प्राप्त शिकायतों में एक पुलिस संबंधी मामले का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

समाधान दिवस की अध्यक्षता थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने की। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

इस दौरान थानाध्यक्ष ने विशेष रूप से भूमि विवाद से जुड़े मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी शिकायतों की जांच में किसी प्रकार की लापरवाही या पक्षपात बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर विवादों का समाधान कराया जाए। साथ ही प्रत्येक शिकायत पर की गई कार्रवाई और जांच आख्या को समाधान रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए।

उन्होंने चेतावनी दी कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिया कि गंभीर मामलों की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दें और फरियादियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।

इस मौके पर राजस्व निरीक्षक अशोक द्विवेदी, एसएसआई वीरेंद्र कुमार, धनियामऊ चौकी प्रभारी शहनवाज सिद्दिकी, क्षेत्रीय लेखपाल, पुलिस बल एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में फरियादी मौजूद रहे।

डीएम ने प्राथमिक विद्यालय आसकरन पुरवा के बूथों का किया निरीक्षण

● बीएलओ से मतदाता प्रपत्रों की प्रगति की ली जानकारी

यूथ इंडिया। कन्नौज



जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने उच्च प्राथमिक विद्यालय अस्करन पूर्वा स्थित मतदेय स्थल संख्या 219, 220 एवं 221 का निरीक्षण कर मतदाता सूची से संबंधित कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से प्रारूप-6, प्रारूप-7 एवं प्रारूप-8 के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की जानकारी लेते हुए उनके निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित बीएलओ को निर्देश दिए कि मतदाता सूची एवं उससे संबंधित डिजिटल डाटा को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नियमित रूप से अद्यतन किया जाए।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता निर्वाचन प्रक्रिया का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए सभी बीएलओ पूरी जिम्मेदारी, सतर्कता एवं पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे।

उन्होंने निर्देशित किया कि प्रारूप-6 के माध्यम से नए मतदाताओं के नाम सम्मिलित करने, प्रारूप-7 के अंतर्गत नाम विलोपन संबंधी आवेदनों तथा प्रारूप-8 के माध्यम से विवरणों में संशोधन एवं अन्य अनुमन्य सुधारों से संबंधित प्रपत्रों की नियमानुसार जांच कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने बीएलओ, मतदेय स्थल पर्यवेक्षक एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कन्नौज को यह भी निर्देश दिए गये कि मतदाता सूची से संबंधित कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

दानशीलता और समाजसेवा के लिए शरद मिश्र सम्मानित

● कोरोना काल से जनसेवा तक, शरद मिश्र के योगदान को सन्मार्ग का सम्मान

यूथ इंडिया। कन्नौज



समाज सेवा एवं जन कल्याण के क्षेत्र मे अपने विशिष्ट योगदान एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्व के लिए समाज सेवी एवं प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य शरद मिश्र को सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था सन्मार्ग ने सम्मानित किया।

श्री मिश्र को यह सम्मान नवदुर्गा उत्सव के दौरान मिलना था लेकिन इस दिन वह कार्यक्रम मे नही पहुंच सके जिसके कारण सन्मार्ग के सदस्यो ने उनके घर जाकर श्री मिश्र को सम्मानित किया।

सन्मार्ग के प्रदीप तिवारी ने श्री मिश्र को शाल ओढ़ाकर एवं अमित मिश्रा (ओमकार) ने उन्हें अभिनन्दन पत्र भेंट किया। सन्मार्ग सदस्य पुनीत पांडेय एवं पदम कन्नौजिया ने श्री मिश्र को सन्मार्ग का पटका तथा मां भगवती का चित्र भी भेट किया गया।

ज्ञात हो समाजसेवा के क्षेत्र में कन्नौज से लेकर कानपुर तक शरद मिश्र अग्रिम पंक्ति में रहते हैं।

कोरोना काल में उन्होंने अपनी जन्मभूमि में कोई भूखा न रहे मुहिम चलाकर घर घर राशन वितरण कराया।

इतना ही नहीं उन्होंने प्रधानमंत्री राहत फंड में दस लाख दान किए थे। साथ ही उनकी पत्नी ने भी पीएम केयर फंड में ढाई लाख रूपए दान किए थे। उनके बच्चों ने भी एक एक लाख रुपए की धनराशि पीएम केयर फंड में डोनेट की थी।

कोरोना काल की दूसरी वेव में जब ऑक्सीजन की किल्लत थी तो शरद मिश्र ने फिर एक बाद जरूरतमंदों के साथ खड़े रहकर घर घर ऑक्सीजन सिलेंडर वितरित कर जीवन बचाने में अतुलनीय योगदान दिया।

टीम शरद के माध्यम से उन्होंने समाचार पत्र विक्रेता और हॉकर्स का भी ख्याल रखा और उन्हें राशन सामग्री वितरित की। इतना ही नहीं अपने कन्नौज की जनता ही नहीं बल्कि उन्होंने जिला प्रशासन को भी बड़ी मात्रा में राशन सामग्री मुहैया कराई ताकि कोई भी जरूरतमंद बिना भोजन न सोये।

इसके अलावा श्री मिश्र ने सिंह वाहिनी मंदिर में अपनी मां पूर्व प्रधानाचार्या स्व वीणा मिश्रा कि पुण्य स्मृति में एक हाल का निर्माण कराया ताकि किसी निर्धन कन्या के वैवाहिक संस्कार या अन्य धार्मिक कार्यों, अनुष्ठानों में काम आ सके।

श्री मिश्र कन्नौज अपनी दानशीलता, सरल व्यवहार एवं मृदु स्वभाव के लिए कन्नौज व कानपुर में विशेष पहचान रखते हैं यही कारण है उनका जुड़ाव जनता से एक सामान्य व्यक्ति नहीं बल्कि पारिवारिक स्वरूप में होता है।

रिहैब सेंटर के पूर्व कर्मचारी ने नाबालिग छात्रा का अश्लील वीडियो किया वायरल, आरोपी गिरफ्तार

यूथ इंडिया। कानपुर

उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक रिहैब सेंटर से जुड़ा मामला सामने आया है, जहां सेंटर के पूर्व कर्मचारी पर 17 वर्षीय छात्रा और उसके साथ पढ़ने वाले एक छात्र का आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने का आरोप लगा है। मामले की जानकारी मिलने के बाद छात्रा के परिजन शुक्रवार को कमिश्नर कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों से शिकायत की।

परिजनों के मुताबिक, गुरुवार, 22 अक्टूबर की देर रात उनके मोबाइल पर उनकी बेटी का आपत्तिजनक वीडियो भेजा गया था। वीडियो सामने आने के बाद परिवार के लोग परेशान हो गए और उन्होंने मामले में कार्रवाई की मांग की। शिकायत मिलने पर कमिश्नर रघुबीर लाल ने संबंधित थाना पुलिस को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

घर में घुसकर चार बकरियां और जेवरात किए पार, बुजुर्ग महिला को कमरे में किया बंद

● तीन बदमाशों पर चोरी का आरोप, महिला के कानों के कुंडल और पैरों की तोड़ियां भी छीन ले गए चोर, पुलिस को दी तहरीर

यूथ इंडिया। सिकंदरपुर (कन्नौज)



सिकंदरपुर क्षेत्र में चोरी की एक घटना से हड़कंप मच गया। इंदिरा नगर निवासी रविंद्र पाल के सर्वोदय आश्रम के पीछे स्थित मकान में घुसे चोरों ने चार बकरियां और घर में रखे जेवरात चोरी कर लिए। आरोप है कि विरोध करने पर बदमाशों ने घर में मौजूद बुजुर्ग महिला को कमरे के अंदर बंद कर दिया और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।पीड़ित पक्ष के मुताबिक, घटना के दौरान तीन बदमाश मकान में घुसे थे। बुजुर्ग महिला ने बताया कि जब उन्होंने चोरों का विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें कमरे में बंद कर दिया। महिला के अनुसार, बदमाशों ने कहा कि वे किसी और के लिए आए हैं और उनसे उनका कोई मतलब नहीं है। इसके बाद आरोपियों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया।

पहने हुए कुंडल और तोड़ियां भी ले गए बदमाश

बुजुर्ग महिला ने आरोप लगाया कि बदमाश उनके कानों में पहने हुए कुंडल और पैरों की तोड़ियां भी छीन ले गए। इसके अलावा बक्से में रखे उनकी बहू के सभी जेवरात भी चोरी कर लिए गए। चोर चार बकरियां भी अपने साथ ले गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार में चिंता का माहौल है।

पुलिस से जांच और कार्रवाई की मांग

मकान के मालिकाना पक्ष से जुड़े रविंद्र पाल, निवासी इंदिरा नगर सिकंदरपुर, ने मामले की शिकायत सिकंदरपुर चौकी पुलिस से की है। उन्होंने प्रार्थना पत्र देकर घटना की जांच कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में सिकंदरपुर चौकी इंचार्ज गजेंद्र पाल ने बताया कि घर में घुसकर चोरों ने महिला को बंधक बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया यह एकदम फर्जी है चार बकरियां गायब हुई है महिला के पुत्र द्वारा शिकायत पत्र दिया गया है जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

56 गांवों में आयोजित होंगे खेत बचाओ अभियान

यूथ इंडिया। कन्नौज

जिलाधिकारी के आदेश पर 26 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक जनपद के कुल 56 ग्रामों में इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमें गठित की गई हैं। इन कार्यक्रमों में कृषि विभाग के साथ-साथ कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं अन्य संबंधित विशेषज्ञ भी प्रतिभाग करेंगे।

उप कृषि निदेशक संतोष कुमार ने बताया कि अभियान के प्रथम दिवस 26 अक्टूबर को विकासखंड कन्नौज के सीसामऊ (उदैतापुर) तथा विकासखंड सौरिख के ग्राम ककरारी में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण और टिकाऊ कृषि के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने जनपद के कृषकों से अपील की कि वे 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें तथा कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय विशेषज्ञों द्वारा दी जाने वाली तकनीकी जानकारी का लाभ उठाकर वैज्ञानिक, पर्यावरण अनुकूल एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाएं।

रोटरी क्लब आज लगाएगा लगेगा निःशुल्क नेत्र शिविर, अंगों का भी होगा वितरण

कन्नौज। रोटरी क्लब और अपर्णा हेल्थ केयर फाउंडेशन के तत्वाधान में निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण, नेत्र ऑपरेशन सहित विभिन्न सात विभिन्न बीमारियों का मुफ्त ऑपरेशन एवं जांच शिविर मेरठ कोल्ड स्टोरेज, तिर्वा क्रॉसिंग में 25 अक्टूबर रविवार को प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष उमाकांत शुक्ला ने बताया कि इस कैम्प में निःशुल्क आर्टिफिशियल हाथ या पैर बनवा कर तुरन्त वितरित किए जायेगे। आंखों की निशुल्क जांच कराई जाएगी जिसमें मोतियाबिंद के ऑपरेशन भी कराए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि सामान्य जांच नेत्र, कान, नाक, गला, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, फेफड़ों, दांतों की निशुल्क जांच की जाएगी।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक मौजूद रहेंगे।

12 मतदेय स्थलों के भवन बदलने का प्रस्ताव

● डीएम ने जनप्रतिनिधियों संग की बैठक

यूथ इंडिया। कन्नौज



जिले में मतदेय स्थलों के संभाजन एवं पुनर्गठन की प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित एवं जनसुविधा के अनुरूप संपन्न कराने के उद्देश्य से आज जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जनप्रतिनिधियों एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित हुई।

बैठक में आलेख्य प्रकाशित सूची पर प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों के निस्तारण तथा मतदेय स्थलों की सूची को अंतिम रूप देने के संबंध में विधानसभा क्षेत्रवार एवं बूथवार विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। संबंधित प्रस्तावों में भवन जर्जर अथवा ध्वस्त होने के कारण मतदेय स्थलों को वैकल्पिक भवनों में स्थानांतरित करने पर चर्चा की गई।

प्रस्ताव के अनुसार, विधानसभा क्षेत्र छिबरामऊ में 6, तिर्वा में 4 तथा कन्नौज में 2, कुल 12 मतदेय स्थलों के भवन परिवर्तन का विवरण प्रस्तुत किया गया।

इनमें अकबरपुर के तीन मतदेय स्थलों को राष्ट्रीय विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नेपालपुर के मतदेय स्थल को उच्च प्राथमिक विद्यालय नेपालपुर तथा समधन के दो मतदेय स्थलों को राजकीय इंटर कॉलेज में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव शामिल है। जिलाधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता, सुगमता एवं मतदाताओं की सुविधा सुनिश्चित करने के दृष्टिगत प्राप्त सुझावों पर नियमानुसार विचार करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने पर बल दिया।

बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, समाजवादी पार्टी के निर्वाचन प्रभारी/जिला प्रवक्ता शकील अहमद सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, उप जिलाधिकारी तिर्वा वैशाली तथा सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

थाना समाधान दिवस में चार शिकायतें, एक का मौके पर निस्तारण

यूथ इंडिया। सौरिख



सकरावा थाने में शनिवार को सीओ मयंक मिश्रा और थानाध्यक्ष भागमल सिंह की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस और राजस्व से संबंधित चार शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष तीन शिकायतों के निस्तारण के लिए टीमें गठित कर मौके पर भेजी गईं।

शासन की मंशा के अनुरूप आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान हसनपुर गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र अतर सिंह की जमीन संबंधी शिकायत भी सामने आई। सीओ की मौजूदगी में पुलिस और राजस्व टीम को मौके पर भेजकर शिकायत का निस्तारण कराया गया।

अन्य तीन शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित टीमों को निर्देशित किया गया। अधिकारियों ने शिकायतों का निष्पक्षता से निस्तारण करने पर जोर दिया, ताकि फरियादियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। इस दौरान सतीश शर्मा विजय यादव नरेंद्र राजपूत आदि लोग मौजूद रहे

लक्ष्मण के बाण से हुआ मेघनाथ का अंत, अधर्म पर धर्म की विजय का दिया संदेश

यूथ इंडिया। तालग्राम, कन्नौज



रामलीला में मेघनाथ वध की लीला का मंचन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। इस दौरान भगवान श्रीराम की सेना और लंकापति रावण की सेना के बीच हुए भीषण युद्ध का दृश्य देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। कलाकारों ने अपने शानदार अभिनय से रामायण के प्रसंगों को जीवंत कर दिया। मेघनाथ वध की लीला ने उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।रामायण की कथा के अनुसार मेघनाथ लंकापति रावण का पुत्र था। उसे इंद्रजीत के नाम से भी जाना जाता था। वह अत्यंत शक्तिशाली योद्धा था और अपनी मायावी शक्तियों तथा युद्ध कौशल के लिए प्रसिद्ध था। लंका की रक्षा के लिए मेघनाथ ने भगवान श्रीराम की सेना के विरुद्ध कई बार युद्ध किया और अपनी शक्तियों से वानर सेना को भारी संकट में डाल दिया।

युद्ध के दौरान मेघनाथ ने शक्तिबाण का प्रयोग कर लक्ष्मण जी को मूर्छित कर दिया। लक्ष्मण जी की यह दशा देखकर भगवान श्रीराम अत्यंत व्याकुल हो उठे। इसके बाद पवनपुत्र हनुमान जी संजीवनी बूटी लेकर आए, जिससे लक्ष्मण जी के प्राणों की रक्षा हुई और वह पुनः स्वस्थ होकर युद्ध के लिए तैयार हो गए।इसके बाद भगवान श्रीराम की सेना ने लंका पर विजय प्राप्त करने के लिए युद्ध जारी रखा। मेघनाथ को पराजित करना आसान नहीं था। वह अपनी मायावी शक्तियों के बल पर लगातार युद्ध कर रहा था। इसी बीच विभीषण ने भगवान श्रीराम की सेना को मेघनाथ की शक्तियों और उसके यज्ञ के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।विभीषण की सहायता से लक्ष्मण जी मेघनाथ का सामना करने पहुंचे। दोनों के बीच भयंकर युद्ध हुआ। मेघनाथ ने अनेक अस्त्र-शस्त्रों का प्रयोग किया, लेकिन लक्ष्मण जी ने साहस और पराक्रम के साथ उसका मुकाबला किया। अंततः लक्ष्मण जी के बाण से मेघनाथ का वध हो गया।

मेघनाथ के मारे जाने का समाचार सुनकर लंका में शोक छा गया। रावण के लिए यह बहुत बड़ा आघात था, क्योंकि उसने अपने पुत्र को लंका का सबसे शक्तिशाली योद्धा माना था।

रामलीला में मेघनाथ वध का प्रसंग दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। इस लीला के माध्यम से संदेश दिया गया कि व्यक्ति चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अहंकार और अधर्म का अंत निश्चित है। सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने वालों की अंततः विजय होती है।

सहकारी समितियों में तालाबंदी, खाद के लिए भटक रहे किसान

● हड़ताल से सौरिख, खड़िनी और सकरावा में वितरण ठप, आलू-सरसों की बुवाई पर संकट

यूथ इंडिया। सौरिख



क्षेत्र में आलू और सरसों की बुवाई के महत्वपूर्ण सीजन में सहकारी समितियों की हड़ताल किसानों के लिए मुसीबत बन गई है। सौरिख क्षेत्र की बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड सौरिख, खड़िनी और सकरावा में तालाबंदी के चलते खाद वितरण पूरी तरह ठप है। समितियों में एनपीके, यूरिया और पोटाश उपलब्ध होने के बावजूद किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। मजबूरन उन्हें निजी दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है।

प्रदेश की सहकारी समितियों के कर्मचारी 22 अक्टूबर से नियमितीकरण, राजकोष से वेतन और बीमा संबंधी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों की हड़ताल के चलते समितियों पर ताले लटके हैं और खाद लेने पहुंच रहे किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। बुवाई के समय खाद की जरूरत बढ़ने से किसानों की परेशानी और बढ़ गई है।

किसान योगेंद्र यादव, संजू यादव, योगेंद्र सिंह, लालचंद, आरिफ अली और भुजवीर यादव ने बताया कि खुले बाजार में डीएपी 1650 से 1700 रुपये प्रति बोरी मिल रही है। अन्य खादें भी महंगे दामों पर खरीदनी पड़ रही हैं। किसानों का कहना है कि समय पर खाद नहीं मिलने से आलू और सरसों की बुवाई प्रभावित होने की आशंका है। वहीं, महंगी खाद खरीदने से खेती का खर्च बढ़ रहा है, जिसका सीधा असर उनकी आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है।

उत्तर प्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुखवीर सिंह ने बताया कि हड़ताल प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर की जा रही है। कर्मचारियों की मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी है। हड़ताल समाप्त होने के बाद ही समितियों पर खाद वितरण शुरू हो सकेगा। फिलहाल किसान खाद वितरण बहाल होने के इंतजार में है।

4 क्विंटल का गेट गिरने से सिक्योरिटी गार्ड की मौत

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में 50 वर्षीय सिक्योरिटी गार्ड की जान चली गई। नाइट ड्यूटी के दौरान गेट बंद करते समय करीब चार क्विंटल वजनी लोहे का गेट अचानक उनके ऊपर गिर गया। गेट के नीचे दबने से गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौत हो गई।

संदिग्ध परिस्थितियों में मकान में लगी आग, 33 हजार की नकदी समेत सामान जलकर राख

यूथ इंडिया। सिकंदरपुर (कन्नौज)



सिकंदरपुर नगर पंचायत के शास्त्री नगर मोहल्ले में शुक्रवार को रामकिशन बाल्मीक के मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग की चपेट में आने से कमरे में रखी अलमारी, इन्वर्टर, 33 हजार रुपये की नकदी, कपड़े समेत अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया।

आग लगने के बाद मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। साथ ही घर में रखे गैस सिलेंडर को बाहर निकाल लिया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।पीड़ित रामकिशन के अनुसार, गैस सिलेंडर में लीकेज होने के कारण आग लगी। आग से घर में रखा सामान जलकर राख हो गया, जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ है। घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने घरेलू सामान के नुकसान से परेशानी खड़ी हो गई।

खेतों में लगे सोलर पैनल चोरी, सिंचाई का संकट

● 13 सोलर प्लेट और 50 मीटर केबल ले गए चोर, किसान ने पुलिस से की शिकायत

यूथ इंडिया। सौरिख

थाना क्षेत्र के आदमपुर उम्मैद गांव में खेतों के बाहर लगे सबमर्सिबल पंप के सोलर पैनल चोरी होने से किसान के सामने सिंचाई का संकट खड़ा हो गया है। चोर 13 सोलर प्लेट और करीब 50 मीटर केबल चोरी कर ले गए। पीड़ित किसान ने पुलिस चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई करने और चोरी हुआ सामान वापस दिलाने की मांग की है।

आदमपुर उम्मैद गांव निवासी किसान प्रमोद कुमार पुत्र रामनरेश यादव के खेतों के बाहर सिंचाई के लिए सबमर्सिबल पंप लगा है। इसके संचालन के लिए सोलर प्लेटें लगाई गई थीं। किसान के मुताबिक, 21 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने मौके का फायदा उठाकर 13 सोलर प्लेट और 50 मीटर केबल चोरी कर ली।

घटना की जानकारी होने पर किसान को नुकसान का पता चला। सोलर प्लेट और केबल चोरी होने से खेतों में खड़ी फसलों की सिंचाई प्रभावित होने की आशंका है। इससे किसान की परेशानी बढ़ गई है। घटना के बाद क्षेत्र में भी हलचल मच गई।

पीड़ित किसान ने भाउलपुर चौकी पुलिस को तहरीर देकर चोरी की घटना का खुलासा करने, आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने और चोरी हुआ सामान बरामद कराए जाने की मांग की है।

जिलाधिकारी और एसपी ने थाना समाधान दिवस पर सुनीं फरियादियों की समस्याएं

यूथ इंडिया। तालग्राम, कन्नौज



जनपद कन्नौज के थाना तालग्राम में शनिवार, 24 अक्टूबर 2026 को आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

इस दौरान अधिकारियों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्राप्त शिकायतों की गंभीरता से जांच कर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाए, जिससे फरियादियों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। साथ ही शिकायतों के निस्तारण में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया गया।
निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मेला परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, अस्थायी शौचालयों, आवागमन मार्गों, पार्किंग स्थलों तथा अन्य जनसुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में स्वच्छता की निरंतर निगरानी की जाए, पर्याप्त सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए तथा पेयजल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

विद्युत विभाग को सभी प्रमुख स्थलों एवं मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा किसी भी संभावित समस्या के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक प्रबंध रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक रविना त्यागी ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को मेला क्षेत्र में प्रभावी सुरक्षा प्रबंध, नियमित गश्त, भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख स्थलों, प्रवेश एवं निकास मार्गों, पार्किंग स्थलों तथा संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा।

जिलाधिकारी ने यातायात एवं परिवहन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पार्किंग स्थलों को सुव्यवस्थित रखने, प्रमुख मार्गों पर अनावश्यक जाम की स्थिति न बनने देने तथा आवश्यकतानुसार यातायात डायवर्जन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अग्निशमन विभाग को अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध रखने तथा आपातकालीन सेवाओं को तत्पर रखने को कहा। साथ ही मेला परिसर में दुकानों के सुव्यवस्थित आवंटन, मार्गों को अतिक्रमणमुक्त रखने और जायरीन की सुविधा के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेला प्रारंभ होने से पूर्व अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर लें और व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा करते रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेले में आने वाले प्रत्येक जायरीन की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगमता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा किसी भी समस्या के सामने आने पर उसका तत्काल समाधान किया जाए। निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्री निरंकार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं मेला कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

टायर फटने से पेड़ से टकराई स्कार्पियो, पांच लोग गंभीर घायल

- लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर गोडारी मोड़ के पास हुआ हादसा, पीआरवी पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया

यूथ इंडिया। सफदरगंज बाराबंकी



लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर सफदरगंज थाना क्षेत्र के गोडारी मोड़ के पास शनिवार को तेज रफ्तार स्कार्पियो का अगला टायर अचानक फट गया। इससे चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और स्कार्पियो हाईवे किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में वाहन सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, स्कार्पियो (नंबर यूपी 52 सीएन 2006) लखनऊ से देवरिया की ओर जा रही थी। जैसे ही वाहन गोडारी मोड़ के पास पहुंचा, उसका अगला टायर अचानक फट गया। इससे स्कार्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन में सवार पांचों लोग घायल हो गए। हादसे में देवरिया जिले के बढ़िया थाना क्षेत्र के पर्शिया निवासी सलमान (23), मोहम्मद शिबू (29), मोहम्मद शाद (32), मोहम्मद आजाद (25) और अनिल घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलने पर पीआरवी 5491 के हेड कांस्टेबल सोनू तिवारी और चालक उमेश कुमार अवस्थी मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने हाईवे एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उनका इलाज किया जा रहा है। हाईवे पर अचानक हुए इस हादसे के बाद कुछ देर के लिए मौके पर हलचल रही। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना की वजह स्कार्पियो का अगला टायर फटना बताया जा रहा है।

हमारे पूर्वजों ने मुगलों और अंग्रेजों के दमन के खिलाफ उठाए थे हथियार: असीम अरुण



यूथ इंडिया। अमेठी

आज का ये कार्यक्रम न तो चुनाव के लिए है और न ही वोट के लिए, ये सिर्फ अपने अधिकार मांगने के लिए है। ये बातें आज क्रिकेट ग्राउंड इन्हौना अमेठी में आयोजित घुमंतू गौरव समागम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहीं। कार्यक्रम के आयोजक अब्दुल गनी बंजारा और सह आयोजक रावेन्द्र कुमार बारा रहे। मुख्य अतिथि असीम अरुण ने कहा कि घुमंतू विकास बोर्ड के बाद अब घुमंतू विकास मिशन शुरू किया जाएगा।

मिशन समाज के लोगों के लिए आधार, आय प्रमाणपत्र आदि जरूरी दस्तावेज तैयार करवाने में सहायता करेगा। उन्होंने कहा कि घुमंतू समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। पहले मुगलों से उसके बाद अंग्रेजों के दमन के खिलाफ हमारे पूर्वजों ने हथियार उठाया। उन्होंने कहा कि विमुक्त जातियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार की योजनाओं का सीधा लाभ डबल इंजन की सरकार पहुंचा रही है।

इससे बच्चों की पढ़ाई, महिलाओं की सुरक्षा और स्थायी आजीविका के नए रास्ते खुल रहे हैं। इस मौके पर विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख तिलोई प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख सिंहपुर अंकित पासी, काशी क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा शैलेश कुमार, आल इंडिया मुस्लिम बंजारा विकास मंच के जिला अध्यक्ष तौफीक बंजारा, आशिक बंजारा, कैप्टन अजीत जोगी, बब्बन सहित बड़ी संख्या में घुमंतू समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

हैदरगढ़ वनक्षेत्राधिकार रामचंद्र का कारनामा, कहते है पेड़ काटा गया है खबर छापिये

यूथ इंडिया। बाराबंकी



प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटान पर वन क्षेत्रक्षेत्राधिकारी बिल्कुल निष्क्रिय हैं या फिर उन्हें इसका कोई अनुचित लाभ दिया जा रहा है इसका अंदाजा लगा पाना बड़ी मुश्किल का काम है क्योंकि उनके ऑफिस में हमेशा वन माफियाओं को ही सम्मान दिया जाता है आखिर शिकायतों के बाद भी सरकारी कार्यों में रुचि क्यों नहीं ले रहेया तो डीएफओ साहब ही बता पाएंगे संबंधित के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं करते मामला बाराबंकी जनपद के वन रेंज हैदरगढ़ और हरख का है जहां पर दिन व रात वन माफिया द्वारा किए जा रहे प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटान रुकने का नाम नहीं ले रही है।

जिस दिन से वन क्षेत्र अधिकारी हैदरगढ़ रामचंद्र गौतम को हरख रेंज का चार्ज सौपा गया उसी दिन से वन माफियाओं की तूती बोलने लगी उनका एक ही सीधा उद्देश्य है साहब से मिलकर काम करेंगे तो किस बात का डर है और उन्ही वन माफियाओं की भाषा वन क्षेत्राधिकारी भी बोलने लगे यह वही वन क्षेत्र अधिकारी हैं जो मूर्ति विसर्जन के संबंध में रोड साइड में लगे सरकारी पेड़ों की मोटी शाखों को बनकटवा द्वारा कटवा कर क्षेत्र की ठेकियों पर भिजवा दिए।

जानकारी करने पर उसे समय भीएसडीएम हैदरगढ़ की छवि को धूमिल किए थे और बताया कि कटान हैदरगढ़ एसडीएम साहब करवा रहे हैं यही नहीं हरख रेंज में तो भान मऊ नहर पर सरकारी पेड़ों को ही गायब करवा दिया गया इसके संबंध में शिकायत भी हुई डीएफओ बाराबंकी के द्वारा शक्ति दिखाने पर सिर्फ बबूल के पेड़ों को दिखाने के लिए लाकर रखा गया बाकी अररु के पेड़ आज भी मौके से गायब है।

ताजा मामला हरख रेंज के तीर गांव के खदरा खोल गांव में महुआ का कटान किया गया बिना परमिट जिसकी सूचना देने के बाद भी वन विभाग को ना तो किसान का पता चला और ना ही ठेकेदार को खोज पाए जिसको वन क्षेत्र अधिकारी परमिट बता रहे हैं।

जबकि किसान द्वारा यह बताया जा रहा की कोई भी परमिट अभी नहीं आया है वही हैदरगढ़ रेंज के ढाकोली बल्लूपुर में सूत्रों द्वारा यह बताया गया कि यहां पर दो पेड़ का परमिट है लेकिन वन माफिया वन क्षेत्र अधिकारी रामचन्द्र गौतम के मौखिक आदेश पर आम और महुआ सहित करीब 10 पेंड़ काटन लिया है जिसकी जानकारी के लिए जब वन क्षेत्र अधिकारी हैदरगढ़ रामचंद्र गौतम के नंबर983809**** पर नंबर 945247**** से संपर्क किया गया तो उन्होंने क्रोधाभाष भाषा शैली में पूरे वन विभाग की छवि धूमिल करने की साजिशन अंदाज में बताया कि पेपर में खबर छाप दीजिए तो क्या खबर छापना ही समुचित कार्यवाही है या फिर बिना खबरों के कार्यवाही नहीं हो सकती आखिर वन क्षेत्र अधिकारी द्वारा ऐसा क्यों कहा गया।

भाषाई साम्राज्यवाद चला तो टूटेगा हिंदुस्तान: रघु ठाकुर

यूथ इंडिया। बाराबंकी



प्रख्यात समाजवादी चिंतक एवं जननेता रघु ठाकुर ने भाषाई साम्राज्यवाद को राष्ट्रीय एकता के लिए गंभीर खतरा बताते हुए कहा कि भाषा के आधार पर कट्टरता और क्षेत्रीयता को बढ़ावा दिया गया तो हिंदुस्तान टूटेगा, बनेगा नहीं। भाषा समाज को जोड़ने का माध्यम है, लेकिन राजनीतिक स्वार्थों के लिए इसे टकराव का हथियार बनाया जा रहा है। वैश्विक कॉरपोरेट ताकतें भी भाषाई अलगावाद को हवा देने की फिराक में हैं।

शनिवार को देवा रोड स्थित गांधी भवन में 'डॉ. लोहिया और भाषाई साम्राज्यवाद' विषयक परिचर्चा को संबोधित करते हुए रघु ठाकुर ने हिंदी के सवाल पर केंद्र सरकार की दोहरी नीति पर सवाल उठाए।

कहा कि तमिलनाडु में हिंदी के विरोध पर केंद्र ने अनुदान रोक दिया, जबकि महाराष्ट्र में हिंदी की पढ़ाई बंद करने जैसे फैसलों पर मौन है। उन्होंने गैरमराठी ऑटो चालकों के लिए मराठी भाषा प्रमाणपत्र अनिवार्य किए जाने पर भी चिंता जताई। कहा कि ऐसे निर्णय भाषाई विद्वेष बढ़ाकर राष्ट्रीय एकता को कमजोर करेंगे। रघु ठाकुर ने कहा कि महात्मा गांधी, डॉ. राममनोहर लोहिया, लोकमान्य तिलक और रवींद्रनाथ टैगोर ने अंग्रेजी की औपनिवेशिक मानसिक गुलामी से मुक्ति का रास्ता दिखाया था।

भारतीय भाषाएं एक-दूसरे की प्रतिद्वंद्वी नहीं, सहयोगी बननी चाहिए। समाजवादी चिंतक राजनाथ शर्मा ने कहा कि भाषा समाज की अस्मिता और स्वाभिमान का आधार है। डॉ. लोहिया ने अंग्रेजी के वर्चस्व के विरुद्ध संघर्ष को सामाजिक समानता और लोकतांत्रिक अधिकारों से जोड़ा था। भारतीय भाषाओं के बीच विवाद दुर्भाग्यपूर्ण है।

पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने कहा कि मुलायम सिंह यादव भारतीय भाषाओं के सम्मान के लिए सड़क से सदन तक संघर्षरत रहे। भाषा को राजनीतिक टकराव का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। परिचर्चा में राजनाथ शर्मा और अरविंद सिंह गोप ने रघु ठाकुर को 'मधु लिमये सम्मान' तथा लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामसेवक यादव को 'डॉ. लोहिया सम्मान' प्रदान किया। विभिन्न जिलों से आए 50 लोकतंत्र सेनानियों को 'जेपी सेनानी सम्मान' से नवाजा गया।

इस अवसर पर विनय कुमार सिंह, तौकीर करीर, अजय वर्मा बबलू, विजय कुमार सिंह मुन्ना, सलाउद्दीन किदवाई, विजय पाल गौतम, रामेश्वर दयाल, आरपी अवस्थी, कृष्ण दत्त पाठक, रामकृष्ण राठौर, वीरेन्द्र प्रधान और पूर्व चेयरमैन धीरेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

एसआईआर में बीएलओ के काम की डीएम ने की सराहना

- घर-घर सर्वे कर मतदाताओं का जुटा रहे ब्योरा, बूथ संख्या 336 और 337 के कार्मिकों के कार्य की प्रशंसा

यूथ इंडिया। उरई (जालौन)



विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता सूची को शुद्ध और अद्यतन बनाने में जुटे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के कार्यों की जिलाधिकारी समीर ने सराहना की। उन्होंने बूथ संख्या 336 की बीएलओ रेशमा खातून और बूथ संख्या 337 की बीएलओ रानी देवी के दस्तावेजीकरण कार्य को महत्वपूर्ण बताया।

एसआईआर के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का ब्योरा जुटा रहे हैं। इस दौरान पात्र मतदाताओं के साथ मृतक और अन्यत्र स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं की जानकारी एकत्र कर अभिलेखों में दर्ज की जा रही है। इससे मतदाता सूची में नामों का सत्यापन करने और नियमानुसार संशोधन करने में मदद मिल रही है।

जिलाधिकारी ने कहा कि शुद्ध और अद्यतन मतदाता सूची निष्पक्ष निर्वाचन का आधार है। इसलिए पुनरीक्षण के दौरान प्रत्येक जानकारी का सावधानीपूर्वक सत्यापन और सही दस्तावेजीकरण जरूरी है। निर्वाचन कार्य में लगे कार्मिकों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पारदर्शिता के साथ काम करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा किए जा रहे व्यवस्थित प्रयासों से पात्र मतदाताओं की पहचान करने और मृतक अथवा स्थानांतरित मतदाताओं से संबंधित प्रविष्टियों के सत्यापन में सहायता मिलती है। इससे मतदाता सूची की विश्वसनीयता बढ़ाने और निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी।

सड़कों के निर्माण के लिए विधायक ने किया भूमिपूजन

- 1 करोड़ 28 लाख की लागत आएगी सामी और हिंगुटा की सड़कों के निर्माण में

यूथ इंडिया। कोंच



विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कोंच ब्लॉक के ग्राम सामी और हिंगुटा में दो सड़कों का निर्माण कराए जाने को लेकर शनिवार को भूमि पूजन किया। इन दोनों सड़कों के निर्माण पर करीब 1 करोड़ 28 लाख की लागत आएगी।

ग्राम सामी में त्वरित आर्थिक विकास योजनांतर्गत मुन्ना प्रजापति के मकान से लेकर बालजी गुर्जर के मकान तक 500 मीटर लंबी इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमिपूजन किया। इसके निर्माण पर करीब 38 लाख रुपए की लागत आएगी। इसके अलावा ग्राम हिंगुटा में बुंदेलखंड विकास निधि योजनांतर्गत 1.150 मीटर लंबी सड़क का निर्माण होना है जिसमें 90 लाख रुपए की लागत आएगी।

विधायक मूलचंद्र ने ब्राह्मणों द्वारा उच्चारित वेद मंत्रों के बीच भूमि पूजन किया और फावड़े से खुदाई कर निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। इस दौरान विधायक ने कहा, उनका लक्ष्य है कि विधानसभा क्षेत्र में कस्बों से लेकर गांवों तक में कोई भी सड़क टूटी-फटी न रहने पाए। जो खराब सड़कें बनने से रह गई हैं वह सभी प्राथमिकता के आधार पर जल्द ही बनवाई जाएंगी।

इससे पूर्व प्रधानों सहित ग्रामीणों ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर आनंद पचौरी, बालजी गुर्जर, गौरव गुर्जर, दिग्विजय सिंह, कन्हैया वर्मा, सुनील शर्मा, विकास पटेल धनौरा, गौरी चबोर, प्रदीप पटेल, बबलू गुर्जर, दीपू परिहार आदि मौजूद रहे।

एक दिवसीय विधानसभा क्षेत्र स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन जगदीशपुर में 28 व अमेठी में 29 अक्टूबर को

यूथ इंडिया। अमेठी

जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी के तत्वाधान में जनपद के तकनीकी व गैर-तकनीकी शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 02 रोजगार मेलों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रथम विधानसभा क्षेत्र स्तरीय रोजगार मेला 28 अक्टूबर 2026 को प्रातः 10 बजे से संजय गॉधी राजकीय पॉलीटेक्निक, जगदीशपुर विधानसभा में तथा द्वितीय विधानसभा क्षेत्र स्तरीय रोजगार मेला 29 अक्टूबर 2026 को प्रातः 10 बजे से राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, धम्मौर रोड, अमेठी विधानसभा में आयोजित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि उक्त रोजगार मेलों में देश व प्रदेश की प्रमुख वाहन निर्माता, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्टील, गैस वितरण, रिटेल एवं सेवा क्षेत्र की बहुराष्ट्रीय कंपनियॉ प्रतिभाग कर रही है, जिनके द्वारा 10वीं, 12वीं, आई0टी0आई0, पॉलीटेक्निक डिप्लोमा एवं स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का सीधे साक्षात्कार एवं चयन किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने बताया कि उपरोक्त रोजगार मेलों में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को अद्यतन बायोडाटा/रिज्यूम की 2-3 प्रतियॉ, शैक्षणिक योग्यता से सम्बन्धित अभिलेखों यथा-10वीं, 12वीं, आई0टी0आई0, डिप्लोमा या ग्रेजुएशन की अंकतालिका/प्रमाण पत्रों की केवल छायाप्रतियॉ, पहचान पत्र हेतु आधार कार्ड या वोटर आई0डी0 की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा।

उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों का पूर्व में ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य नहीं है, अभ्यर्थी सीधे मेले के दिन स्थल पर पहुंचकर अपना पंजीकरण करा सकते है तथा यह भर्ती प्रक्रिया पूर्णतः 100 प्रतिशत निःशुल्क है, जिसमें अभ्यर्थियों से किसी भी स्तर पर कोई आवेदन शुल्क, प्लेसमेंट चार्ज या सिक्योरिटी डिपॉजिट नहीं लिया जायेगा।

इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि मेले से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी एवं भविष्य के अवसरों के लिए अभ्यर्थी उ0प्र0 सरकार के आधिकारिक पोर्टल Rojgaarsangam-up-gov-in पर विजिट कर सकते है या विभागीय टोल-फ्री नम्बर-155330 पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, 150 किलो फफूंदी लगी मिठाई नष्ट कराई

यूथ इंडिया। अमेठी



आगामी दीपावली एवं अन्य त्योहारों के दृष्टिगत आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शशांक चौधरी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जनपद में निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार, 24 अक्टूबर 2026 को खाद्य सुरक्षा विभाग के सचल दल ने ग्राम पूरे जहां, राजा फतेहपुर स्थित मिठाई निर्माण इकाई का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान इकाई में फफूंदी लगी मिठाइयां एवं मिल्क छेना सहित अन्य खाद्य पदार्थ पाए गए। खाद्य सुरक्षा टीम ने जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मौके पर ही लगभग 150 किलोग्राम मिठाइयों को नष्ट करा दिया। नष्ट कराई गई मिठाइयों में मिल्क केक, पेड़ा, छेना बर्फी आदि शामिल थीं, जिनका अनुमानित मूल्य करीब 40 हजार रुपये बताया गया है।

निरीक्षण के दौरान मिठाई निर्माण इकाई में साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर खाद्य विक्रेता रंजीत, पुत्र ज्वाला प्रसाद को कारखाने में साफ-सफाई एवं स्वच्छता संबंधी कमियों को दूर करने के लिए सुधार सूचना जारी की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय में कमियों का सुधार नहीं किए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा त्योहारों के दौरान मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य मिलावटी, दूषित एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाना और आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा करना है।

विभाग ने खाद्य कारोबारियों को निर्माण इकाइयों एवं प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई बनाए रखने, खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कार्रवाई के दौरान सहायक आयुक्त खाद्य सतीश कुमार शुक्ला मौके पर मौजूद रहे।

डीएम ने एआरटीओ कार्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

यूथ इंडिया। अमेठी



जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने आज सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर विभिन्न पटलों पर संचालित कार्यों, लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया, कर वसूली तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान लाइसेंस संबंधी पत्रावलियों में विभिन्न खामियां मिलने पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त किया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय परिसर में घूम रहे व्यक्तियों से उनके कार्यालय आने का प्रयोजन पूछा।

इसके बाद उन्होंने विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर वहां संपादित किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। लाइसेंस बनवाने आए अभ्यर्थियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने लाइसेंस से संबंधित विभिन्न पत्रावलियों का अवलोकन करते हुए निर्देश दिया कि लाइसेंस जारी करने से पूर्व जिन अभ्यर्थियों की टेस्टिंग की जाती है, उनकी पत्रावली में संबंधित फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से शामिल किए जाएं तथा टेस्टिंग की रिपोर्ट भी दर्ज की जाए। इस प्रक्रिया में लापरवाही मिलने पर उन्होंने वरिष्ठ सहायक संजय सिंह के प्रति नाराजगी व्यक्त की।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने सितंबर माह में जारी किए गए 10 लाइसेंसों की पत्रावलियों की जांच की, जिसमें विभिन्न खामियां पाई गईं। इस पर उन्होंने संबंधित कर्मचारी को चेतावनी देते हुए भविष्य में निर्धारित प्रक्रिया का पूरी तरह अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम-एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

- 10 शिकायतों में चार का मौके पर निस्तारण

यूथ इंडिया। आटा



जिलाधिकारी समीर कुमार व पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने शनिवार को थाना आटा में आयोजित थाना समाधान दिवस में दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं। इस दौरान प्राप्त 10 शिकायतों में से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

जबकि शेष छह शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें गठित कर उन्हें मौके पर भेजा गया। इस दौरान डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों की बात सुनें और प्रत्येक प्रकरण में नियमानुसार निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करें।

किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा फरियादियों को समयबद्ध तरीके से राहत उपलब्ध कराई जाए।पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों की शिकायतों को संवेदनशीलता और गंभीरता से सुनते हुए निष्पक्ष कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि पुलिस एवं राजस्व विभाग आपसी समन्वय के साथ शिकायतों का निस्तारण करें, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

थाना समाधान दिवस के उपरांत डीएम समीर कुमार व एसपी सुरेश चंद्र रावत ने आटा थाने का निरीक्षण कर थाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर थानाध्यक्ष अभिलाष मिश्रा व अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

डांडिया उत्सव में दिव्या निगम बनीं डांडिया क्वीन

- इनर व्हील क्लब ऑफ उरई कल्याणी का आयोजन, रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां

यूथ इंडिया। उरई (जालौन)



इनर व्हील क्लब ऑफ उरई कल्याणी की ओर से होटल नवोदय सरोवर में भव्य डांडिया उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। रंग-बिरंगे परिधानों, संगीत और डांडिया की थाप के बीच महिलाओं ने उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम में सोलो और ग्रुप डांस की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। डांडिया क्वीन प्रतियोगिता में दिव्या निगम ने खिताब अपने नाम किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब अध्यक्ष उषा सेठ, उनकी टीम और वरिष्ठ सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद क्लब सदस्यों और बाहर से आए अतिथियों का स्वागत किया गया। उत्सव के दौरान प्रतिभागियों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों से माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया।

डांडिया उत्सव में विभिन्न चरणों में आयोजित प्रतियोगिताओं के साथ छह विशेष पुरस्कार और लकी ड्रॉ भी रखा गया। इसमें प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। डांडिया क्वीन प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों के बाद दिव्या निगम को डांडिया क्वीन के खिताब से नवाजा गया। उनकी उपलब्धि पर उपस्थित सदस्यों ने खुशी जताई। संगीत, नृत्य और उत्साह से सराबोर कार्यक्रम का समापन भव्य रात्रिभोज के साथ हुआ।

कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष उषा सेठ, आईपीपी वंदना श्रीवास्तव, अरुणा सक्सेना, सुधा पाल, अपराजिता लोधी, सुमन गहरोत्रा, सुधा लोधी, रचना मिश्रा, जया, प्रियंका, मनीषा, अनुज्ञा, मंजू रावत, स्नेहलता श्रीवास्तव, रमा श्रीवास्तव, अलका, आरती सुहाने, संध्या, अनुराधा, आभा, सोनिया, सुनीता, अलका रानी, प्रीति गुप्ता, नीलू, सुधा और श्रद्धा सेंगर सहित क्लब की अन्य सदस्य मौजूद रहीं।

पेट के लिए अच्छा होता है हरा बादाम

हरे बादाम नट्स होते हैं, जो पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। सूखे बादाम की तुलना में इनमें कई पोषक तत्व अधिक होते हैं। क्या-क्या हैं इनके फायदे और इन्हें कैसे खाएं, इस आलेख में हम यही बता रहे हैं -



- हरे बादाम स्वास्थ्य के लिए अच्छे होते हैं, क्योंकि ये एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होते हैं और शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकाल सकते हैं। ये रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं।
- ये बादाम वजन घटाने के लिए अच्छे हैं, क्योंकि इनमें स्वस्थ वसा शामिल है। ये अतिरिक्त वसा को बाहर निकालने में मदद करते हैं।
- हरे बादाम पेट के लिए अच्छे होते हैं, क्योंकि इनमें बहुत अधिक फाइबर होता है, जो पाचन प्रक्रिया को सुचारू बनाता है और कब्ज से मुक्ति दिलाता है।
- ये बालों के लिए भी फायदेमंद हैं, क्योंकि इनमें विटामिन, खनिज और कई अन्य पोषक तत्व होते हैं।
- हरा बादाम फोलिक एसिड का अच्छा स्रोत है, जो भ्रूण के मस्तिष्क और न्यूरोलॉजिकल विकास में मदद करता है। इसमें मौजूद विटामिन ई बच्चे को अस्थमा के जोखिम से बचाता है।

बरतें सावधानी

- सूखे बादाम के मुकाबले हरे बादाम में पानी की मात्रा अधिक होती है और फाइबर भी ज्यादा होता है। इसलिए गर्मियों के मौसम में सूखे बादाम के मुकाबले हरे बादाम ज्यादा खाए जा सकते हैं।
- हरे बादाम में पानी और फाइबर की मात्रा भरपूर होने के कारण ये गर्मियों के मौसम में पाचन में बहुत मदद करते हैं। वैसे तो हरे बादाम को खाने की मात्रा डाइट पर निर्भर करती है, पर आमतौर पर आठ से दस बादाम एक दिन में खाये जा सकते हैं।
- हरे बादाम में पोटैशियम अधिक होता है। इसलिए किडनी से जुड़ी परेशानी वालों को विशेषज्ञ से परामर्श के बाद ही इनका सेवन करना चाहिए।
- वैसे तो हरे बादाम को छीलकर खाया जा सकता है, पर कोई इस तरह न खाना चाहे, तो इनको ऑलिव ऑयल के साथ भी खा सकते हैं।

बुढ़ापे से रहना है दूर तो रोजाना खाएं ये 5 तरह के फूड



बुढ़ा होना एक नेचुरल प्रक्रिया है, जिसे आने से कोई नहीं रोक सकता है, लेकिन जीवन में मिलने वाली तमाम तरह की चुनौतियों से लड़ते-लड़ते इंसान कितनी जल्दी बूढ़ा हो जाता है, ये बात वह खुद भी नहीं समझ पाता है। चेहरे पर झुर्रियां, आंखों के नीचे कालापन, बालों का रूखा होना जैसी चीजें दिखाती हैं कि आप बूढ़े होने लगे हैं। ऐसे में हमारा खानपान बेहतर होना बहुत जरूरी है। हम आपको ऐसे फूड के बारे में बता रहे हैं, जिसके सेवन से बुढ़ापा जल्दी नहीं आएगा। टमाटर और तरबूज लाइकोपेन के समृद्ध स्रोत के रूप में जाने जाते हैं। लाइकोपेन फ्री रेडिकल्स को न्यूट्रिलाइज करता हुआ उनका सामना करता है और विशेष तरह के कैंसर होने के चांस भी घटाता है। एंटिऑक्सीडेंट्स की मौजूदगी त्वचा को सन डैमेज से सुरक्षित रखती है। पकाए गए टमाटर बेहतर विकल्प हैं, क्योंकि गर्म होने के कारण शरीर में अधिक एंटिऑक्सीडेंट्स मिलते हैं। टमाटर का जूस और कच्चे टमाटर भी अच्छे स्रोत हैं।

लहसुन और सब्जियां

लहसुन और दूसरी सब्जियां जैसे प्याज, लीक्स और शैलॉट्स में एलियम होता है, जो फ्री रेडिकल्स का सामना करने का ताकतवर हथियार है। ये न केवल एजिंग का सामना करते हैं, बल्कि शरीर के इम्यून सिस्टम की मजबूती भी बढ़ाते हैं।

बेरीज

बेरीज जैसे कि ब्ल्यूबेरीज, स्ट्रॉबेरीज, ब्लैकबेरीज, चेरीज और पॉमग्रेनेट एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। गहरे रंगों वाले फल और सब्जियों में एंटी ऑक्सीडेंट कैमिकल्स सुरक्षित रहते हैं।

बीन्स

सभी तरह की बीन्स, रेड, ब्लैक, किडनी, एंटिऑक्सीडेंट्स का समृद्ध स्रोत हैं। सोयाबीन्स में आईसोफ्लेवन्स होता है, जिसमें एंटि-एजिंग गुण होते हैं। ये कैंसर, बैड कोलेस्ट्रॉल और ऑस्टियोपोरोसिस की रोकथाम में सहायक होते हैं।

नट्

नट्स में स्वास्थ्यवर्धक फैट होते हैं, जो इलास्टिन और कोलेजेन का लाभ देते हुए (त्वचा में पाए जाने वाले प्रोटीन) त्वचा की नमी बरकरार रखते हैं। एक मुट्ठी नट्स रोज लेने से आपको जरूरी एंटिऑक्सीडेंट्स मिल जाते हैं। कम मात्रा में लेने की सलाह दी जाती है, चूंकि नट्स में काफी कैलोरी होती है।

रेसिपी



ऑरेंज संदेश की मिठाई

सामग्री

- किसा हुआ ताजा पनीर: 2 कप
- ऑरेन्ज क्रश (संतरे का गूदा): 3/4 कप
- दूध: 2 टेबल-स्पून
- छिले हुए संतरे की फांक: 1/2 कप
- केसर: 5 धागे
- पिस्ता बारीक कटा हुआ: 1 चम्मच

विधि

पनीर, संतरे का गूदा और दूध को एक बाउल में मिलाकर तब तक मसलें, जब तक सारी सामग्री मिक्स होकर एक जैसी न हो जाए। मिश्रण की छोटी-छोटी गोलियां बनाएं और उसके ऊपर केसर के धागे एवं कटा हुआ पिस्ता डालकर सजाएं। सर्व करते समय इन्हें संतरे की फांक के साथ सजाकर पेश करें। आप चाहें तो इसे प्लेट में डालकर अच्छी तरह फैला लें। इसके ऊपर संतरे की फांक लगाकर सजाएं। कम से कम 3 से 4 घंटे के लिए इसे फ्रिज में जमने के लिए रखें। ठंडा परोसें।



बाजरा खिचड़ी

सामग्री

- बाजरा : 1 कप
- गाजर (कटी हुई) : 1/2 कप
- बीन्स : 1/2 कप
- मटर : 1/2 कप
- हरी धुली मूंग दाल : 1/2 कप
- प्याज : 1/2 कप
- हल्दी : एक चौथाई टेबलस्पून
- नमक : 1 टेबलस्पून
- जीरा : 1 टेबलस्पून
- लाल मिर्च : 1 टेबलस्पून
- तेल : 1 टेबलस्पून

विधि

मूंग दाल धोकर आधे घंटे तक भिगोने के लिए रख दें। बाजरे को धोएं और उसे पानी में एक घंटे के लिए भिगोकर रख दें। प्रेशर कुकर लें और इसमें एक टेबलस्पून तेल डालें। इसके बाद एक टेबलस्पून जीरा डालें। कटी हुई प्याज डालकर धीमी आंच पर पकाएं। प्याज के हल्के भूरे होने पर इसमें गाजर डालें। अब कटे हुए बीन्स और मटर डालें। अच्छी तरह से मिक्स करें। हल्का पकने के बाद इसमें मूंग दाल के साथ उसका पानी भी डाल दें। अब प्रेशर कुकर में बाजरे के साथ उसका पानी भी डाल दें। इसमें थोड़ा और पानी डालकर इसे उबाल लें। अब 1 टेबलस्पून नमक, लाल मिर्च और हल्दी पाउडर डाले। खिचड़ी जैसा गाढ़ापन लाने के लिए इसमें थोड़ा और पानी डालें। अब प्रेशर कुकर का ढक्कन ढक दें। प्रेशर कुकर में तीन से चार सीटियां लगने दें। 10 मिनट के लिए ठंडा होने दें। दही के साथ गरमागरम खिचड़ी सर्व करें।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष — चू चे चो ला ली लू ले लो आ

लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-3-6-8

वृष — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक-4-6-8

मिथुन — का की कू घ ङ छ के को हा

अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

कर्क — ही हू हे हो डा डी डू डे डो

श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

सिंह — मा मी मू मे मो टा टी टू टे

धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। अपने काम पर नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

कन्या — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना। शुभांक-4-6-8

तुला — रा री रु रे रो ता ती तू ते

जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक — तो ना नी नू ने नो य यी यू

परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान हैं अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-2-6-9

धनु — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। शुभांक-6-8-9

मकर — भे जा जी खी खू खे खो गा गी

धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। शुभांक-4-7-9

कुंभ — गू गे गो सा सी सू से सो दा

सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-3-6-9

मीन — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी। शुभांक-2-4-7

काकुरो पहेली - 4048



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



काकुरो - 4047 का हल



लॉफिंग ज़ोन

बड़े लंबे अरसे बाद दो पुराने पड़ोसी दोस्त मिले। एक-दूसरे का हालचाल पूछने पर मालूम हुआ कि दोनों शादी कर चुके हैं।

पहला उत्सुकतावश बोला- कैसी है तुम्हारी पत्नी?

दूसरे ने चहककर बताया- मेरी पत्नी का क्या कहना यार! वो तो स्वर्ग की अप्सरा है अप्सरा...!

पहला मायूस होकर दबे स्वर में बोला- खुशकिस्मत हो भाई! मेरी तो अभी जिंदा है....।

□ □ □

बहुत दिनों के बाद पुराने मित्रों का मिलन हुआ। रमेश ने पूछा- तुम्हारी उस प्रेमिका का क्या हुआ, जिसके तुम बहुत बड़े आशिक हुआ करते थे, उस जमाने में।

नरेश- कुछ खास नहीं! उसकी माँग इतनी बड़ी थी कि मुझे उससे रिश्ता तोड़ना पड़ा।

रमेश- अच्छा! लेकिन तुम्हारी प्रेमिका की माँग क्या थी?

नरेश- तुमसे शादी करने की।

□ □ □

एक बच्चाा तालाब में डूब रहा था। सभी देख रहे थे। किसी में हिम्मत न थी कि बच्चो को बचा लाए। तभी एक साहब ने छलांग लगा दी और बच्चो को बचा लिया। दर्शकों में से एक बोला - बडी हिम्मत की आपने ।

वह व्यक्ति बोला - हिम्मत की ऐसी-तैसी, पहले यह बताओ, मुझे धक्का किसने दिया था ?

फिल्म वर्ग पहेली- 4048



बायें से दायें:-

१. शशिकपूर, रेखा, नीना गुप्ता की 'सांझ ढले गगन तले' गीतवाली फिल्म-३
३. 'तेरी आंखों के सिवा' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-३
५. संजय दत्त, मनीषा, रवीना की 'अंख लड़ती है तो' गीत वाली फिल्म-२
७. सलीम दुर्रानी व परवीन बाबी की बी. आर. इशारा निर्देशित फिल्म-३
८. आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
९. रवीना को किस फिल्म में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्री पुरस्कार मिला था-३
११. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
१२. धर्मेन्द्र, सायराबानो की 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
१३. फिल्म 'मदर' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-२
१४. इच्छाधारी सांपों पर आधारित एक बहुसितारा फिल्म-३
१५. अक्षय, लारा, प्रियंका की 'किसी से तुम प्यार करो' गीत वाली फिल्म-३
१७. गुरूदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
१९. चंद्रचूड़, अरशद वारसी, तब्बू की 'पानी पानी रे' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आओ तुम्हें चांद पे' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा, रीना की फिल्म-२
२३. फिल्म 'विनाशक' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. 'ओरी छोरी' गीत वाली फिल्म-३
२६. संजय, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
२७. फिल्म 'ड्रीमगर्ल' की नायिका थी-२
२९. चंद्रचूड़, अरशद, मयूरी की फिल्म-३
३१. धर्मेन्द्र, हेमा की 'चोरों को सारे नजर आते हैं' गीत वाली फिल्म-२,३
३४. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक?-२
३५. अजय, आफताब, विवेक, रितेश, लारा दत्ता, अमुताराव, तारा शर्मा, जेनीलिया की फिल्म-२

ऊपर से नीचे:-

१. चंकी पांडे, जयाप्रदा, किमी की 'चीची वाला छल्ला' गीत वाली फिल्म-३
२. 'चांदा मामा दूर के' गीत वाली राजेंद्र कुमार, गीता बाली की फिल्म-३
३. अशोककुमार, मीनाकुमारी की 'मन रे तू काहे ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'आपकी याद आती' गीत वाली फारूख शेख, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
६. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-४
१०. 'जुबां पे दर्द भरी' गीत वाली राजकुमार, माला सिन्हा की फिल्म-३
१२. 'बड़े मियां दीवाने' गीत वाली फिल्म-३
१५. संदीव कुमार और देवेन वर्मा दोनों की दुहरी भूमिकाओं वाली फिल्म-३
१६. 'रंग चला बहार चली' गीत वाली राजेश खन्ना, ऋषि, पूनम की फिल्म-३
१८. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की 'बहुत प्यार करते है' गीत वाली फिल्म-३
२०. फिल्म 'तेरे नाम' का नायक?-४
२२. सायराबानो की पहली फिल्म जिसके नायक शम्मीकपूर थे-३
२४. 'चूड़ेवाली छमिया' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-३
२८. बलराज साहनी, नूतन की 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'कोयल सी तेरी बोली' गीतवाली फिल्म-२
३०. फिल्म 'ताजमहल' की नायिका?-२
३२. रितिक, करीना की 'ऐरी रे ऐरी क्या है ये पहेली' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 4047

ब्लै	क	मे	ल	■	सौ	दा	ग	र	■
■	ज	■	की	म	त	■	द	■	मौ
आं	■	सू	र	■	न	फ	र	त	■
दो	ग	हा	■	खे	■	की	■	नु	■
ल	■	ग	ज	ल	■	ग	जा	जा	नी
न	■	■	मी	■	सं	■	ल	■	य
■	गं	वा	र	■	जो	र	■	अं	त
को	■	रि	■	आ	ग	■	जो	श	■
ह	व	स	■	द	■	खु	शी	■	लै
ग	■	■	ज	मी	न	■	ला	ड	ला

सूडोकु -4048

				5	1	4		
			7				2	
		8						3
	1							8
5				4				9
7							6	
4						7		
	2				6			
		3	9	8				

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -4047 का हल

4	7	6	3	5	2	9	1	8
5	9	8	6	7	1	4	3	2
2	3	1	8	9	4	7	6	5
6	8	5	7	3	9	2	4	1
3	2	4	5	1	6	8	7	9
7	1	9	4	2	8	3	5	6
8	4	3	2	6	5	1	9	7
1	5	2	9	4	7	6	8	3
9	6	7	1	8	3	5	2	4

शब्द पहेली - 4048



बाएँ से दाएँ

1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट,शर्ट-3
6. लाख,गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान,रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा,उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष,बरस-2
18. लय,स्वर-2
19. गदर,बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर,घमंड-4
24. राजा,सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ,फिजूल-3
28. चतुर्थ,चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

ऊपर से नीचे

1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत,जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर,थाती-4
15. तरंग,हिलोर-3
16. निरंकुश,मुंहजोर-4
17. किनारा,तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया,जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर,भगवान-2
28. प्रेम,लगन-2

शब्द पहेली -4047 का हल

■	बं	दा	न	वा	ज	■	आ	स	मा	न
न	दी	■	र	■	ल	बा	दा	■	र	जा
ब	■	ज	म	ज	म	■	ब	री	■	क
जी	म	ना	■	■	ह	ठ	■	ता	क	त
ब	■	चा	■	जे	ल	■	पे	■	ता	■
न	ग	र	से	ठ	■	फ	ट	का	र	ना
■	री	■	ना	■	स	ना	■	रो	■	म
मु	ब	ह	■	दा	म	■	■	बा	री	क
र	■	क	श	■	झ	न	का	र	■	र
ता	प	■	प	र	दा	■	म	■	क	ण
ल	थ	प	थ	■	र	च	ना	का	र	■



नाना ने 5 साल तक नहीं की थी पिता जी से बात: सलमान खान

हाल ही में बॉलीवुड के दबंग भाईजान सलमान खान ने खुलासा किया कि उनके नाना उनकी मॉम और डैड की शादी के सख्त खिलाफ थे और उन्होंने पापा सलीम खान से पूरे पाँच साल तक बात तक नहीं की थी। सलमान ने यह चौंकाने वाला किस्सा किसी और जगह नहीं, बल्कि बिग बॉस 20 के मंच पर वीकेंड के वार के दौरान सबके सामने रखा।

इतना ही नहीं, एक्टर ने अपने माता-पिता की लड़ाई को लेकर भी हैरान करने वाला खुलासा किया, जब सलमान की मां, सलमा खान, सलीम खान संग बहस करके गुस्से में घर छोड़कर अपने मायके चली गई थीं। बिग बॉस 20 के स्टेज पर कंटेस्टेंट्स से बात करते हुए सलमान खान ने अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़ा यह पुराना और दिलचस्प राज खोला। उन्होंने बताया कि जब उनके माता-पिता की शादी हुई थी, तब किसी धर्म को लेकर कोई दिक्कत नहीं थी, बल्कि असली वजह कुछ और ही थी। सलमान ने बताया कि उनके नाना इस बात से नाराज थे कि उनकी बेटी की शादी एक ऐसे गुड लुकिंग इंसान से हो रही है जो एक्टर बनना चाहता है और फिल्म इंडस्ट्री में हाथ आजमा रहा है। नाना को इसी बात पर सबसे बड़ा एतराज था। सलमान ने आगे बात करते हुए बताया कि उनके नाना को हमेशा यही डर सताता रहता था कि उनकी बेटी इस फिल्मी माहौल में अपना जीवन कैसे बिताएगी। इसी नाराजगी के चलते उन्होंने सलीम खान से पाँच साल तक दूरी बनाए रखी और बातचीत बंद कर दी थी।

एक्टर ने यह भी साझा किया कि जब उनके छोटे भाई सोहेल खान का जन्म हुआ, तब उनके नाना माहिम से बांद्रा आए थे। वह अपने साथ जलेबी का डिब्बा लेकर आए थे और उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया था कि उनसे बहुत बड़ी भूल हो गई कि उन्होंने अपने नाती-नातिन को बचपन में बड़े होते हुए नहीं देखा। वहीं, सलमान ने ये भी बताया कि एक बार जब डैड और मॉम की एक लड़ाई हुई तो मॉम गुस्से में मायके चली गईं, लेकिन उनके नाना ने फिर उनकी मां को कहा कि वह जब चाहें घर आ सकती हैं, लेकिन लड़ाई के बाद कभी नहीं। सलमान ने अपने नाना के शब्दों को दोहराते हुए कहा, उन्होंने कहा कि तुम कभी भी घर आ सकती हो, लेकिन झगड़ा करके तुम नहीं आओगी। यह एक ऐसी सीख थी जो सलमा खान के जीवन में हमेशा रही। सलीम खान और सलमा की प्रेम कहानी भी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। दोनों के प्यार की शुरुआत बालकनी से एक-दूसरे को देखने से हुई थी। सलीम खान ने खुद एक बार बताया था कि वे शाम और रात के वक्त लाइन में खड़े होकर एक-दूसरे से मिल लिया करते थे। जब सलमा के घर वालों को इस बात की भनक लगी, तो उन पर काफी दबाव बढ़ने लगा। इसके बाद दोनों ने कड़ा कदम उठाते हुए शादी करने का फैसला किया। सलीम खान की जिंदगी में एक नया मोड़ तब आया जब उनकी मुलाकात हेलेन से हुई। सलीम और हेलेन साल 1963 में एक फिल्म के सेट पर मिले थे, जहां से दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई। इसके बाद सलीम और हेलेन ने साल 1980 में शादी कर ली। हालांकि सलीम खान पहले से शादीशुदा थे और उनके चार बच्चे थे, लेकिन इसके बावजूद पूरे परिवार ने हेलेन को खुले दिल से अपनाया।



मैं हर किसी के लिए उपलब्ध नहीं हूं: माही विज

हाल ही में बिग बॉस-20 में अभिनेत्री माही विज से साथी प्रतियोगी काजी तौकीर ने उनकी प्रेम कहानी के बारे में मजाकिया अंदाज में सवाल पूछा, जिस पर माही विज शर्मा गईं। तौकीर ने पूछा कि क्या कोई भी व्यक्ति उनसे संपर्क कर सकता है। इस सवाल के जवाब में माही ने कहा, नहीं, कोई मुझसे संपर्क नहीं कर सकता। मैं सबके लिए उपलब्ध नहीं हूं।

उनके इस जवाब ने चर्चा को और हवा दी, खासकर ऐसे समय में जब उनके निजी जीवन को लेकर अटकलें तेज हैं। इसके बाद काजी ने माही से और जानकारी लेने की कोशिश की, यह जताते हुए कि शायद वह कुछ चुनिंदा लोगों में ही दिलचस्पी रखती हों। उन्होंने माही को चिढ़ाते हुए पूछा कि क्या वह तीन-चार लोगों में से किसी को चुनेंगी या कोई उसे सीधे शादी का प्रस्ताव दे सकता है। काजी के लगातार मजाक उड़ाने पर माही मुस्कुराती और शर्माती नजर आईं, लेकिन अपनी बात पर कायम रहीं। उन्होंने यह भी सवाल किया कि उनके पास कितने विकल्प हैं, यह इशारा करते हुए कि माही की प्रतिक्रिया से शायद यह पता चलता है कि उनकी जिंदगी में कोई खास है या उन्हें कई लोगों का ध्यान मिल रहा है, हालांकि माही ने किसी में दिलचस्पी होने की बात स्वीकार नहीं की। उस समय उदिति भी उनके आसपास ही थीं, जिन्होंने टिप्पणी की कि शायद माही का कोई खास इंसान यह शो देख रहा होगा। यह हल्की-फुल्की बातचीत जनवरी 2026 में माही और टेलीविजन अभिनेता जय भानुशाली द्वारा अपने 14 साल के वैवाहिक जीवन के अंत की घोषणा के कुछ महीनों बाद हुई है।

पूर्व दंपति की एक बेटी तारा है और वे अपने गोद लिए बच्चों खुशी और राजवीर की परवरिश भी कर रहे हैं। यह बयान ऐसे समय में आया है जब उनके प्रशंसकों को उनके निजी जीवन को लेकर उत्सुकता है और वे उनके अगले कदम का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच, जय भानुशाली ने हाल ही में बताया कि बिग बॉस 20 में माही विज की भागीदारी ने उन्हें अपनी बेटी तारा के साथ अधिक समय बिताने का अवसर दिया है। इंस्टाग्राम पर अपने प्रशंसकों से बातचीत के दौरान जय ने बताया कि माही की अनुपस्थिति में तारा के साथ अधिक समय बिताने से उनका और तारा के साथ रिश्ता और मजबूत हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि वह माही को रियलिटी शो में जारी रखना चाहते थे।

सूर्या: का दमदार टीज़र रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के जन्मदिन पर उनकी आगामी फिल्म 'सूर्या- अंत से आरंभ तक' का दमदार टीज़र रिलीज कर दिया गया है। एम. पद्मकुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सनी देओल एक बिल्कुल अलग और गंभीर अंदाज में नजर आ रहे हैं। फिल्म की कहानी एक ऐसे शख्स के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने अतीत के दर्द से जूझते हुए मेडिकल सिस्टम के भीतर छिपी एक बड़ी साजिश का पर्दाफाश करने निकलता है। क्राइम थ्रिलर से भरपूर टीज़र में भावनात्मक उतार-चढ़ाव, जांच-पड़ताल, रहस्य और एक्शन की झलक देखने को मिलती है। 19 अक्टूबर को सनी देओल के जन्मदिन के मौके पर फिल्म के निर्माताओं ने इसका टीज़र जारी किया। इससे पहले फिल्म के मोशन पोस्टर को दर्शकों और अभिनेता के प्रशंसकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। पोस्टर में सनी देओल का रफ एंड टफ लुक, चेहरे पर उम्र का असर और उनकी गंभीर नजरें चर्चा में रही थीं। अब टीज़र ने फिल्म की कहानी को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी है। टीज़र से संकेत मिलता है कि 'सूर्या' की कहानी केवल एक व्यक्ति के संघर्ष तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके तार एक ऐसे सिस्टम से जुड़े हैं।



कबूतर में मुख्य भूमिका निभाएंगे नवाजुद्दीन सिद्दीकी

बॉलीवुड के लेखक-निर्देशक इशान शर्मा की पहली फीचर फिल्म कबूतर में बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिका निभाते नज़र आएंगे। इस अनोखी फिल्म की मुख्य शूटिंग 2027 की शुरुआत में दिल्ली में शुरू होने वाली है, जो पुरानी दिल्ली की जर्जर होती इमारतों और वहां की अनूठी दुनिया की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी। कबूतर का निर्माण निखिल चौधरी की कंपनी एमडीसी फिल्मवर्क्स कर रही है। यह भारत, फ्रांस और नॉर्वे के बीच एक महत्वाकांक्षी अंतरराष्ट्रीय सह-निर्माण है, जिसमें भारत की एमडीसी फिल्मवर्क्स, फ्रांस की हायकू फिल्म्स और नॉर्वे की रैन फिल्म शामिल हैं। भारतीय पक्ष से रोहित सक्सेना सह-निर्माता की भूमिका निभा रहे हैं। कबूतर की कहानी महबूब नाम के एक सड़कछाप जासूस के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी ज़िंदगी में अनोखे तरीके से काम करता है। महबूब गुप्त रूप से जिन्न के नाम लिखे गए खत पढ़ता है, ताकि संभावित ग्राहक तलाश सके।

इसी दौरान उसकी मुलाकात नाओको से होती है, जो जापान से आई एक पर्यटक है और अपने अतीत के दर्द से जूझ रही है। कहानी में रूबी नाम का एक छोटा बच्चा भी है, जो अपने माता-पिता की तलाश में है। फिल्म में अनोखेपन, भावनात्मक गहराई और मानवीय अनुभवों के विरोधाभासों को एक अलग अंदाज़ में पेश किए जाने की उम्मीद है, और इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपने अभिनय का एक बिल्कुल नया पहलू दिखाते नज़र आएंगे।

नवाजुद्दीन सिद्दीकी को फिल्म में मुख्य भूमिका के लिए चुने जाने पर निर्माता निखिल चौधरी ने कहा, नवाज़ असाधारण अभिनय क्षमता वाले कलाकार हैं। वह गैंग्स ऑफ वासेपुर में खतरनाक नज़र आ सकते हैं, तो द लंचबॉक्स में उनका अभिनय दिल को छू लेने वाला और बेहद कोमल हो सकता है। वह उन चुनिंदा भारतीय अभिनेताओं में से हैं, जिनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मजबूत पहचान है। उनकी फिल्में कई बार कान फिल्म महोत्सव तक पहुंची हैं और उन्हें इंटरनेशनल एमी के लिए भी नामांकित किया गया है। भारत-फ्रांस-नॉर्वे के सह-निर्माण वाली फिल्म कबूतर को दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंचाने के लिहाज़ से यह बेहद अहम है। उन्होंने आगे कहा, इसके अलावा, नवाज़ दिल्ली को गहराई से जानते हैं। इशान और मेरे लिए यह फिल्म इस शहर के प्रति प्रेम-पत्र की तरह है। हमें ऐसे अभिनेता की ज़रूरत थी, जो दिल्ली को समझ सके, उसे महसूस कर सके और अपने अभिनय में जीवंत कर सके। नवाज़ ये तीनों खूबियां रखते हैं। पिछले कई वर्षों में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने भारतीय सिनेमा के सबसे विशिष्ट अभिनेताओं में अपनी जगह बनाई है। जटिल, असामान्य और गहराई से मानवीय किरदारों को सहजता से निभाने की उनकी क्षमता ने उन्हें खास पहचान दिलाई है। उनकी चर्चित फिल्मों में अनुराग कश्यप की गैंग्स ऑफ वासेपुर, रितेश बत्रा की द लंचबॉक्स और नंदिता दास की मंटो शामिल हैं।



उड़ता तीर मूवी रिव्यू : आयुष्मान खुराना की कॉमेडी और कन्फ्यूजन से भरपूर फिल्म, हंसते-हंसते हो जाएंगे लोटपोट

कल्पना कीजिए कि पाकिस्तान का एक खुफिया एजेंट भारत में एक हादसे का शिकार हो जाता है और अपनी याददाश्त खो बैठता है। होश में आने पर उसे लगता है कि वह भारत का काउंटर-इंटेलिजेंस ऑफिसर है। बस, इसी गड़बड़ी से शुरू होता है फिल्म 'उड़ता तीर' का मजेदार सफर, जहां गलतफहमियां, उलझनें और हास्यास्पद हालात एक के बाद एक सामने आते हैं। आकाश ए. कौशिक के निर्देशन और लेखन में बनी यह फिल्म अपनी मजेदार कहानी, चुटीले डायलॉग और शानदार कॉमिक टाइमिंग के दम पर दर्शकों को हंसाने की कोशिश करती है। फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक भी कई मौकों पर कॉमेडी का मजा बढ़ा देता है। 'उड़ता तीर' में जिस तरह की उलझनें दिखाई गई हैं, वे कई बार इतनी अजीब और मजेदार होती हैं कि हंसी अपने आप छूट जाती है। फिल्म के डायलॉग कहानी की जान हैं। कलाकारों की कॉमिक टाइमिंग और एक-दूसरे के साथ उनकी केमिस्ट्री सीन को मजेदार बनाती है। बैकग्राउंड म्यूजिक भी सही समय पर कॉमेडी के साथ मेल मिलाता है और कई सीन का असर बढ़ा देता है।





अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने मनोज बाजपेयी के बयान का किया समर्थन

- कहा - नकारात्मकता से हटकर सकारात्मक नजरिया अपनाने की जरूरत

बॉलीवुड की बहुमुखी प्रतिभा की धनी अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने हाल ही में अपने सह-कलाकार और वरिष्ठ अभिनेता मनोज बाजपेयी के उस बयान का पूर्ण समर्थन किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि किसी भी व्यक्ति को केवल उसके पेशे के आधार पर आंकना सही नहीं है। दिव्या दत्ता का मानना है कि समाज में हर क्षेत्र और पेशे में अच्छे और बुरे दोनों तरह के लोग मौजूद होते हैं, इसलिए कुछ व्यक्तियों की गलतियों के कारण पूरे विभाग या संस्था को कठघरे में खड़ा करना न्यायसंगत नहीं है। उनका यह बयान फिल्म उद्योग और आम जनता के बीच एक नई चर्चा को जन्म दे रहा है।

हाल के दिनों में मुंबई में अभिनेता टाइगर श्रॉफ के आवास के बाहर हुई गोलीबारी की घटना और दिल्ली-मुंबई में पुलिस प्रशासन की आलोचना के संदर्भ में मनोज बाजपेयी ने निष्पक्ष दृष्टिकोण रखने की बात कही थी। उसी मुद्दे पर आगे बढ़ते हुए दिव्या दत्ता ने कहा कि मनुष्य का स्वभाव अक्सर ऐसा होता है कि वह अच्छी और सकारात्मक बातों को नजरअंदाज कर देता है और नकारात्मक चीजों की ओर बहुत तेजी से आकर्षित होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक हम किसी व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से नहीं जान लेते, तब तक केवल उसकी वर्दी या उसके पेशे को देखकर उसके चरित्र का फैसला करना अनुचित है।

दिव्या दत्ता ने इस बात पर चिंता जताई कि आजकल लोग सकारात्मक पहलुओं को पीछे छोड़कर नकारात्मक खबरों को जल्दी पकड़ लेते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस हो या कोई अन्य पेशा, उसमें कई ऐसे लोग होते हैं जो अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करते हैं। ऐसे में कुछ काली भेड़ों की वजह से पूरे तंत्र पर सवाल उठाना उन लोगों के मनोबल को तोड़ता है जो दिन-रात निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा में लगे हुए हैं। इसलिए समाज को अपना नजरिया बदलने की सख्त जरूरत है।

काम की बात करें तो दिव्या दत्ता और मनोज बाजपेयी के साथ फिल्म गजब रात में अभिनय करते नजर आई। इस फिल्म को लेकर पहले काफी विवाद हुआ था और इसका शुरुआती शीर्षक घूसखोर पंडित रखा गया था, जिसे बाद में जनभावनाओं का सम्मान करते हुए बदलकर गजब रात कर दिया गया। रितेश शाह के निर्देशन में बनी और प्रसिद्ध निर्माता नीरज पांडे की कंपनी फ्राइडे स्टोरीटेलर्स द्वारा निर्मित यह फिल्म चर्चा का विषय बनी हुई हैं।



दीपावली पर आतिशबाजी की दुकानों में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन कराएं : जिलाधिकारी

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने दीपावली के मद्देनजर आतिशबाजी के थोक एवं फुटकर विक्रेताओं और निर्माताओं के साथ बैठक कर अग्निशमन और विद्युत सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आतिशबाजी की अस्थायी दुकानों के प्रत्येक समूह में अधिकतम 50 दुकानें हों और प्रत्येक समूह के लिए कम से कम दो अग्निशमन वाहन उपलब्ध रहें। दुकानों का निर्धारण उपलब्ध अग्निशमन संसाधनों के आधार पर ही किया जाए। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, विद्यालयों, रेलवे लाइनों, उच्च क्षमता वाली विद्युत लाइनों और कारखानों से निर्धारित सुरक्षित दूरी का पालन अनिवार्य होगा।

उन्होंने दुकानों में सुरक्षित विद्युत तारों, उचित वायरिंग और अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। अस्थायी दुकानों को संचालित करने से पहले विद्युत सुरक्षा निरीक्षण और आवश्यक प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा। दुकानों के सामने अतिक्रमण, ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण और असुरक्षित तरीके से आतिशबाजी रखने पर रोक रहेगी।

जिलाधिकारी ने वैध अनुज्ञापत्र के बिना आतिशबाजी की बिक्री और निर्धारित स्थल से अलग भंडारण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रतिबंधित आतिशबाजी की बिक्री रोकने, पर्यावरण अनुकूल पटाखों को प्रोत्साहित करने तथा ध्वनि और समय संबंधी नियमों का पालन कराने पर भी जोर दिया।

उन्होंने अग्निशमन विभाग, विद्युत सुरक्षा विभाग, पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीमों से दुकानों का निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। कहा कि दीपावली पर जनसुरक्षा सर्वोपरि है और सभी विभाग आपसी समन्वय से दुर्घटनारहित त्योहार सुनिश्चित करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुभाष कुमार, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

युवती से छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करने का आरोप, मां को तमंचे से गोली मारने की धमकी देने की शिकायत

फर्रुखाबाद। मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में एक युवती के साथ कथित छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने आरोपी पर विरोध करने पर तमंचे से गोली मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, आजाद नगर निवासी कुलदीप पुत्र राजकिशोर सैनी पर आरोप है कि उसने महिला की पुत्री के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें कीं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने युवती को जमीन पर गिराकर दबा लिया। घटना की शिकायत करने पर उसने महिला को तमंचे से गोली मारने की धमकी भी दी। इस मामले में पीडिता की तहरीर पर मोहम्मदाबाद कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।

बाबू ब्रजनंदन लाल के योगदान से गौरवान्वित हुआ फर्रूखाबाद, किसानों और महिलाओं के उत्थान के लिए अंग्रेजी हुकूमत से लिया था लोहा

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



जिले के इतिहास में बाबू ब्रजनंदन लाल का नाम सामाजिक सेवा, किसान हितों, शिक्षा और सहकारिता आंदोलन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महापुरुष के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने अंग्रेजी शासन के दौरान किसानों, मजदूरों, वंचितों और आम जनता के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। सहकारिता व्यवस्था को मजबूत करने से लेकर महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने तक उनके प्रयासों ने समाज को नई दिशा देने का काम किया। उनकी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उनके जीवन, संघर्ष और समाजसेवा को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि 25 अक्टूबर का दिन फर्रुखाबाद के लिए गौरव का अवसर है। जिले के बढ़पुर गांव में जन्मे बाबू ब्रजनंदन लाल ने अपने कार्यों से न केवल स्थानीय समाज को प्रभावित किया, बल्कि किसानों और आम नागरिकों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए भी महत्वपूर्ण पहल की।

बाबू ब्रजनंदन लाल को सहकारिता आंदोलन के प्रमुख अग्रदूतों में गिना जाता है। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के दौरान सहकारिता बैंक की स्थापना के लिए प्रयास किए, ताकि किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण मिल सके और आम जनता को बचत तथा आर्थिक सहायता की सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

बाबू ब्रजनंदन लाल ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य के रूप में छह वर्ष तक कार्य किया। इस दौरान उन्होंने किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। अंग्रेजी शासन के दौरान जनता पर लगाए जाने वाले लगान और मालगुजारी के बोझ को कम कराने के लिए उन्होंने प्रयास किए। किसानों और गरीब परिवारों को राहत दिलाने के उद्देश्य से प्रस्ताव रखे तथा उनकी समस्याओं को शासन के सामने मजबूती से प्रस्तुत किया।

उस दौर में महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा के सामने अनेक सामाजिक बाधाएं थीं। बाबू ब्रजनंदन लाल ने इन कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाते हुए महिलाओं और बालिकाओं के लिए राजकीय विद्यालय खोले जाने की मांग की। उन्होंने विधान परिषद में इस विषय को तर्कों के साथ उठाया और शिक्षा के विस्तार पर जोर दिया।

उनकी जनसेवा का दायरा केवल राजनीति तक सीमित नहीं था। धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही। रामलीला के आयोजन के लिए उन्होंने एक बड़े मैदान का दान दिया। बढ़पुर में शीतला माता मंदिर का भव्य निर्माण कराया और मंदिर की व्यवस्था को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए ट्रस्ट की स्थापना कराई। बताया जाता है कि इस ट्रस्ट में जिलाधिकारी, तहसीलदार और उनके परिवार के सदस्यों को शामिल किया गया, ताकि मंदिर का संचालन प्रशासनिक देखरेख में किया जा सके।

बाबू ब्रजनंदन लाल ने फर्रुखाबाद में स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधाओं के विस्तार के लिए भी अपनी निजी भूमि दान की। जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उन्होंने मिशन अस्पताल की स्थापना के लिए भूमि दी। इसी तरह युवाओं को शिक्षित करने और उनके भविष्य को बेहतर बनाने के लिए क्रिश्चियन इंटर कॉलेज के निर्माण हेतु भी अपनी निजी भूमि दान की।

कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष आदित्य कटियार, कोषाध्यक्ष विभव कटियार, सुमित गंगवार, राजेश सैनी, अंकुर कटियार, धर्मेंद्र कनौजिया, सचिन कटियार, मीडिया प्रभारी अमित वर्मा, रितेश वर्मा, अंशुल सिंह, राजेश गुप्ता और संजय कटियार सहित संस्था के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

गाली-गलौज के बाद मारपीट, धारदार हथियार से सिर पर वार करने का आरोप

फर्रुखाबाद। नवाबगंज थाना क्षेत्र के पत्यौरा गांव में गाली-गलौज के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने दो लोगों पर लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट करने का आरोप लगाया है। वहीं, एक आरोपी पर धारदार हथियार से सिर पर वार करने का भी आरोप है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पत्यौरा गांव निवासी बृजेश कुमार पुत्र शिवराज सिंह ने शिकायत में बताया कि बलोखर गांव निवासी दुर्बेन्द्र सिंह पुत्र रामप्रकाश समेत दो लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज की और लात-घूंसों व लाठी-डंडों से मारपीट की। आरोप है कि इसी दौरान दुर्बेन्द्र सिंह ने धारदार हथियार से उनके सिर पर वार कर दिया। इस मामले में बृजेश कुमार की तहरीर पर नवाबगंज थाने में मुकदमा दर्ज की गई है।

दहेज उत्पीड़न के बाद विवाहिता की मौत, मां ने ससुराल पक्ष के खिलाफ दी तहरीर

यूथ इंडिया, शमसाबाद



शमशाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला लाडमपुर में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के साथ कथित मारपीट और शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न का मामला सामने आया है। विवाहिता की मौत के बाद उसकी मां ने पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, मैनपुरी जिले के किशनी थाना क्षेत्र के रसपुरा गांव निवासी विनीता देवी, पत्नी स्वर्गीय पिंडू चारू, वर्तमान में ज्योति रोड मैनपुरी में रहती हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी अंजू की शादी करीब एक वर्ष पहले शमशाबाद के मोहल्ला लाडमपुर निवासी गौतम पुत्र रमेश के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज की मांग को लेकर अंजू को प्रताड़ित किया जाने लगा। शिकायत में पति गौतम, ससुर रमेश पुत्र चोखेलाल, सास फूलादेवी पत्नी रमेश चंद्र, ननद चंचल और गौतम के बहनोई रामवीर निवासी बरैनी, थाना छिबरामऊ को आरोपी बनाया गया है।

मां का आरोप है कि ससुराल में कथित मारपीट और उत्पीड़न के चलते अंजू की हालत बिगड़ गई थी। ससुराल पक्ष से सूचना मिलने के बाद वह 17 सितंबर को अपनी बेटी को अपने साथ ले आई थीं। इस संबंध में उसी दिन शमशाबाद थाने में भी शिकायत की गई थी। परिजनों के मुताबिक, अंजू का पहले पांच दिन तक एक निजी अस्पताल में उपचार कराया गया। हालत में सुधार न होने पर उसे सैफई अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। दो अक्टूबर को शव का पोस्टमार्टम कराया गया था।

विनीता देवी का कहना है कि उनकी बेटी ने मृत्यु से पहले उन्हें बताया था कि दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की जाती थी और शारीरिक उत्पीड़न भी किया जाता था। मां ने अपनी शिकायत में ससुराल पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित परिवार ने 24 अक्टूबर को शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर मामले में रिपोर्ट दर्ज करने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है। मामले में पुलिस की कार्रवाई के संबंध में अभी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है।

सोने के आभूषण और 7.86 लाख रूपये रिलीज कराने की अर्जि खारिज

न्यायालय ने मालखाने में सुरक्षित रखने के दिए निर्देश

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

कोतवाली फर्रुखाबाद में दर्ज जेवरात चोरी के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने वादी प्रशांत वर्मा की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया है। वादी ने मामले में जब्त सोने के आभूषण और 7,86,150 रुपये अपने पक्ष में रिलीज करने की मांग की थी। अदालत ने संपत्ति के स्वामित्व को लेकर स्पष्टता न होने के आधार पर उसे मालखाने में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं।

मोहल्ला कूंचा भवानी दास निवासी सर्राफ प्रशांत वर्मा ने 22 जून 2026 को कोतवाली फर्रुखाबाद में जेवरात चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि सिमरन वर्मा उनके घर आई थीं और उनकी पत्नी को कोल्ड ड्रिंक में कोई पदार्थ मिलाकर बेहोश कर दिया था। इसके बाद अलमारी से सोने की हाथ की चूड़ियों समेत करीब 100 ग्राम वजन के आभूषण चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया गया था। शिकायत में चोरी गए जेवरात की कीमत करीब 14 लाख रुपये बताई गई थी। यह मामला अपराध संख्या 128/26 के तहत दर्ज है।

अधिवक्ता विजय प्रताप सिंह के अनुसार, अदालत में सुनवाई के दौरान अभियुक्ता सिमरन वर्मा की ओर से वादी के प्रार्थना पत्र पर आपत्ति दर्ज कराई गई। बचाव पक्ष ने जब्त आभूषणों और अन्य संपत्ति पर वादी के दावे को चुनौती देते हुए कहा कि बरामद संपत्ति अभियुक्ता की है। साथ ही, वादी की ओर से प्रस्तुत बिल और दस्तावेजों की स्वीकार्यता पर भी सवाल उठाए गए। अदालत ने पत्रावली और प्रस्तुत तथ्यों का अवलोकन करने के बाद संपत्ति के स्वामित्व को लेकर स्पष्टता नहीं पाई। इसके बाद प्रशांत वर्मा की ओर से जब्त सोने के आभूषण और 7,86,150 रुपये रिलीज कराने के लिए दाखिल प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया गया। अदालत ने विवादित संपत्ति को मालखाने में सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है।

हालांकि, प्रार्थना पत्र खारिज होने और संपत्ति को मालखाने में सुरक्षित रखने के आदेश को अपने आप में चोरी के मुकदमे को झूठा घोषित करने या किसी पक्ष के दोषी अथवा निर्दोष होने का अंतिम निर्णय नहीं माना जा सकता। मामले में आरोपों की सत्यता और संपत्ति के वास्तविक स्वामित्व का निर्धारण संबंधित न्यायिक प्रक्रिया के तहत होगा।

देशी शराब बरामद, युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज



फर्रुखाबाद। शमशाबाद थाना पुलिस ने संतोषापुर गांव निवासी सोवित के कब्जे से 18 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद होने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, संतोषापुर गांव निवासी सोवित पुत्र जयसिंह के पास से देशी शराब के 18 पव्वे बरामद किए गए। इस संबंध में उपनिरीक्षक सुरेश कुमार की तहरीर पर शमशाबाद थाने में मुकदमा अपराध संख्या 209/26 के तहत धारा 60 आबकारी अधिनियम में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि मामले में नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।

अमृतपुर में मतदाता सूची संशोधन को लेकर सक्रिय हुए सपा कार्यकर्ता

बूथ संख्या 48 से 53 तक बीएलओ से की मुलाकात, नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने पर दिया जोर

यूथ इंडिया, अमृतपुर



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के निर्देश पर विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान के तहत अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र में सपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाई। इसी क्रम में कार्यकर्ताओं ने बूथ संख्या 48, 49, 50, 51, 52 और 53 पर मतदाता सूची का अवलोकन करने तथा उसमें आवश्यक संशोधन कराने के संबंध में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से मुलाकात की।

इस दौरान नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने, नाम व पते में त्रुटियों को ठीक कराने तथा पात्र मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित कराने पर जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अनावश्यक दौड़भाग करने के बजाय अपने-अपने निर्धारित बूथों पर रहकर मतदाता सूची की बारीकी से जांच करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रह जाए।

सपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि बूथ स्तर पर मतदाता सूची को दुरुस्त रखना और पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने की प्रक्रिया में सहयोग करना महत्वपूर्ण है। अभियान के माध्यम से संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने के साथ मतदाता पंजीकरण संबंधी कार्यों में सक्रिय भागीदारी पर भी बल दिया गया।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला सचिव शैलेश अवस्थी, बूथ अध्यक्ष मोनू पाठक आदि मौजूद रहे।

खेत पर कब्जे का विरोध करने पर दंपत्ति से मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का आरोप

यूथ इंडिया, शमसाबाद

थाना क्षेत्र के समैचीपुर चितार गांव में खेत पर कथित रूप से जबरन कब्जा करने का मामला सामने आया है। खेत तैयार करने पहुंची महिला और उसके पति ने विरोध किया तो गांव के ही कुछ लोगों पर गाली-गलौज और मारपीट करने के साथ जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित दंपती ने जिलाधिकारी फर्रुखाबाद को शिकायती पत्र देकर जमीन को कथित कब्जे से मुक्त कराने और न्याय दिलाने की मांग की है।

समैचीपुर चितार निवासी नन्दी बेगम पत्नी शहन मोहम्मद होशियार ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी पांच बीघा जमीन है, जिस पर वह पिछले 15 वर्षों से खेती करती आ रही हैं। आरोप है कि 20 अक्टूबर को वह खेत तैयार करने के लिए पहुंचीं, तभी गांव के कुछ लोग वहां आ गए और उन्हें खेत में काम करने से रोकने लगे।

शिकायत के अनुसार, जाकिर पुत्र छोटे, इकबाल पुत्र उसमान, कमरुद्दीन पुत्र बरकत अली, अकबन पुत्र उसमान, नईम पुत्र मुनीम और आरिफ पुत्र जाकिर समेत अन्य लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज की और मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। नन्दी बेगम के मुताबिक, आरोपियों ने उन्हें खेत पर दोबारा आने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बाद उनकी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया, जिससे उनके सामने खेती करने और अपनी जमीन का उपयोग करने की समस्या खड़ी हो गई है। घटना के बाद पीड़ित दंपती ने जिलाधिकारी से शिकायत कर मामले की जांच कराने, जमीन को कथित कब्जे से मुक्त कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में प्रशासन की जांच और संबंधित अधिकारियों की कार्रवाई के बाद ही आरोपों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

18 पव्वे देशी शराब बरामद

फर्रुखाबाद। मेरापुर थाना पुलिस ने अचरा निवासी नंदकिशोर के कब्जे से 18 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद होने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, अचरा निवासी नंदकिशोर पुत्र दामोदर के कब्जे से 18 पव्वे देशी शराब बरामद किए गए। इस संबंध में उपनिरीक्षक शेखर सैनी की तहरीर पर मेरापुर थाने में मुकदमा दर्ज किया है।

कोल्ड स्टोरेज से बीज लेने जा रहे बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

यूथ इंडिया, कमालगंज



कमालगंज क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव कैटहा निवासी 40 वर्षीय सोनू अपने साथी गांव ककरैय्या निवासी मनोहर उर्फ मुन्ना राजपूत के साथ खेत में बोआई के लिए लवकुश कोल्ड स्टोरेज से आलू का बीज लेने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि रास्ते में खुदागंज के समीप स्थित पेट्रोल पंप पर तेल लेने के लिए जैसे ही उन्होंने बाइक मोड़ी, तभी फर्रुखाबाद से गुरसहायगंज की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर सवार दोनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सोनू की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

20 पव्वे देशी शराब बरामद, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद। जहानगंज थाना पुलिस ने आलूपुर गांव निवासी संतराम के कब्जे से देशी शराब के 20 पव्वे बरामद होने के मामले में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, बरामद शराब बब्बर शेर मिरिंडा ब्रांड की है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, आलूपुर गांव निवासी संतराम पुत्र नेकराम के पास से 20 पव्वे देशी शराब बरामद किए गए। इस संबंध में जहानगंज थाने के उपनिरीक्षक कुंवरवीर सिंह की तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 202/26 के तहत धारा 60 आबकारी अधिनियम में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि मामले में नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।

ढाईघाट मार्ग पर दो बाइकों की टक्कर, भाई-बहन समेत पांच घायल, युवती गंभीर

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

शमशाबाद-ढाई घाट-शाहजहांपुर मार्ग पर बिरिया डांडा के पास शनिवार को दो बाइकों की टक्कर में भाई-बहन समेत पांच लोग घायल हो गए। हादसे में 19 वर्षीय युवती शिवांगी को गंभीर चोटें आईं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में प्राथमिक उपचार के बाद उसे डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, अमृतपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत किराचन नगला रामप्रसाद निवासी अंशुल यादव अपनी बहन शिवांगी (19) के साथ बाइक से शमशाबाद आ रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही दूसरी बाइक ने बिरिया डांडा के पास उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। बताया गया कि दूसरी बाइक पर शाहजहांपुर जिले के अल्लाहगंज थाना क्षेत्र के दाहिना मनिहार निवासी अवनीश कुमार, उसका छोटा भाई रजनीश कुमार और पिता आनंद कुमार सवार थे। तीनों गढ़िया सौदान गांव में अपनी बुआ के घर जा रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पीछे से आई बाइक अनियंत्रित हो गई और आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अंशुल की बाइक सड़क पर गिर गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार लोग घायल हो गए। शिवांगी को गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद मौके पर शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण पहुंच गए। लोगों ने घायलों को सड़क से उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद पहुंचाया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. अलीम अंसारी के अनुसार, घायलों को उपचार दिया गया। दो घायलों का सीएचसी में इलाज किया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल शिवांगी को प्राथमिक उपचार के बाद फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने दोपहिया वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और हेलमेट पहनकर ही सफर करने की अपील की। उनका कहना था कि हेलमेट दुर्घटना के दौरान सिर में गंभीर चोट लगने का खतरा कम कर सकता है। लोगों ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने और युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की जरूरत भी बताई।

ज्ञानफोर्ड इन्नोवेटिव स्कूल में प्लास्टिक मुक्त अभियान पर प्रदर्शनी

दक्षिणा सिंह को मिला बेस्ट मॉडल अवार्ड

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



जिला गंगा समिति के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत याकूतगंज स्थित ज्ञानफोर्ड इन्नोवेटिव स्कूल में प्रदर्शनी सहित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के निर्देशन में जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने कार्यक्रम का आयोजन कराया। इसमें विद्यार्थियों ने प्लास्टिक मुक्त अभियान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्लास्टिक वेस्ट मटेरियल से तैयार की गई विभिन्न उपयोगी वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई।

विद्यार्थियों ने बेकार प्लास्टिक सामग्री का रचनात्मक उपयोग करते हुए आकर्षक और उपयोगी मॉडल तैयार किए। इन मॉडलों के माध्यम से प्लास्टिक कचरे के पुनः उपयोग और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से जिला गंगा समिति की ओर से संचालित गतिविधियों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रयासों की जानकारी भी दी गई।

विद्यालय के प्रबंधक विमल राठौर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि दैनिक जीवन में प्लास्टिक और पॉलीथिन के इस्तेमाल से बचना चाहिए। यदि इनका उपयोग करना आवश्यक हो, तो इन्हें फेंकने के बजाय दोबारा इस्तेमाल करने की आदत विकसित करनी चाहिए।

जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की थीम 'स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत विकसित भारत' है। इसका उद्देश्य लोगों की भागीदारी से स्वच्छता को बढ़ावा देना और देश के विकास में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि जब हमारे आसपास का वातावरण स्वच्छ रहता है, तो सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर ही स्वच्छ और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, गंगा संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, जल संरक्षण और वन्यजीव संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई। प्रदर्शनी में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान दक्षिणा सिंह को उनके उत्कृष्ट मॉडल के लिए बेस्ट मॉडल अवार्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों से पौधरोपण कराया गया और उन्हें पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर गंगा योद्धा सुमित कुमार, विकास, घनश्याम सहित विद्यालय के अन्य लोग उपस्थित रहे।

डंपर की टक्कर से मजदूर की मौत, पांच बेटियों और बेटे के सिर से उठा पिता का साया

यूथ इंडिया, मोहम्मदाबाद



थाना क्षेत्र के इटावा-बरेली हाईवे पर नगला समई मोड़ के निकट डंपर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है।

नगला बबूरी निवासी हरिराम जाटव का 36 वर्षीय पुत्र जितेंद्र जाटव बाजार मुरहास कन्हिया से अपने गांव लौट रहा था। नगला समई मोड़ के पास ई-रिक्शा से उतरते समय मोहम्मदाबाद की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जितेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरों की सूचना पर डायल 112 और थाना पुलिस मौके पर पहुंची। डायल 108 एंबुलेंस से घायल को जिला अस्पताल राम मनोहर लोहिया ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिले मेमो के आधार पर हल्का प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक तिवारी ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को मोर्चरी में रखवा दिया।

मृतक मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। वह पांच भाइयों में तीसरे नंबर पर था। उसके परिवार में पत्नी विनीता गौतम, पांच बेटियां राधा (14), ज्योति (12), संध्या (10), आरती (8) और गौरी (1) तथा छह वर्षीय पुत्र कन्हैया है। हादसे में परिवार के कमाने वाले सदस्य की मौत से घर में मातम छा गया। पत्नी विनीता गौतम और मां कृष्णा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

पत्नी से मारपीट के मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज



फर्रुखाबाद। मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के टीका नगला गांव में एक महिला के साथ कथित गाली-गलौज और मारपीट के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, गांव निवासी विजयपाल पुत्र स्वर्गीय बिहारी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि पूनम पत्नी रामू समेत दो लोगों ने उनकी पत्नी के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। मामले में न्यायालय के आदेश पर पहले दर्ज एनसीआर में संशोधन करते हुए मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले में विधिक कार्रवाई कर रही है।

डीआईजी जेल सुभाष चंद्र शाक्य ने किए जैन श्वेतांबर मंदिर के दर्शन, पुखराज डागा ने पगड़ी पहनाकर किया सम्मानित

यूथ इंडिया, कंपिल



ऐतिहासिक एवं पौराणिक तीर्थनगरी कंपिल में शनिवार सुबह डीआईजी (जेल) सुभाष चंद्र शाक्य प्रसिद्ध जैन श्वेतांबर मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान के दर्शन किए। इस अवसर पर समाजसेवी पुखराज डागा ने उन्हें पारंपरिक तरीके से पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। मंदिर परिसर में मौजूद लोगों ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया और फूल-मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान मंदिर में धार्मिक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

समाजसेवी पुखराज डागा ने डीआईजी जेल को कंपिल के ऐतिहासिक, पौराणिक एवं धार्मिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जैन धर्म के 13वें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ से जुड़े धार्मिक प्रसंगों से भी उन्हें अवगत कराया। डागा ने बताया कि कंपिल प्राचीन काल से ही जैन धर्म के प्रमुख तीर्थस्थलों में शामिल रहा है। यहां स्थित जैन श्वेतांबर मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर की धार्मिक परंपराएं और ऐतिहासिक विरासत इस क्षेत्र को विशेष पहचान प्रदान करती हैं।

डीआईजी जेल सुभाष चंद्र शाक्य ने मंदिर की सुंदर बनावट और दीवारों पर की गई बारीक नक्काशी को देखकर सराहना की। उन्होंने मंदिर की कलात्मक शैली और धार्मिक महत्व में रुचि दिखाई। उल्लेखनीय है कि उन्होंने शुक्रवार को जिला जेल का निरीक्षण किया था। इसके बाद शनिवार सुबह कायमगंज में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के दौरान वह कंपिल स्थित जैन श्वेतांबर मंदिर पहुंचे। यहां दर्शन और पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने उपस्थित लोगों से मुलाकात की तथा मंदिर की विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के अंत में मंदिर में मौजूद लोगों ने डीआईजी जेल का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और सम्मानपूर्वक विदाई दी। इसके बाद सुभाष चंद्र शाक्य बरेली के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर नीरज पांडे, आरेंद्र यादव, राघव चंद्र शुक्ला, अजीत शाक्य, ऋषभ गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बस के नीचे आई वृद्धा, मामूली खरोंचों के साथ बची जान

यूथ इंडिया, मोहम्मदाबाद



कस्बे के मुख्य चौराहे पर शनिवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बेवर डिपो की चलती बस के नीचे आने के बावजूद 72 वर्षीय महिला की जान बच गई। महिला को मामूली खरोंचें आईं। मौके पर तैनात पीआरडी जवान की सतर्कता से महिला को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

बेवर डिपो की बस संख्या क्ष्8ञ्4ञ्8716 शनिवार दोपहर करीब 1ः30 बजे फर्रुखाबाद से लगभग 40 सवारियां लेकर इटावा जा रही थी। बस में शाहजहांपुर जनपद के थाना सिधौली क्षेत्र के गांव सिसैया निवासी 75 वर्षीय बलवीर सिंह अपनी 72 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी के साथ सवार थे। दंपती एटा जनपद के थाना नयागांव क्षेत्र के गांव अकबरपुर में अपनी पुत्री संजू के यहां नाती के जन्म पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। दोपहर करीब दो बजे बस मोहम्मदाबाद के मुख्य चौराहे पर सवारियां उतारने के लिए रुकी। बलवीर सिंह और उनकी पत्नी सुनीता देवी बस से उतर गए। बलवीर सामान लेकर बस के आगे से निकलने लगे, जबकि उनकी पत्नी उनके पीछे चल रही थीं। इसी दौरान बस चालक विजय कुमार निवासी गांव ब्यूती कला, थाना एलाऊ, जनपद मैनपुरी ने बस आगे बढ़ा दी। इससे सुनीता देवी बस के नीचे आ गईं।

चौराहे पर ड्यूटी कर रहे पीआरडी जवान केशव कुमार ने तत्काल चालक को आवाज देकर बस रुकवाई और महिला को बस के नीचे से बाहर निकलवाया। सुनीता देवी को मामूली खरोंचें आने पर उनके पति बलवीर सिंह ने राहत की सांस ली।

घटना के बाद ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड और पीआरडी जवान बस को चालक समेत थाने ले गए। वहीं, परिचालक गौरव कुमार ने बस में सवार यात्रियों को दूसरी बस में बैठाकर उनके गंतव्य के लिए रवाना किया। बलवीर सिंह ने कोई कानूनी कार्रवाई न कराने की बात कही। इसके बाद पत्नी का प्राथमिक उपचार कराकर वह अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए।

एसआईआर रद् करने और मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग, सौंपा ज्ञापन



यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत उत्तर प्रदेश किसान सभा ने शुक्रवार, 24 अक्टूबर को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। संयोजक बलवीर सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपकर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) रद् करने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग की।

ज्ञापन में मतदाता सूची से हटाए गए नागरिकों के मतदान अधिकार बहाल करने, चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने और चुनाव सुधार लागू करने की मांग उठाई गई। किसान सभा ने आनुपातिक प्रतिनिधित्व, चुनाव में धनबल पर रोक और चुनावों के राज्य वित्तपोषण की भी मांग की। प्रदर्शनकारियों ने शांतिपूर्ण आंदोलन करने वाले किसानों, छात्रों और युवाओं के कथित दमन पर भी विरोध जताया। उन्होंने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान बलवीर सिंह, सुनील कुमार कटियार, रामकुमार, संतोष कुमार, हरिनंदन सिंह यादव, अधिवक्ता अंकुश सिंह चौहान, अधिवक्ता चंद्रशेखर वर्मा सहित नागरिक समाज के कई लोग मौजूद रहे।

डीएम की मौजूदगी में धान की क्रॉप कटिंग संपन्न, प्रति हेक्टेयर 60.51 क्विंटल मिली उपज

- गांव में जिलाधिकारी ने कराया धान की उत्पादकता का आकलन, पारदर्शिता बरतने के दिए निर्देश

यूथ इंडिया, हरदोई



खरीफ फसलों की वास्तविक उत्पादकता का आकलन करने के उद्देश्य से तहसील सदर क्षेत्र के ग्राम बावन में जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की उपस्थिति में धान की क्रॉप कटिंग का कार्य संपन्न कराया गया। इस दौरान किए गए प्रयोग में धान की उत्पादकता 60.51 क्विंटल प्रति हेक्टेयर प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने क्रॉप कटिंग प्रक्रिया का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने कहा कि फसलों की वास्तविक पैदावार का सही आकलन किसानों के हितों से सीधे जुड़ा हुआ है। इसलिए क्रॉप कटिंग का कार्य पूरी पारदर्शिता, शुद्धता और निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के सभी चयनित क्षेत्रों में क्रॉप कटिंग के आंकड़े निर्धारित समय सीमा के भीतर संबंधित पोर्टल पर अपलोड किए जाएं।

फसल बीमा और क्षतिपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका

जिलाधिकारी ने बताया कि क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर फसलों की औसत उत्पादकता निर्धारित करने में सहायता मिलती है। ये आंकड़े भविष्य की कृषि योजनाओं, फसल बीमा और प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली क्षति के आकलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में रैंडम आधार पर चयनित खेतों में क्रॉप कटिंग प्रयोग कराए जा रहे हैं। यह कार्य राजस्व, कृषि एवं अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीम द्वारा किया जाता है, ताकि फसलों की औसत उपज का सटीक आकलन हो सके और पात्र किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर पर तहसीलदार सदर, अपर सांख्यिकीय अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

आग से पांच बीघा गन्ने की फसल जली, शिक्षक को हजारों का नुकसान

- कड़ी मशक्कत के बाद पाया गया आग पर काबू

यूथ इंडिया, शमसाबाद

शमशाबाद थाना क्षेत्र के रोशनाबाद गांव में अज्ञात कारणों से खेत में आग लगने से पांच बीघा गन्ने की तैयार फसल जलकर राख हो गई। घटना में शिक्षक अखिलेश कुमार गंगवार को हजारों रुपये का नुकसान होने की बात सामने आई है। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर जांच-पड़ताल की और नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को भेजने की बात कही है।

जानकारी के अनुसार, रोशनाबाद निवासी शिक्षक अखिलेश कुमार गंगवार ने रोशनाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग पर यात्री प्रतीक्षालय के निकट स्थित अपने खेत में पांच बीघा क्षेत्रफल में गन्ने की फसल तैयार की थी। बताया गया है कि बीते दिन सुबह करीब 10 बजे अचानक खेत में आग लग गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

खेत में आग की लपटें देखकर मार्ग से गुजर रहे राहगीरों में हलचल मच गई। उन्होंने तत्काल शिक्षक और उनके परिजनों को घटना की सूचना दी। जानकारी मिलते ही परिजन ग्रामीणों के साथ खेत पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, ग्रामीणों के प्रयासों के बावजूद आग पर काबू पाने तक गन्ने की तैयार फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी।

घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय लेखपाल सनोज कुमार मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। ग्राम प्रधान के अनुसार, आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। वहीं, लेखपाल ने बताया कि फसल के नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपी जाएगी। इसके बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उधर, आग लगने के कारणों को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कुछ ग्रामीणों ने आशंका जताई कि किसी राहगीर द्वारा बीड़ी या सिगरेट जलाकर खेत के पास फेंकने से आग भड़की हो सकती है। हालांकि, आग लगने की वास्तविक वजह की पुष्टि नहीं हुई है। इस घटना से शिक्षक को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

अभिव्यक्ति की गोष्ठी, कविता की कार्यशाला होते हैं लघु आयोजन



यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

नगर की प्रमुख साहित्यिक सामाजिक संस्था अभिव्यक्ति के तत्वावधान में संस्था के संरक्षक नलिन श्रीवास्तव के संचालन एवं शिक्षाविद सुभाष गंगवार की अध्यक्षता में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें विद्वानों ने अभी हाल में हुए दशहरे पर भगवान राम की रावण पर जीत अर्थात सत्य की असत्य पर विजय पर चर्चा की।

यह आयोजन पूर्व अध्यापक सुभाष गंगवार के निवास स्थान गुंजन बिहार कॉलोनी सातनपुर में हुआ जहां पर आसपास के तमाम लोगों ने मौजूद रहकर विद्वानों की वाणी का लाभ उठाया।कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका श्रीमती भारती मिश्रा की वाणी वंदना से हुआ इसके बाद संरक्षक नलिन श्रीवास्तव ने छोटी-छोटी गोष्ठियों की गुणवत्ता और उनसे साहित्य को मिलने वाली उपलब्धियां पर चर्चा करते हुए कहा कि यह छोटी-छोटी गोष्ठियां ही साहित्यकारों को उत्साहित करती हैं और नए लोगों की कलम को मजबूत करने का काम करती हैं ।बड़े आयोजन तो सिर्फ प्रदर्शन होते हैं जबकि वास्तव में कविता की कार्यशाला के रूप में यह छोटी गोष्ठियां ही महत्वपूर्ण हैं। इस मौके पर वरिष्ठ कवि प्रेमसागर ,डा.

राजीव गुप्ता, श्रीमती भारती मिश्रा, छंदकार राम अवतार शर्मा इंदु धीरज यादव, संजू यादव, जितेंद्र गंगवार, काव्या गंगवार, सुभाष गंगवार ने काव्य पाठ किया। गोष्ठी में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के तमाम लोगों ने मौजूद रहकर साहित्यिक चर्चा का श्रवण किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में सुभाष गंगवार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में हो भी होने चाहिए ताकि साहित्य की मशाल इन क्षेत्रों में जलकर ज्ञान की रोशनी पैदा कर सके। कार्यक्रम के संयोजक नलिन श्रीवास्तव ने सभी प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी सहयोग करते रहने की अपील की।

पिकअप में ढोए जा रहे स्कूली बच्चे मासूमों की जिंदगी से खिलवाड़!

- पिहानी बस स्टैंड पर यातायात पुलिस ने पकड़ी बच्चों से भरी पिकअप, किया चालान
- सुरक्षा नियमों की खुलेआम अनदेखी, बड़ा हादसा होने पर कौन जिम्मेदार?

यूथ इंडिया, हरदोई



स्कूली बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ का गंभीर मामला सामने आया है। यहां स्कूली बच्चों को सुरक्षित वाहन के बजाय पिकअप के खुले डाले में बैठाकर ले जाया जा रहा था। पिहानी बस स्टैंड पर यातायात पुलिस ने इस लापरवाही को पकड़ते हुए वाहन चालक का चालान कर दिया। इस घटना ने बच्चों की सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, पिहानी बस स्टैंड के पास एक पिकअप वाहन में स्कूली बच्चों को असुरक्षित तरीके से ले जाया जा रहा था। इसी दौरान यातायात पुलिस की नजर वाहन पर पड़ी। पुलिस ने वाहन को रोककर यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान की कार्रवाई की।

गौरतलब है कि पिकअप जैसे मालवाहक वाहन यात्रियों, विशेषकर स्कूली बच्चों को ढोने के लिए सुरक्षित नहीं माने जाते। अचानक ब्रेक लगने, वाहन के अनियंत्रित होने या दुर्घटना की स्थिति में बच्चों की जान को गंभीर खतरा हो सकता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर स्कूली बच्चों को इस तरह जोखिम में डालकर ले जाने की अनुमति किसने दी? क्या बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार लोग अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं?

फिलहाल यातायात पुलिस की चालान कार्रवाई के बाद यह मामला चर्चा में है। जरूरत है कि ऐसे वाहनों के खिलाफ नियमित जांच अभियान चलाया जाए, ताकि भविष्य में किसी मासूम की जिंदगी लापरवाही की भेंट न चढ़े।

कारोबार के नाम पर 10 लाख रूपये की मांग, दहेज उत्पीड़न का आरोप

- शादी में 25 लाख रूपये खर्च करने के बावजूद नहीं थमी अतिरिक्त दहेज की मांग, मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

यूथ इंडिया, हरदोई



दहेज उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां एक विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर कारोबार के नाम पर 10 लाख रुपये अतिरिक्त दहेज मांगने, मारपीट करने और जेवर छीनकर घर से निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने पति, देवर, सास और रिटायर्ड कानूनगो चाचा समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, अतरौली थाना क्षेत्र के गोड़वा गांव निवासी मनीषा मिश्रा ने महिला थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 19 अप्रैल 2024 को लखनऊ के मलिहाबाद निवासी शोभित पाण्डेय के साथ हुई थी। पीड़िता के मुताबिक, उसके परिजनों ने शादी में करीब 25 लाख रुपये खर्च किए थे। शादी के शुरुआती दिनों में सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन कुछ समय बाद ससुराल पक्ष ने कारोबार शुरू करने के लिए मायके से 10 लाख रुपये लाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया।

मांग पूरी न होने पर प्रताड़ना का आरोप

विवाहिता का आरोप है कि अतिरिक्त रुपये देने में असमर्थता जताने पर पति शोभित पाण्डेय, देवर शिवा पाण्डेय, सास संदीप पाण्डेय और रिटायर्ड कानूनगो चाचा नारायण पाण्डेय ने उसके साथ दुर्व्यवहार और मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता के अनुसार, 2 मार्च 2025 को ससुरालियों ने उसके जेवर छीन लिए और मारपीट कर घर से निकाल दिया।

पीड़िता ने तहरीर में यह भी आरोप लगाया कि 26 अगस्त 2026 को पति के चाचा नारायण पाण्डेय ने उसके पिता और भाई को धमकाया। साथ ही दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर शोभित की दूसरी शादी कराने की बात कही।

मामले में महिला थाना पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न संबंधी धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है। जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

जनगणना-2027 हेतु प्रशासन ने तेज की तैयारियां

- विकास भवन सभागार में सीडीओ ने नेहा व्याडवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक, अधिकारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश

यूथ इंडिया, हरदोई



जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत स्व-गणना की प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी नेहा व्याडवाल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपदवासियों को स्व-गणना की सुविधा के प्रति जागरूक करने और व्यापक प्रचार-प्रसार करने की रणनीति पर चर्चा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी नेहा व्याडवाल ने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। स्व-गणना की सुविधा के माध्यम से नागरिक निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन पोर्टल पर अपने परिवार से संबंधित आवश्यक जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। इससे जनगणना प्रक्रिया को सरल, सुगम और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना से संबंधित दिशा-निर्देशों का गांव से लेकर शहर तक व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आमजन को ऑनलाइन स्व-गणना की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस सुविधा का लाभ उठा सकें। प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि में स्व-गणना पोर्टल [https://se-census.gov.in](https://se-census.gov.in?utm_source=chatgpt.com) पर जाकर सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज करें। जानकारी सफलतापूर्वक जमा करने के बाद प्राप्त स्व-गणना पहचान संख्या (SEID) सुरक्षित रखें। गणनाकार के घर पहुंचने पर यह संख्या उपलब्ध कराएं, जिससे दर्ज विवरणों का सत्यापन किया जा सके।

बैठक में अपर जिलाधिकारी राजस्व दीपाली भार्गव, नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार, परियोजना निदेशक अशोक कुमार मौर्य, जिला प्रभारी जनगणना विनय कुमार वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथों का निरीक्षण

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने चुनाव आयोग द्वारा आयोजित विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के अवसर पर जनपद के कई बूथों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने बूथों पर मौजूद बीएलओ एवं पार्टी के बूथ पदाधिकारियों से मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने तथा मतदाता पंजीकरण की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान जिलाध्यक्ष ने बूथों पर मौजूद बीएलओ से पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने की प्रक्रिया को गंभीरता से पूरा करने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने से वंचित न रह जाए।उन्होंने जनपद के समस्त समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से भी आह्वान किया कि वे अपने-अपने बूथों पर सक्रिय रहकर मतदाता सूची का निरीक्षण करें तथा जिन पात्रमतदाताओं के नाम सूची में शामिल नहीं हैं,उन्हें नियमानुसार जुड़वाने में सहयोग करें।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष, सैनिक प्रकोष्ठ केके यादव,पूर्व जिला कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा एवं भोला यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सर्वाधिकार स्वामी एस.एम.के प्रकाशन प्रा. लि. शिवाजी नगर भोपतपट्टी नवीन मण्डी रोड फर्रुखाबाद-209602 उ.प्र. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक- शरद कटियार द्वारा एस.एम.के प्रकाशन प्रा. लि. शिवाजी नगर भोपतपट्टी नवीन मण्डी रोड फर्रुखाबाद 209602 उ. प्र. से मुद्रित एवं ई-417 मोतीझील, ऐशबाग लखनऊ-226004 से प्रकाशित। सम्पादक- शरद कटियार दूरभाष - 09452411978 Email-youthindiaheadoffice@gmail.com RNI No- UPHIN/2016/68199
समस्त समाचारों का चयन एवं सम्पादन हेतु T-R-V Act के अन्तर्गत उत्तरदायी समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।